।। श्री अभिनवचन्द्रेश्वरो विजयतेतमाम् ।।

श्री कैलासविद्यालोकस्य सोपानः

अथर्ववेदीया

मुण्डकोपनिषत्

सटिप्पणटीकाद्वयसमलङ्कृतशाङ्करभाष्योपेता

गोविन्दप्रसादिनी टिप्पणीपरिष्कर्ता

विद्यावाचस्पति महामण्डलेश्वर अनन्तश्री

स्वामी विष्णुदेवानन्दगिरि जी महाराज

राष्ट्रभाषाव्याख्याताः

कैलासपीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर अनन्तश्री

स्वामी विद्यानन्दगिरि जी महाराज



प्रकाशक – श्री कैलास आश्रम शताब्दी समारोह महासमिति (१८८०-१९८०)

।। श्री अभिनवचन्द्रेश्वरो विजयतेतराम्।।

श्री कैलासविद्यालोकस्य पञ्चम सोपानः

अथर्ववेदीया

मुण्डकोपनिषत्

सटिप्पणटीकाद्वयसमलङ्कृतशाङ्करभाष्योपेता

गोविन्दप्रसादिनी टिप्पणीपरिष्कर्ता

विद्यावाचस्पति महामण्डलेश्वर अनन्तश्री

स्वामी विष्णुदेवानन्दगिरि जी महाराज

संग

राष्ट्रभाषाव्याख्याता:

श्रीकैलासपीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर अनन्तश्री

स्वामी विद्यानन्दगिरि जी महाराज

वेदान्त-सर्वदर्शनाचार्य

सम्पादक :

डॉ० उमेशानन्द शास्त्री, स्वामी भास्करसंविद् गिरिजी

प्रकाशक :
कैलास विद्या प्रकाशन
श्रीकैलास आश्रम, ऋषिकेश (उत्तराखण्ड)

सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

प्रथम संस्करण २२०० : — सन् १९७८
द्वितीय संस्करण २००० : — सन् १९९१
तृतीय संस्करण २००० : - सन् २०१३

※ पुस्तक प्राप्ति स्थान ※

- **※ श्री कैलास आश्रम, मुनि की रेती, ऋषिकेश-२४९१३७ (उत्तराखण्ड)**
- **※ श्री कैलास आश्रम, उजेली, उत्तरकाशी- २४९१५३ (उत्तराखण्ड)**
- **※ श्री कैलासधाम, कैलासधाम मार्ग, नई झूंसी, प्रयागराज (उ.प्र.)**
- **※ श्री दशनाम संन्यास आश्रम, भूपतवाला, हरिद्वार-२४९४०२**
- **※ श्री कैलास विद्यातीर्थ, भाई वीर सिंह मार्ग, नई दिल्ली-११००१**

मुद्रक—सेमवाल प्रिंटिंग प्रेस, ऋषिकेश (उत्तराखण्ड)

।। दिशन्तु शं मे गुरुपादपांसवः।।

प्रस्तावना

किसी भी अर्थ के लिये प्रमाण की आवश्यकता होती है। अनधिगत अबाधित वस्तुविषयक ज्ञान को प्रमा कहते हैं और ऐसे प्रमा ज्ञान के कारण को प्रमाण कहते हैं। प्रमाण प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, शब्द, अर्थापत्ति एवं अनुपलब्धि भेद से छः माने गये हैं। इनमें से शब्द एक ऐसा प्रमाण है, जिससे परोक्ष एवं अपरोक्ष दोनों प्रकार का ज्ञान होता है। असन्निहित एवं व्यवधान युक्त वस्तु का शब्द से परोक्ष ज्ञान ही होता है, ऐसा दशम-पुरुष में देखा गया है। धर्म एवं धर्म के फल स्वर्गादि में कार्य कारण भाव का ज्ञान आगम वाक्य के सिवाय अन्य किसी भी प्रमाण से नहीं हो सकता है; क्योंकि मर्त्यलोक-वासी प्राणी के लिये धर्म का फल स्वर्ग, धर्मज्ञान तथा तदनुष्ठान काल में असन्निहित ही रहता है, परन्तु आत्मविद्या का विषय आत्मा एवं आत्मज्ञान का फल मोक्ष जीवितदशा में ही अनुभव किया जा सकता है। अतः आत्मज्ञान का फल सर्वदु:ख-निवृत्ति एवं परमानन्द की प्राप्तिरूप मोक्ष स्वर्गादि के समान परोक्ष नहीं है।

आत्मा के स्वरूप परिमाण, कर्तृत्वाकर्तृत्वादि के विषय में सभी दार्शनिकों के मत में परस्पर विरोध दीख पड़ता है। किम्बहुना वेद-वेदान्त को प्रबल प्रमाण मानकर तदनुसार चिन्तन करने वालों के मत में भी विरोध दीखता है। उन सभी पक्षों का निराकरण कर सिद्धान्तानुसार उक्त विषयों में निर्णय देने वाले जगद्गुरु आद्यभगवान् शङ्कराचार्य का विचार अत्यन्त श्लाघनीय है; क्योंकि उक्त विषयों में जहाँ नास्तिकों ने अटकलबाजी से काम लिया है वहाँ अनुमानैकचक्षुः आस्तिकों ने भी उन्हीं भूलों का अनुसरण किया है। इसीलिये भाष्यकार ने ऐसे मतों का अनादर 'मदोन्मत्तवदुपेक्षणीयम्' इत्यादि वाक्यों से किया है।

पौरुषेय तथा अपौरुषेय भेद से आगम प्रमाण भी दो प्रकार का माना गया है। इनमें वेद अपौरुषेय आगम है और वेद से अविरुद्ध स्मृत्यादि पौरुषेय आगम कहे गये हैं। प्रत्यक्ष श्रुति से विरोध आने पर स्मृत्यादि उपेक्षणीय हैं। ऐसा भगवद्पाद आचार्य शङ्कर ने कहा है। अतः धर्म तथा ब्रह्मतत्त्व के निर्णय में ही सर्वश्रेष्ठ प्रमाण है 'मन्त्रब्राह्मणयोर्वेदनामधेयम्' ऐसा कहा है। ऐसे वेद के कर्म, उपासना तथा ज्ञान तीन काण्ड बताये जाते हैं, इनमें वेद के शिरोभाग ज्ञानकाण्ड को उपनिषत् कहते हैं। उपनिषत् मन्त्र तथा ब्राह्मण इन दोनों ही भागों में उपलब्ध है। तदनुसार यह प्रस्तुत मुण्डकोपनिषत् अथर्ववेदीय मन्त्रभाग की मानी जाती है। कुछ लोग ऋक्, यजुः एवं सामवेद के समान अथर्ववेद को प्रामाणिक नहीं मानते, किन्तु आस्तिक समाज में चारों वेदों को समानरूप से प्रमाण माना गया है। उपनिषदों का अध्ययन गुरु परम्परा से करने का नियम है। शम, दमादि साधन-सम्पन्न अधिकारी की परीक्षा कर आचार्य औपनिषद् ब्रह्मविद्या का उपदेश किया करते थे। इसीलिये इस मुण्डकोपनिषत् के प्रारम्भ में गुरु-शिष्य परम्परा का उल्लेख किया गया। औपनिषद ब्रह्मविद्या का मुख्य अधिकारी चतुर्थ आश्रमी संन्यासी को ही आचार्य शङ्कर ने माना है। इस स्थिति में इसके उपदेशक आचार्य क्षोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ, संन्यासी ही हो सकते हैं, किन्तु इस मुण्डकोपनिषत् के प्रारम्भिक गुरु-शिष्य परम्परा वर्णन को देखते हुये उपर्युक्त भगवान् शङ्कराचार्य जी की मान्यता के साथ विरोध प्रतीत होता है। अतः इस उपनिषत् के प्रारम्भिक सम्बन्ध भाष्य में आचार्य शङ्कर ने अपने सिद्धान्तों का निरूपण दृढ़ता से किया है। आचार्य शङ्कर का स्पष्ट अभिप्राय है कि ब्रह्मविद्या और कर्म का सह-समुच्चय कभी भी हो नहीं सकता, क्योंकि लौकिक तथा वैदिक वर्णाश्रम उचित कर्मों में प्रवृत्ति देहादि में अभिमानपूर्वक ही होता है, किन्तु ब्रह्मविद्या की साधना सम्पूर्ण अभिमान को छोड़कर प्रारम्भ किया जाता है। ऐसी स्थिति में ब्रह्मविद्या एवं कर्मों का परस्पर विरोध पर्वतवद् अकम्प आचार्य शङ्कर ने कहा। जहाँ ब्रह्मविद्या के आचार्य में गार्हस्थ्य सुना जाता है, वह केवल आभास मात्र है।

इस उपनिषत् का प्रारम्भ बड़े कौतुहलपूर्ण प्रश्न से किया गया है। 'कस्मिन्नु भगवो विज्ञाते सर्वमिदं विज्ञातं भवतीति' किसके जान लेने पर सब कुछ जान लिया जाता है। इस प्रश्न के उत्तर में महर्षि अङ्गिरा ने शौनक ऋषि से परा और अपरा दो प्रकार की विद्या का भेद बतलाते हुये कहा है, कि षडङ्ग चारों वेद उनसे उत्पन्न ज्ञान तथा उनका फल धर्म, अर्थ, काम को विषय करने वाली विद्या अपरा है, इससे भिन्न परा विद्या है। जिससे अव्यक्त अक्षर सच्चिदानन्द ब्रह्म का बोध होता है। परा विद्या के विषय ब्रह्मतत्त्व का निरूपण 'अदृश्यम्' आदि निषेध विशेषणों तथा 'नित्यं विभुम्' इत्यादि विधेय विशेषणों के द्वारा बतलाया है। ऊर्णनाभ (मकड़ी) से जैसे जाले की उत्पत्ति होती है, ऐसे ही अक्षरब्रह्म से सम्पूर्ण विश्व उत्पन्न होता है। ऐसा कहकर अद्वय, असहाय ब्रह्म को ही जगत् का कारण श्रुति ने बतलाया है। अतएव अद्वितीय ब्रह्म नाना प्रपञ्चरूप में से विवर्तित होता है, ऐसा बतलाया गया है।

प्रथममुण्डक के द्वितीयखण्ड में प्रायश: अपरविद्या का विस्तार बतलाकर पुन: अपरविद्या के विषय सम्पूर्ण लोकों एवं उनके भोगों से विरक्त उत्तम जिज्ञासु के लिये गुरूपसदन पूर्वक परतत्त्व को जानने की बात बतलायी गयी है। द्वितीयमुण्डक के प्रथमखण्ड में अनेक प्रकार से विश्व उत्पत्ति का प्रसङ्ग आया है और उस विश्वात्मा को जो अपने हृदयरूपी गुफा में जान लेता है, वह सम्पूर्ण बन्धनों से मुक्त हो जाता है, ऐसा भी कहा गया है। द्वितीयमुण्डक के द्वितीयखण्ड में अक्षरतत्त्व को जानने के लिये अनेक साधन बतलाये गये, उन साधनों में प्रणव को धनुष, आत्मा को बाण तथा ब्रह्म को लक्ष्य बतलाकर प्रणव का आश्रय लेकर ब्रह्मतत्त्व प्राप्ति का सर्वोत्तम उपाय प्रणव को ही कहा है।

तत्त्वज्ञानी के हृदयग्रन्थि का भेदन, सर्वसंशय का उन्मूलन और कर्मों का क्षय बतलाये हुये जीवनमुक्ति का स्वरूप स्पष्ट किया गया है। अन्तिम मन्त्र में ब्रह्म की सर्वरूपता बतलायी गयी है। तृतीयमुण्डक के दोनों खण्डों में परविद्या के विषय ब्रह्मतत्त्व का निरूपण अनेक प्रकार से किया गया है और अन्त में कलालय का निरूपण नदी के दृष्टान्त से करके विदेह कैवल्य का वर्णन किया गया है।

मुण्डकोपनिषत् स्वाध्याय के अङ्गरूप से शिरोव्रत का वर्णन मिलता है, जिसका अर्थ भाष्यकारों ने किया है—शिरपर अग्नि धारणकर उसका स्वाध्याय करना अर्थात् इसके अध्ययन एवं इसमें कहे गये साधनों के अनुष्ठान में अत्यन्त सावधानी की आवश्यकता है।

इसका नाम मुण्डकोपनिषत् क्यों रखा गया? इसके उत्तर से विद्वानों ने अनेक प्रकार की कल्पनायें की हैं। किसी-किसी ने तो यह भी कह डाला कि शिर-मुण्डन कराकर अर्थात् संन्यास ग्रहण कर ही मुण्डकोपनिषत् का स्वाध्याय आदि करने का नियम होने से इसका नाम मुण्डकोपनिषत् रखा गया है। हमारी समझ से मुण्डक नामकरण का तात्पर्य यह हो सकता है कि हथेली पर अपना शिर रखकर इसका अध्ययन एवं अनुष्ठान किया जाय। आत्माभिमान का परित्याग ही हथेली पर शिर रखना है और ऐसा करने पर ही जीव-ब्रह्म का अभेद चिन्तन तथा बोध सम्भव है, इसी अभिप्राय से इसका नाम मुण्डकोपनिषत् रखा गया है।

प्रस्तुत प्रकाशन की आवश्यकता

यों तो उपनिषदों के भाष्य, टीका एवं विभिन्न भाषाओं में व्याख्यान अनेकों हो चुके हैं, पर भगवत्पाद आद्यभगवान् शङ्कराचार्य जी का भाष्य सर्वमान्य है, उस भाष्य के अर्थ गाम्भीर्य का अवगाहन आनन्दगिरि टीका के बिना सम्भव नहीं है। इसीलिये संन्यासी समाज में प्राचीन परम्परा के अनुसार आनन्दगिरि टीका के सहित प्रस्थानत्रयी शाङ्करभाष्य पढ़ाने का क्रम रहा है, जो श्रीकैलास आश्रम की परम्परा में आज भी अक्षुण्णरूप से चल रहा है। इस आश्रम की परम्परा में अनेकानेक विद्वद्धौरेय श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ महात्मा हो चुके हैं, जिनमें महामण्डलेश्वर अनन्तश्री स्वामी गोविन्दानन्द गिरिजी महाराज का नाम अधिक उल्लेखनीय है, जिन्होंने प्रस्थात्रयी

और विशेषरूप से उपनिषदों पर गम्भीर चिन्तन के बाद 'टिप्पणी' को जन्म दिया और पाठ का संशोधन भी किया जिस टिप्पणी का पुनः संशोधन कर, महामण्डलेश्वर विद्यावाचस्पति अनन्तश्री स्वामी विष्णुदेवानन्द गिरिजी महाराज ने अभिनवरूप दिया। जिस टिप्पणी के बिना भाष्यादि-ग्रन्थों के तात्पर्य को समझना, समझाना अत्यन्त दुष्कर है, ऐसा पूर्व पुरुषों से प्राप्त धरोहर श्रीकैलास आश्रम में संग्रहीत पड़ा था, जिस टिप्पणी से कुछ सीमित लोगों को ही लाभ हो पाता था। अतः इस श्रीकैलास आश्रम में आने के बाद हमारे मनमें भगवान् भूतभावन तथा पूर्वाचार्यों की प्रेरणा से यह सङ्कल्प उत्पन्न हुआ कि पूर्व पुरुषों से प्राप्त धरोहर नष्ट न हो जाय। अतः इसकी रक्षा के साथ-साथ इस आलोक से सभी अधिकारी पुरुष लाभान्वित हों, ऐसा प्रयत्न करना चाहिये। उसी के फलस्वरूप श्रीकैलास आश्रम शताब्दी समारोह प्रसङ्ग पर यह नूतन संस्करण पाठकों के सामने हम प्रस्तुत कर रहे हैं। संस्कृत पठन-पाठन की अप्रत्याशित विरलता को देखते हुये भाष्य का अभिप्राय राष्ट्रभाषा हिन्दी में ही बतलाना आवश्यक समझा। अतः शाङ्करभाष्य की भाष्यार्थदीपिका हिन्दी टीका भी इसमें दी गयी है। टिप्पणी की प्रेस कापी करने में डॉ० उमेशानन्दजी शास्त्री ने, हिन्दी टीका को लिपिबद्ध करने में श्रीदलपत एम. पुरोहित तथा शोध्यपत्र के संशोधन में श्री ब्रह्मचारी रामानन्दजी शास्त्री ने तथा श्री स्वामी सुरेशानन्दगिरिजी ने अथक परिश्रम किया है। हम इन सबकी मंगल कामना करते हैं। इत्यों शम्।।

गुरुपूर्णिमा
सम्वत् २०३५

भगवत्पादीय
आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी विद्यानन्दगिरि

द्वितीय संस्करण प्रस्तावना

किसी भी प्रकाशन की लोकप्रियता के विषय में पाठक ही प्रमाण माने जाते हैं। प्रकृत मुण्डकोपनिषत् का प्रकाशन श्रीकैलास आश्रम 'शताब्दी महोत्सव' पर हुआ था। स्वल्पकाल में ही उसकी समाप्ति हो जाने के कारण पुनर्मुद्रण का प्रस्ताव पाठकों की ओर से आता रहा। अब प्रस्तुत संस्करण श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ पदवाक्यप्रमाणपारावारीण यतीन्द्रकुलतिलक श्रीकैलासपीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर अनन्तश्रीमत्स्वामी विद्यानन्द गिरिजी महाराज वेदान्त सर्वदर्शनाचार्य के 'पट्टाभिषेक रजतमहोत्सव' के पावन प्रसंग पर पाठकों के समक्ष उपस्थित करते हुये हमें अपार हर्ष हो रहा है। आशा है पिछले संस्करण की अपेक्षा इस संस्करण में अशुद्धि नहीं रह गयी होगी, क्योंकि इसके प्रकाशन एवं शोध्यपत्र के संशोधन में स्वामी भास्करसंविद् गिरिजी ने पूर्ण मनोयोग से काम किया है। हम इन सहयोगी के आभारी हैं और हम अपने अन्य प्रकाशनों में भी इनसे सहयोग की आशा रखते हैं।

गीता जयन्ती
वि० सं० 2048
शाङ्कराब्द 1104
सन् 1991

निवेदक :
डॉ0 उमेशानन्द शास्त्री
महामन्त्री,
कैलास आश्रम ट्रस्ट कमेटी, ऋषिकेश

श्रीकैलास आश्रम के पूर्वाचार्यों की अनुपम कृतियाँ

१. ईशावास्योपनिषद् (सटिप्पणटीकाद्वयसंवलितशाङ्करभाष्योपेता)

२. केनोपनिषद् (सटिप्पणटीकाद्वयसंवलितशाङ्करभाष्ययुता)

३. कठोपनिषद् (सटिप्पणटीकाद्वयसंवलितशाङ्करभाष्ययुता)

४. प्रश्नोपनिषद् (सटिप्पणटीकाद्वयसंवलितशाङ्करभाष्ययुता)

५. मुण्डकोपनिषद् (सटिप्पणटीकाद्वयसमलंकृतशाङ्करभाष्ययुता)

६. माण्डूक्य कारिका (सटिप्पणटीकाद्वयसमलंकृतशाङ्करभाष्ययुता)

७. तैत्तिरीयोपनिषद् (सटिप्पणटीकाद्वयसंवलितशाङ्करभाष्ययुता)

८. ऐतरेयोपनिषद् (सटिप्पणटीकाद्वयसंवलितशाङ्करभाष्ययुता)

९. ईशादिसप्तोपनिषद् (सटिप्पणटीकाद्वयसंवलितशाङ्करभाष्ययुता)

१०. छान्दोग्योपनिषद् (सटिप्पणटीकाद्वयसंवलितशाङ्करभाष्ययुता)

११. बृहदारण्यकोपनिषद् (सटिप्पणटीकाद्वयसमलङ्कृतशाङ्करभाष्ययुता भाग १, भाग २)

१२. श्रीमद् भगवद्गीता (सटिप्पणटीकाद्वयसमलङ्कृतशाङ्करभाष्ययुता)

१३. ब्रह्मसूत्र (सटिप्पणटीकाद्वयसमलङ्कृतशाङ्करभाष्ययुता भाग १, भाग २)

१४. वेदान्त परिभाषा (अर्थदीपिका टीका)

१५. संक्षेप शारीरकम्

१६. व्याप्ति पञ्चकम् (मथुरानाथ टीका, हिन्दी)

१७. वैयासिक न्यायमाला

१८. ब्रह्मसूत्र चतुःसूत्री

१९. शिव महिम्नस्तोत्रम्

२०. तत्वबोध-आत्मबोध

२१. अष्टाध्यायी

२२. कैलास आश्रम स्मारिका

ॐ

मुण्डकोपनिषत् ।

सटिप्पणटीकाद्वयसमलङ्कृतशाङ्करभाष्ययुता

ॐ भद्रं कर्णेभिः श्रृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः।।
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नःपूषा विश्ववेदाः।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु।।

।। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ।।

[हे देवताओं! आपकी कृपा से हम कानों के द्वारा कल्याणप्रद शब्द सुनें। आँखों के द्वारा कल्याणप्रद दृश्य देखें। वैदिक यागादिक कर्म करने में हम समर्थ होवें। दृढ़ अङ्गों और शरीरों से स्तुति करते हुए हम लोग केवल देवहित याग के लिये सम्पूर्ण आयु व्यतीत करें।

महान् यशस्वी इन्द्रदेव हमारा कल्याण करें। परम ज्ञानी पूषादेव हमारा कल्याण करें। सम्पूर्ण आपत्तियों के नाश करने में चक्र के समान घातक गरुड़ हमारा कल्याण करें। तथा देवताओं के गुरु बृहस्पति हमारा कल्याण करें। आध्यात्मिक, आधिदैविक एवं आधिभौतिक त्रिविध तापों की शान्ति होवे]

ॐ ब्रह्मा देवानामित्याद्याथर्वणोपनिषत् । अस्याश्च विद्यासम्प्रदायकर्तृ पारम्पर्यलक्षण-

---

यदक्षंर परं ब्रह्म विद्यागम्यमितीरितम् । यस्मिञ्ज्ञाते भवेज्ज्ञानं सर्वं तत्स्यामसंशयम् ।।१।।

ब्रह्मोपनिषद्गर्भोपनिषदाद्या अथर्वणवेदस्य बह्व्य उपनिषदः सन्ति। तासां शारीरकेऽनुपयोगित्वेनाव्याचिख्यासितत्वाद[1]दृश्यत्वादिगुणको धर्मोक्ते (ब्र० १/२/२१) रित्याद्यधिकरणोपयोगितया मुण्डकस्य व्याचिख्यासितस्य प्रतीकमादत्ते- ब्रह्मा देवानामित्याद्याथर्वणोपनिषदिति । **व्याचिख्यासितेति शेषः । नन्वियमुपनिषन्मन्त्ररूपा मन्त्राणां चेषे त्वेत्यादीनां कर्मसम्बन्धेनैव प्रयोजनवत्त्वम् । एतेषां च मन्त्राणां कर्मसु विनियोजकप्रमाणानुपलम्भेन तत्सम्बन्धासम्भवान्निष्प्रयोजनत्वाद्व्याचिख्यासितत्वं न सम्भवतीति [2]शङ्कमानस्योत्तरम्। सत्यं कर्मसम्बन्धाभावेऽपि ब्रह्मविद्याप्रकाशन[3]सामर्थ्याद्विद्यया सम्बन्धो**

'ब्रह्मा देवानाम्' इत्यादि अथर्ववेदीय मुण्डकोपनिषद् की व्याख्या भगवान् शङ्कराचार्य करना चाहते हैं। यों तो गर्भोपनिषद् आदि बहुत सी उपनिषदें अथर्ववेद की हैं। उनका उपयोग शारीरिक सूत्र (ब्रह्मसूत्र) में न होने के कारण उनकी व्याख्या भाष्यकार नहीं कर रहे हैं । किन्तु "अदृश्यत्वादिगुणको धर्मोक्तेः" इत्यादि अधिकरण में उपयोगी होने से मुण्डकोपनिषद् की व्याख्या अभीष्ट है । अथर्ववेदीय मुण्डकोपनिषद् के मन्त्रों का कर्म में विनियोजक कोई प्रमाण नहीं दीखता। इसलिये कर्म के साथ इनका संबंध सम्भव नहीं है । फिर भी इनका व्याख्यान करना इसलिए अभीष्ट है क्योंकि ब्रह्मविद्या के प्रकाशन में ये

---

१. अदृश्यत्वादीत्यादि यत्तदद्रेश्यमित्यादि श्रुतौ अदृश्यत्वादिगुणको भूतयोनिः परमात्मैव यः सर्वज्ञः सर्वविदित्यादि-श्रूयमाणसर्वज्ञत्वादेः परमेश्वरधर्मस्य भूतयोनौ निर्देशादितिसूत्राक्षरार्थः । २. शङ्कमानस्योत्तरमिति शङ्कमानं प्रतीदमुत्तरमुच्यत इत्यर्थः। ३. सामर्थ्यादिति तदात्मकाल्लिङ्गादित्यर्थः ।

सम्बन्धमादावेवाऽऽह स्वयमेव स्तुत्यर्थम्। एवं हि महद्भिः परमपुरूषार्थसाधनत्वेन गुरुणाऽऽयासेन लब्धा विद्येति श्रोतृबुद्धिप्ररोचनाय विद्यां महीकरोति। स्तुत्या प्ररोचितायां हि विद्यायां सादराः [1]प्रवर्तेरन्निति। प्रयोजनेन तु विद्यायाः साध्यसाधनलक्षणसंबन्धमुत्तरत्र

भविष्यति। ननु विद्यायाः पुरुषकर्तृकत्वात्तत्प्रकाशकत्वेऽस्या उपनिषदोऽपि पौरूषेयत्वप्रसङ्गा[2]त्पाक्षिकपुरुषदोषजत्वशङ्कयाऽप्रामाण्याद्व्याचिख्यासितत्वं नोपपद्यत इत्याशङ्क्याऽऽह-अस्याश्चेति। विद्यायाः [3]संप्रदायप्रवर्तका एव पुरुषा न [4]तूत्प्रेक्षया निर्मातारः। संप्रदायकर्तृत्वमपि नाधुनातनं येनानाश्वासः स्यात् किंत्वनादिपारम्पर्यागतम्। ततोऽनादिप्रसिद्धब्रह्मविद्याप्रकाशनसमर्थोपनिषदः पुरुषसम्बन्धः संप्रदायकर्तृत्वपारम्पर्यलक्षण एव तमादावेवाऽऽहेत्यर्थः। विद्यासम्प्रदायकर्तृत्वमेव पुरूषाणाम्। यथा विद्यायाः पुरुषसम्बन्धस्तथैवोपनिषदोऽपि यदि पुरुषसम्बन्धो विवक्षितः पौरुषेयत्वपरिहाराय तर्हि तथाभूतसंबन्धाभिधायकेन[5]न्येन भवितव्यं [6]स्वयमेव स्वसंबन्धाभिधायकत्वे [7]स्ववृत्तिप्रसङ्गादित्याशङ्क्याऽऽह-स्वमेव स्तुत्यर्थमिति। विद्यास्तुतौ तात्पर्यान्न [8]स्ववृत्तिर्दोष इत्यर्थः । स्तुतिर्वा किमर्थेत्यत आह-श्रोतृबुद्धीति। प्रवर्तेरन्निति पाठो युक्तः । वृतुधातोरात्मनेपदित्वात् । विद्याया यत्प्रयोजनं

स्वतन्त्र हैं । इस विद्या में पौरुषेयत्व की शंका नहीं कर सकते क्योंकि ब्रह्मादि देव एवं ऋषि इसके कर्ता नहीं हैं, अपितु सम्प्रदाय प्रर्वतक हैं । ब्रह्मादि वसिष्ठों की परम्परा से यह विद्या हम लोगों के पास तक आयी है । ऐसा जानने से इसमें अनास्था नहीं होगी । इसलिए इसमें कहे गये पुरूष केवल विद्या सम्प्रदाय के प्रर्वतक हैं, विद्या के निर्माता नहीं ।

इस उपनिषद् में कही गई विद्या, सम्प्रदाय के कर्ता एवं परम्परा रूप सम्बन्ध को प्रारम्भ में विद्या की स्तुति के लिए स्वयं ही श्रुति ने कहा है । इस प्रकार महान पुरूषों द्वारा परम पुरूषार्थ के साधन रूप से अत्यन्तायास पूर्वक यह विद्या प्राप्त की गई । ऐसा जानने पर श्रोताओं की बुद्धि में इसके प्रति अभिरूचि उत्पन्न हो जाय । इसलिए विद्या की महिमा गायी है क्योंकि स्तुति द्वारा विद्या में रूचि उत्पन्न करा देने पर अनायास ही आदर पूर्वक पुरूष प्रवृत्त हो जाता है ।

ब्रह्मविद्या का जो प्रयोजन है, वही इस मुण्डकोपनिषद् का भी प्रयोजन है क्योंकि उपनिषद् के श्रवण आदि से ही ब्रह्मविद्या उत्पन्न होती है । इसलिए मोक्षरूप प्रयोजन साध्य है और ब्रह्मविद्या उसका साधन है। ऐसे ही ब्रह्मविद्या साध्य है और उपनिषद् उसका साधन है । इस प्रकार प्रयोजन के साथ विद्या का और विद्या के साथ उपनिषद् का साध्य-साधनरूप सम्बन्ध आगे श्रुति "भिद्यते हृदयग्रन्थिः" इस वाक्य से बतलायेगी । संसार एवं उसके कारण की निवृत्तिरूप फल परा विद्या से ही प्राप्त हो सकता है । अपर शब्द वाच्य षडङ्ग-वेद आदि से नहीं क्योंकि वेद विधि और प्रतिषेध मात्र-परक हैं । ऐसी अपरा विद्या में संसार के कारण अविद्या आदि दोषों को निवृत्त करने की शक्ति नहीं है । इस बात को

१. प्रवर्तेरन्निति मुमुक्षव इतिशेषः । तथा चाधिकारिप्रदर्शनमनेन सम्पद्यत इतिभावः । २. पुरूषस्य दोषवत्त्वेऽपिवाक्यमात्रस्य तद्दोषप्रयुक्तत्वनियमासम्भवादाह-पाक्षिकेति सन्दिग्धपुरुषदोषजत्वेत्यर्थः । ३ सम्प्रदायेति उपदेशेतियावत् । ४. कल्पनया । ५. अन्येन भवितव्यमिति 'इमं विवस्वते योगं प्रोक्तवानहमव्ययमितिवदिति भावः । ६. स्वयमेवेत्यादि स्वपुरुषसम्बन्धस्य स्वप्रतिपाद्यत्वे स्वस्यापि स्वप्रतिपाद्यत्वाज्ज्ञप्तावात्माश्रयः स्यात् स्वज्ञाने स्वस्य प्रतिपादकत्वेनापेक्षणादिति भावः ७. यद्वा स्ववृत्तीत्यत्र वृत्तिर्व्यापारःस्वस्य स्वस्मिन्प्रतिपादकत्वात्मकस्तथा चैकत्र विरुद्धकर्तृ कर्मभावप्रसङ्गो दोष इति भावः । ८. न स्ववृतिर्दोष इति तात्पर्यविषयीभूत एवार्थे सति सम्भव आत्माश्रयादीनां दोषत्वं प्रकृते तु स्वस्य प्रत्यक्षेणैवावगमात्र स्वप्रतिपादने तात्पर्य स्तुतिमात्रविषयकत्वात्तात्पर्यस्येति भावः ।

वक्ष्यति-"[1]भिद्यते हृदयग्रन्थिः"इत्यादिना। अत्र चापरशब्दवाच्यायामृग्वेदादिलक्षणायां विधिप्रतिषेधमात्रपरायां विद्यायां संसारकारणाविद्यादिदोषनिवर्तकत्वं नास्तीति स्वयमेवोक्त्वा परापरविद्याभेदकरणपूर्वकमविद्यायामन्तरे[2] वर्तमाना इत्यादिना। तथा परप्राप्तिसाधनं सर्वसाधनसाध्यविषय[3]वैराग्यपूर्वकं गुरुप्रसादलभ्यां[4]ब्रह्मविद्यामाह-परीक्ष्य[5]लोका-

---

तदेवास्या उपनिषदोऽपि प्रयोजनं भविष्यतीत्यभिप्रेत्य विद्यायाः प्रयोजनसम्बन्धमाह-प्रयोजनेन त्विति। संसारकारणनिवृत्तिर्ब्रह्मविद्याफलं चेत्तर्ह्यपरविद्ययैव तन्निवृत्तेः सम्भवान्न तदर्थं ब्रह्मविद्याप्रकाशकोपनिषद्व्याख्यातव्येत्याशङ्क्याऽऽह-अत्र चेति। संसारकारणमविद्यादिदोषस्तन्निवर्तकत्वमपरविद्यायाः कर्मात्मिकाया न सम्भवत्यविरोधात्। न हि शतशोऽपि प्राणायामं कुर्वतः शुक्तिदर्शनं विना तदविद्यानिवृत्तिर्दृश्यते। ततोऽपरविद्यायाः संसारकारणाविद्यानिवर्तकत्वं नास्तीति स्वयमेवोक्त्वा ब्रह्मविद्यामाहेति सम्बन्धः। किञ्च परमपुरुषार्थसाधनत्वेन ब्रह्मविद्यायाः परविद्यात्वं निकृष्टसंसारफलत्वेन च कर्मविद्याया अपरविद्यात्वम्। ततः समाख्याबलादपरविद्याया मोक्षसाधनत्वाभावोऽवगम्यत इत्यभिप्रेत्याऽऽह-परापरेति। यच्चाऽऽहुः कर्मजडाः केवलब्रह्मविद्यायाः [6]कर्तृसंस्कारत्वेन कर्माङ्गत्वात्स्वातन्त्र्येण पुरुषार्थसाधनत्वं नास्तीति तदनन्तरश्रुत्यैव निराकृतमित्याह-तथा परप्राप्तिसाधनमिति। ब्रह्मविद्यायाः कर्माङ्गत्वे कर्मणो निन्दा न स्यात्। न खल्वङ्गविधानाय प्रधानं विनिन्द्यते। अत्र तु सर्वसाध्यसाधननिन्दया तद्विषयवैराग्याभिधानपूर्वकं परप्राप्तिसाधनं ब्रह्मविद्यामाह। अतो ब्रह्मविद्यायाः स्वप्रधानत्वात्तत्प्रकाशकोपनिषदां न[7] कर्तुः स्तावकत्वमित्यर्थः। यद्युपनिषदां स्वतन्त्रब्रह्म-

---

पर और अपर विद्या का भेद बतलाकर "अविद्यायामन्तरे वर्तमानाः" इत्यादि वाक्य से स्वयं ही श्रुति बतलायेगी । अपराविद्या विधि- प्रतिषेध कर्मरूप है, उसका संसार के कारण अविद्या-आदि दोष के साथ कोई विरोध नहीं हैं। इसलिए वह अविद्या-आदि को निवृत्त नहीं कर सकती । सैकड़ों प्रणायाम करने पर भी सीप ज्ञान के बिना उसकी अविद्या एवं रजत भ्रांति मिटती हुई नहीं देखी गई है। अतः अपरा विद्या संसार के कारण अविद्या को नहीं मिटा सकती है । इसे स्वयं श्रुति कहती हैं। परन्तु परम पुरूषार्थरूप मोक्ष का साधन होने से ब्रह्मविद्या को परा किन्तु निकृष्ट संसार रूप फल होने से दूसरी को अपरा कहा गया है। ऐसी समाख्या के बल से भी अपरा विद्या में मोक्ष साधनत्वाभाव जाना जाता है । अपरा विद्या का साधन धनपुत्रादि हैं, और साध्य स्वर्गादि हैं । इन सम्पूर्ण साधन-साध्य विषयों से वैराग्य पूर्वक परा विद्या प्राप्त होती है । इसमें आचार्य कृपा भी असाधारण कारण है । इसीलिए दृष्टादृष्ट विषय वैराग्य गुरु कृपा से लभ्य ब्रह्मविद्या को "परीक्ष्य लोकान्" इत्यादि वाक्य द्वारा श्रुति बतलाती है। अतएव उपनिषद श्रवण करने वाले अनेक साधकों में से जिसके ऊपर गुरु कृपा होती है, ऐसे विशिष्ट अधिकारी को ही ब्रह्मज्ञान हो पाता है, सबको नहीं ।

"ब्रह्मवेद ब्रह्मैव भवति" (जो ब्रह्म को जानता है वह ब्रह्मस्वरूप हो जाता है) 'परामृताः परिमुच्यन्ति सर्वे' (निरपेक्ष अमृतत्व को प्राप्त हुए मनुष्य सदा के लिए मुक्त हो जाते हैं ।) ऐसे वाक्यों से श्रुति बार-बार ब्रह्मविद्या के प्रयोजन मोक्ष को बतला रही है । ब्रह्मज्ञान स्वतन्त्र मोक्ष का साधन है, कर्म का अंग नहीं है । जिस प्रकार हाथ में कंकण होने पर भी विस्मृत हो जाने से कंकण अप्राप्त सा कहा जाता

---

१. मु० २।२।८ । २. मु० १।२।८। ३. मु० वैराग्येति अनेनैव वा वैराग्यादिसम्पन्नोऽधिकारी सूचयितव्यः । ४. ब्रह्मविद्यामिति-अनेन विषयमपि सूचयति । ५. मु० १।२।१२। ६ कर्तृसंस्कारत्वेनेति विद्वान्यजेतेत्यादि श्रुत्या विद्याया यजमानसंस्कारत्वावगमादिति भावः । ७. न स्तावकत्वमिति आत्मनो ब्रह्मत्वबोधनं स्तुत्यभिप्रायेणेति भावः । कर्तुः स्तावकत्वमिति अत्र कर्तृ स्तावकत्वमित्येव लिखितः पाठः ।

नित्यादिना । प्रयोजनं चासकृद्ब्रवीति [१]'ब्रह्म वेद ब्रह्मैवभतीति'। [२]परामृताः परिमुच्यन्ति सर्व इति च । ज्ञानमात्रे यद्यपि सर्वाश्रमिणामधिकारस्तथाऽपि [३]संन्यासनिष्ठैव ब्रह्मविद्या मोक्षसाधनं न कर्मसहितेति भैक्ष्यचर्यां[४] चरन्तः संन्यासयोगादिति च ब्रुवन्दर्शयति । विद्या-कर्मविरोधाच्च । न हि ब्रह्मात्मैकत्वदर्शनेन सह कर्म स्वप्नेऽपि सम्पादयितुं शक्यम् ।

विद्याप्रकाशकत्वं स्यात्तर्हि तदध्येतॄणां सर्वेषामेव किमिति ब्रह्मविद्या न स्यादित्याशङ्क्याऽऽह- गुरूप्रसाद-लभ्यामिति। गुर्वनुग्रहादिसंस्काराभावात्सर्वेषां यद्यपि न भविष्यति तथाऽपि विशिष्टाधिकारिणां भविष्यतीति भावः। ननु स्वतन्त्रा चेद्ब्रह्मविद्या तर्हि [५]प्रयोजनसाधनं न स्यात् । सुख-दुःखप्राप्तिपरिहारयोः [६]प्रवृत्तिनिवृत्तिसाध्यतावगमात्तत्राऽऽह-प्रयोजनं चेति। [७]स्मरणमात्रेण विस्मृतसुवर्णलाभे सुखप्राप्ति-प्रसिद्धे रज्जुतत्त्वज्ञानमात्राच्च सर्पजन्यभयकम्पादिदुःखनिवृत्तिप्रसिद्धेश्च न प्रवृत्तिनिवृत्तिसाध्यत्वं प्रयो-जनस्यैकान्तिकम्। अतो विश्रब्धं श्रुतिः प्रयोजनसम्बन्धं विद्याया असकृद्ब्रवीति । तस्मात्तत्प्रकाशकोप-निषदो व्याख्येयत्वं सम्भवतीत्यर्थः। यच्चाऽऽहुरेकदेशिनः स्वाध्यायाध्ययनविधेरर्थावबोधफलस्य [८]त्रैवर्णि-काधिकारत्वादधीतोपनिषज्जन्ये [९]ब्रह्मज्ञानेऽस्त्येव सर्वेषामधिकारः। [१०]ततः सर्वाश्रमकर्मसमुच्चितैव ब्रह्मविद्या मोक्षसाधनमिति तत्राऽऽह-ज्ञानमात्र इति । [११]सर्वस्व[१२]त्यागात्मकसंन्यासनिष्ठैव परब्रह्मविद्या मोक्षसाधनमिति वेदो दर्शयति । तादृशसंन्यासिनां च कर्मसाधनस्य [१३]स्वस्याभावान्न कर्मसम्भवः। [१४]आश्रमधर्मोऽपि शमदमाद्युपबृंहितविद्याभ्यासनिष्ठत्वमेव । [१५]तेषां शौचाचमनादिरपि तत्त्वो नाऽऽश्रम-धर्मो लोकसंग्रहार्थत्वात् । ज्ञानाभ्यासेनैवापावनत्वनिवृतेः। "न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते" इति स्मरणात्। [१६]त्रिषवणस्नानविध्यादेरज्ञसंन्यासिविषयत्वात्। अतः कमनिवृत्त्यैव साहित्यं ज्ञानस्य न

है और स्मरण दिलाने पर प्राप्त कंकण की प्राप्ति मानी जाती है। एवं रज्जु में त्रैकालिक सर्प का अत्यन्ताभाव होता हुआ भी भ्रान्त पुरूष को सर्प जन्य भय कम्प आदि दुःख होते ही हैं और रज्जु तत्त्व ज्ञान से इनकी निवृत्ति हो जाती है। ठीक वैसे ही आत्मरूप से नित्य प्राप्त ब्रह्म की भी अनादि अनि-र्वचनीय अविद्या के कारण अप्राप्ति कही जाती है और तत्त्वज्ञान से उसकी प्राप्ति मानी जाती है। वैसे ही अज्ञान जन्य सम्पूर्ण दुःख का वस्तुतः अभाव होता हुआ भी आत्मा में उनका आरोप होता है।

१. मु० ३।२।६। २. मु० ३।२।६। ३. संन्यासनिष्ठेति निष्ठावत्त्वमत्र सामानाधिकरण्यसम्बन्धेन तथा च संन्यास समानाधिकरणेत्यर्थः । संन्यासनिष्ठैवेति अनेन च संन्यासिनां मुख्याधिकारित्वं सूच्यत इति ध्येयम् ।
४. मु० १।२।११ भैक्ष्यचर्यामिति यद्यपि सगुणविद्यामधिकृत्येदमुक्तं तथापि सगुणविद्यायाः संन्यासनिष्ठत्वे निगुर्ण-विद्यायास्तु तत् कैमुत्यन्यायसिद्धमिति भावः । ५. प्रयोजनसाधनं न स्यादिति अत्रायं प्रयोगः विमता विफला प्रवृत्त्याद्यजनकत्वाद्व्यतिरेकि निदर्शनं कर्म विद्या इति । ६. प्रवृत्तीत्यादि ब्रह्मविद्यायाश्च प्रवृत्त्याद्यजनकत्वादिति भावः। ७. व्यतिरेकव्याप्तिं व्यभिचारयति स्मरणेत्यादिना । ८. त्रैवर्णिकाधिकारत्वादिति त्रैवर्णिकोद्देश्य-कत्वादिति यावत् । ९. अर्थावबोधफलस्येति विधिवेशेन फलं व्यनक्ति ब्रह्मज्ञान इति । १०. तत इति ब्रह्मविद्या आश्रमकर्मसमुच्चितैव फलजनिका आश्रमिनिष्ठत्वात्कर्मविद्यावदिति भावः । ११. अनुमाने बाधं दर्शयन्ननाश्रितः कर्मफलं कार्यं कर्म करोति यः स संन्यासीति सिद्धसाधनतामाशङ्क्य संन्यासं परिष्करोति सर्वस्वेत्यादिना ।
१२. त्यागात्मकसन्यासेति भैक्ष्यचर्यामित्येवात्र गमकमिति भावः । १३. धनस्य । १४. संन्यासाश्रमधर्मात्मक-कर्मणैव समुच्चयमाशंड्क्याह आश्रमेति यस्त्वात्मरतिरेव स्यादित्यादिस्मृतेरिति भावः । १५. "एक लिङ्गे गुदे तिस्रस्तथा वामकरे दश । उभयोः सप्त दातव्या मृदः शुद्धिमभीप्सता।। एतच्छौचं गृहस्थानां द्विगुणं ब्रह्मचारिणाम्। त्रिगुणं तु वनस्थानां यतीनां तु चतुर्गुण" मिति शौचादिकर्माप्यस्ति संन्यासाश्रमधर्म इत्याशङ्क्य निषेधति तेषामित्यादिना । आसुप्तेरामृतेः कालं नयेद्वेदान्तचिन्तयेत्यादिवचनादिति भावः ।
१६. 'प्रातर्मध्याह्नयोः स्नानं वानप्रस्थगृहस्थयोः। भिक्षुणां त्रिषवणमेकं तु ब्रंह्मचारिणामिति व्यासोक्तलोक-संग्रहानुपयुक्तस्य गतिं वक्ति-त्रिषवणेत्यादिना । 'तस्य कार्य न विद्यते' इत्यादि वचनादिति भावः । मु० ३।२।६।

विद्यायाः [1]कालविशेषाभावादनियतनिमित्तत्वात्कालसङ्कोचानुपपत्तिः। यत्तु गृहस्थेषु ब्रह्मविद्यासम्प्रदायकर्तृत्वादि लिङ्गं न [2]तत्स्थितन्यायं बाधितुमुत्सहते। न हि विधिशतेनापि तमःप्रकाशयोरेकत्वसम्भवः शक्यते कर्तुं किमुत लिङ्गैः केवलैरिति एव[3]मुक्तसम्बन्ध-

---

कर्मणेत्यर्थः। इतश्च न कर्मसमुच्चिता विद्या मोक्षसाधनमित्याह-विद्याकर्मविरोधाच्चेति। **अकर्तृ ब्रह्मैवास्मीति करोमि चेति स्फुटो व्याघात इत्यर्थः। यदा ब्रह्मात्मैकत्वं विस्मरति तदोत्पन्नविद्योऽपि करिष्यति ततः समुच्चयः सम्भाव्यत इति न वाच्यमित्याह**-विद्याया इति। **ननु गृहस्थानामङ्गिरः-प्रभृतीनां विद्यासम्प्रदायप्रवर्तकत्वदर्शनाद्गृहस्थाश्रमकर्मभिः समुच्चयो लिङ्गादवगम्यत इत्या-**

एवं आत्मज्ञान से उनकी निवृत्ति मानी जाती है। इसीलिए यह वेदान्त-महावाक्य-जन्य ब्रह्मात्मैक्य बोध स्वतन्त्ररूप से प्रयोजन का साधन है। यह कर्म का अंग नहीं है।

यद्यपि ज्ञान मात्र में सभी आश्रमवासियों का अधिकार है, न कि केवल संन्यासी का। तथापिसर्वस्वत्याग रूप संन्यासनिष्ठा ही पर-ब्रह्म विद्या मोक्ष का साधन है, कर्म सहित ब्रह्मविद्या नहीं। क्योंकि "सम्पूर्ण एषणाओं से ऊपर उठकर भिक्षाचर्या करते हैं।" "संन्यास योग से युक्त हो" ये सब श्रुति बतलाती है। ब्रह्मविद्या तथा कर्म का परस्पर विरोध होने से भी ब्रह्मज्ञान का कर्म के साथ समुच्चय नहीं बनता। अकर्ता ब्रह्मस्वरूप ही मैं हूँ, पुनः कर्म करता हूँ, ऐसा मानना व्याघातदोष-ग्रस्त है। अतः ब्रह्मात्मैकत्व अपरोक्ष-अनुभव के साथ कर्म का सह-सम्पादन स्वप्न में भी कोई नहीं कर सकता, जाग्रत में करना तो दूर रहा। यदि कहो कि जब ब्रह्मज्ञानी अपने स्वरूप ब्रह्म को भूल जायेगा, उस समय ज्ञानकर्म समुच्चय की सम्भावना बन जायेगी। ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि ब्रह्मविद्या किसी काल विशेष की परिधि से घिरी हुई नहीं है और इसका निमित्त भी नियत नहीं है। इसलिए ब्रह्मज्ञान में कालका संकोच मानना अनुचित है। यदि कहो कि अंगिरा प्रभृति ऋषियों में ब्रह्मविद्या-सम्प्रदाय प्रवर्तकत्व देखा गया है। अतः गृहस्थाश्रम कर्म के साथ ब्रह्मज्ञान के समुच्चय में उक्त लिङ्ग स्पष्ट है। वैसा कहना भी ठीक नहीं, क्योंकि गृहस्थ में भी ब्रह्मविद्या-सम्प्रदाय कर्तृत्व आदि लिङ्ग पूर्वोक्त न्याय को बाधने में समर्थ नहीं है। न्याय-युक्त लिंग ही किसी अर्थ का बोधक हो सकता है। जब ज्ञान और कर्म के समुच्चय में न्याय नहीं है बल्कि दोनों परस्पर विरोधी हैं तो भला ऐसे दो परस्पर विराधी का लिङ्ग से समुच्चय कैसे कह सकते हो? ब्रह्मविद्या के सम्प्रदाय-प्रवर्तकों में गार्हस्थ्य केवल आभास मात्र है, क्योंकि तत्त्व चिन्तन से उसका बार-बार बाध देखा गया है। इसलिए तो जनक ने अपना उद्‌गार प्रकट किया है 'मिथिलायां प्रदीप्तायां न मे दहति किञ्चन' अर्थात् मिथिलापुरी के जल जाने पर भी मेरा कुछ नहीं जलता।

परस्पर विरोधी अंधकार और प्रकाश को एक स्थान में सैकड़ों विधि वाक्य नहीं रख सकते, तो भला अकेले लिङ्ग से तत्त्वज्ञान और कर्म (विरोधी तत्त्व) का समुच्चय कैसे हो सकता है? इस प्रकार

---

१. कालसङ्कोचाभावे हेतुद्वयमाह- कालेत्यादिना। यथा नित्यस्य सन्ध्यावन्दनादेर्नियतकालत्वात्कालसंङ्कोचो यथा वा नैमित्तिकस्य पुत्रजन्मादिनियतनिमित्तकत्वादेव कालसंङ्कोचो न तथोत्पन्नविद्यायाः कालनिमित्तनियम इति कालसङ्कोचानुपपत्तिरित्यर्थः। कालविशेषाद्यभावश्च "नैव किञ्चित्करोमीति युक्तो मन्येत तत्त्ववित्। पश्यन्नि" त्यादिस्मृतेरवगम्यते। न च प्रमाणेनापरोक्षीकृतस्य विस्मरणं सम्भवति वृत्त्यभावमात्रं तु न विस्मरणं चिन्तनादि-नाप्यनुपतिष्ठमाने एव विस्मृतं मयेति व्यवहारदर्शनादिति भावः। २. स्थितन्यायमिति न्यायसिद्धं विरोधमिति यावत्। ३. उक्तसम्बन्धेति-विषयग्रन्थसम्बन्धस्तु प्रतिपाद्यादिरूपः प्रसिद्ध एवेति नोक्तोऽप्युक्तप्राय एव पुरुषप्रयोजनसम्बन्धश्चोक्त एव उपलक्षणं चैतदधिकारिविषययोस्तयोरपि सूचितत्वादिति भावः।

प्रयोजनाया उपनिषदोऽल्पाक्षरं ग्रन्थविवरणमारभ्यते। य इमां ब्रह्मविद्यामुपयन्त्यात्मभावेन श्रद्धाभक्तिपुरःसराः सन्तस्तेषां गर्भजन्मजरारोगाद्यनर्थपूगं [६]निशातयति परं वा ब्रह्म गमयत्यविद्यादिसंसारकारणं चात्यन्तमवसादयति विनाशयतीत्युपनिषत्। उपनिपूर्वस्य सदेरेवमर्थस्मरणात्।

ॐ ब्रह्मा देवानां प्रथमः सम्बभूव विश्वस्य कर्ता भुवनस्य गोप्ता।
स ब्रह्मविद्यां सर्वविद्याप्रतिष्ठामथर्वाय ज्येष्ठपुत्राय प्राह ।।१।।

[सम्पूर्ण इन्द्रादि देवताओं में (ज्ञान वैराग्यादि के कारण बढ़ा हुआ) ब्रह्मा पहले स्वयं उत्पन्न हुआ। वह विश्व का रचयिता तथा सम्पूर्ण भुवन का पालन करने वाला था। उसने समस्त विद्याओं की आश्रयभूत- ब्रह्मविद्या का उपदेश अथर्वा को किया ।।१।।]

शङ्क्याऽऽह-यत्त्विति। लिङ्गस्य [२]न्यायोपबृंहितस्यैव गमकत्वाङ्गीकारात्समुच्चये च न्यायाभावात्प्रत्युत विरोधदर्शनान्न लिङ्गेन समुच्चयसिद्धिः। [३]सम्प्रदायप्रवर्तकानां च गार्हस्थ्यस्याऽऽभासमात्रत्वात्तत्त्वानुसन्धानेन मुहुर्मुहुर्बाधात्।

"यस्य मे चास्ति सर्वत्र यस्य मे नास्ति किञ्चन। मिथिलायां प्रदीप्तायां न मे किञ्चन दह्यते।।"

इत्युद्गारदर्शनात्[४]कर्माभासेन न समुच्चयः स्यात्तत्र[५] च विधिर्न दृश्यत इति भावः साधितं व्याख्येयत्वमुपसंहरति-एवमिति। ग्रन्थे कथमुपनिषच्छब्दप्रयोग इति शङ्कायामुपनिषच्छब्दवाच्यविद्यार्थत्वाल्लाक्षणिक इति दर्शयितुं विद्याया उपनिषच्छब्दार्थत्वमाह-य इमामिति। आत्मभावेनेति। प्रेमास्पदतयेत्यर्थः। अनर्थपूगं क्लेशसमूहं निशातयति [६]शिथिलीकरोत्य[७]परिपक्वज्ञानाद्[८]द्वित्रैर्जन्मभिर्मोक्षसम्भवादित्यर्थः।

इस उपनिषद् का सम्बन्ध और प्रयोजन बतला दिये हैं। अब उसका अल्पाक्षर ग्रन्थ-व्याख्यान प्रारम्भ करना सम्भव हो गया है। जो साधक इस ब्रह्मज्ञान को प्राप्त करते हैं, अर्थात श्रद्धा-भक्ति आदि साधन सम्पन्न हो आत्मभावेन ब्रह्म को जानते हैं, उनके गर्भवास, जन्म, जरा, रोग आदि सम्पूर्ण दुःख-समूह को यह ब्रह्मविद्या शिथिल कर डालती है। परब्रह्म को प्राप्त करा देती है और अविद्या आदि संसार-कारण को सर्वथा नष्ट कर डालती है। इसीलिए ब्रह्मविद्या को उपनिषद् कहते हैं क्योंकि उप-नि-पूर्वक सद् धातु का ऐसा ही अर्थ होता है। ऐसी ब्रह्मविद्या सम्पादक होने से ग्रन्थ को भी औपचारिक दृष्टि से उपनिषद् कहा गया है।

"ज्ञानमप्रतिमं यस्य वैराग्यं च जगत्पतेः । ऐश्वर्यं चैव धर्मश्च सह सिद्धं चतुष्टयम्" ।।

---

१. सदेः प्रथमोक्तमर्थं विशरणमादायाह निशातयतीति। २. न्यायेति न हि निषादस्थपतिं याजयेदिति निषादस्याशेष यज्ञविद्याधिकारे लिङ्गमभ्युपेयत इति भावः । ३. न्यायविरोधाल्लिङ्गस्यान्यथानेयत्वं दर्शयन्नाह-सम्प्रदायेत्यादि।
४. अस्तु तर्ह्यविरोधात्कर्माभासेनैव समुच्चय इत्याशङ्क्याह कर्मेत्यादि। ५. नेत्यत्र हेतुमाह-तत्र चेति। अविरोधेऽपि विध्यभावादेव न समुच्चयः निष्फलत्वाच्चेति चार्थः। ६. अवसादयतीति वक्ष्यमाणेन पौनरुक्त्यभ्रमं वारयितुं निशातयतीत्येतत्परिष्करोति शिथिलीकरोतीति। ७. परिपक्वज्ञानस्यात्यन्तमवसादयतीत्यत्र विवक्षितत्वादिह विवक्षितमाह-अपरिपक्वेति। विद्यामिति सामान्योक्तेरिति भावः। शिथिलीकरणं विशदयति द्वित्रैरिति। शनैर्नङ्क्ष्यद्धि लोके शिथिलीभवद्व्यपदिश्यते। अपरिपक्वेत्युक्त्या न यथाश्रुतस्यैव कारणत्वमयोगात् पक्वीभूतादिति च विवक्षितत्वादित्यवधेयम्। ८. द्वित्रैरिति कपिञ्जलाधिकरणन्यायेनेति ध्येयम्।

ब्रह्मा परिवृढो महान्धर्मज्ञानवैराग्यैश्वर्यैः सर्वानन्यानतिशेत इति। देवानां द्योतनवतामिन्द्रादीनां प्रथमो गुणैः प्रधानः सन्प्रथमोऽग्रे वा सम्बभूवाभिव्यक्तः सम्यक्स्वातन्त्र्येणेत्यभिप्रायः । न तथा यथा धर्माधर्मवशात्संसारिणोऽन्ये जायन्ते । [1]"योऽसावतीन्द्रियोऽग्राह्यः" इत्यादिस्मृतेः । विश्वस्य सर्वस्य जगतः कर्तोत्पादयिता । भुवनस्योत्पन्नस्य गोप्ता पालयितेति [2]विशेषणं ब्रह्मणो विद्यास्तुतये । स एवं प्रख्यातमहत्त्वो ब्रह्मा ब्रह्मविद्यां ब्रह्मणः परमात्मनो विद्यां ब्रह्मविद्याम् [3]'येनाक्षरं पुरुषं वेद सत्यम्' इति विशेषणात्परमात्मविषया हि सा । ब्रह्मणा वा ऽग्रजेनोक्तेति ब्रह्मविद्या । तां [4]सर्वविद्याप्रतिष्ठां सर्वविद्याभिव्यक्तिहेतुत्वात्सर्वविद्याश्रयमित्यर्थः । सर्वविद्यावेद्यं वा वस्त्वनयैव विज्ञायत इति। "येनाश्रुतं श्रुतं भवति अमतं मतमविज्ञातं विज्ञातम्" इति श्रुतेः। सर्वविद्याप्रतिष्ठामिति च स्तौति विद्यामथर्वाय ज्येष्ठपुत्राय प्राह ज्येष्ठश्चासौ पुत्रश्चा [5]नेकेषु-ब्रह्मणः सृष्टिप्रकारेष्वन्यतमस्य सृष्टिप्रकारस्य [6]प्रमुखे [7]पूर्वमथर्वा सृष्ट इति ज्येष्ठस्तस्मै ज्येष्ठपुत्राय प्राहोक्तवान् ।।१।।

"ज्ञानमप्रतिमं यस्य वैराग्यं च जगत्पतेः । ऐश्वर्यं चैव धर्मश्च सह सिद्धं चतुष्टयम्।।"
इति स्मरणाद्धर्मज्ञानवैराग्यैश्वर्यैः सर्वानन्यानतिक्रम्य वर्तत इति परिवृढत्वं सिद्धमित्यर्थः।
"योऽसावतीन्द्रियोऽग्राह्यः सूक्ष्मोऽव्यक्तः सनातनः । सर्वभूतमयोऽचिन्त्यः स एष स्वयमुद्भौ ।।"
'स्वयमुद्भूतः[8] शुक्रशोणितसंयोगमन्तरेणाऽऽविर्भूतः'- इति स्मृतेः। स्वातन्त्र्यं गम्यत इत्यर्थः। वाक्योत्थबुद्धिवृत्त्यभिव्यक्तं ब्रह्मैव ब्रह्मविद्या। तच्च ब्रह्म सर्वाभिव्यञ्जकम्। ततः सर्वविद्यानां व्यञ्जकतयाऽऽश्रीयत[9] इति सर्वविद्याश्रयाऽथवा सर्वविद्यानां प्रतिष्ठा परिसमाप्तिर्भवति यस्यामुत्पन्नायां ज्ञातव्याभावात्सा सर्वविद्याप्रतिष्ठेत्याह- सर्वविद्यावेद्यं वेति ।।१।।२।।

जिस जगत्पति में निःसीम ज्ञान, निःसीम वैराग्य, ऐश्वर्य और धर्म ये चारों एक साथ हों, उसको ब्रह्मा कहते हैं। इन ज्ञानादि के द्वारा ब्रह्मा सभी से बढ़ा-चढ़ा है। इसलिए उसे ब्रह्मा कहते हैं। द्योतन गुणवाले इन्द्रादि सभी देवताओं में गुणों के कारण वह ब्रह्मा प्रथम अर्थात् प्रधान है। अथवा इन्द्रादि-देवताओं से पहले वह शुक्र शोणित सम्बन्ध के विना ही स्वतन्त्र रूप से अभिव्यक्त हुआ। जैसे पुण्य-पाप कर्मवशात् संसारी जीव उत्पन्न होते हैं, उस प्रकार ब्रह्मा उत्पन्न नहीं हुआ। किन्तु स्वतन्त्र रूप से ही अभिव्यक्त हुआ था। जो वह इन्द्रियों से अतीत अग्राह्य, सूक्ष्म और अव्यक्त सनातन कहा गया है। वह स्वयं ही प्रकट हुआ' ऐसी स्मृति भी है। वह सम्पूर्ण जगत् का उत्पादक है। एवं उत्पन्न हुए का पालक है। ब्रह्मा जगत् का स्रष्टा है, ऐसा कहना तो ठीक, किन्तु वह पालक भी है, यह केवल ब्रह्मा का विशेषण ब्रह्मविद्या की स्तुति के लिए दिया है। इस प्रकार प्रख्यात महिमा वाले ब्रह्मा ने सम्पूर्ण विद्याओं की प्रतिष्ठा-रूप परमात्म-विद्या का उपदेश किया । "जिसके द्वारा त्रिकालाबाधित सत्य अक्षर पुरूष को

---

१. योऽसाविति। मनु० १।७ अत्र योऽसावतीन्द्रियग्राह्य इति पाठः कुल्लूकभट्टाभिमतः अतीन्द्रयं मनस्तद्ग्राह्य इति तेन व्याख्याततत्वादितिबोध्यम् २. विशेषणमिति विशेषणद्वयमित्यर्थ ३. मु० उ० १।२।१३ । ४. विशेषणोक्तिफलं वक्ति-सर्वेत्यादिना। ५. भृग्वादयः (भृग्वादयः इति महर्षय इत्यस्यार्थतोऽयं संग्रहः । सप्तपूर्वे इत्यादि विरोधमाशङ्क्य कल्पभेदमादाय समाधत्ते-अनेकेष्वित्यादिना । ६. प्रमुखे आरम्भ इति यावत् । ७. पूर्वं प्रजान्तरापेक्षयेत्यर्थः ८. भूत इत्यत्र भात इतियुक्तं वक्तुम् । ६. आश्रीयते-अपेक्ष्यतेऽङ्गीक्रियत इति वा अर्थः।

अथर्वणे यां प्रवदेत ब्रह्माऽथर्वा तां पुरोवाचाङ्गिरे ब्रह्मविद्याम् ।
स भारद्वाजाय सत्यवहाय प्राह भारद्वाजोऽङ्गिरसे परावराम् ।२।।

[जिस विद्या का उपदेश ब्रह्मा जी ने अथर्वा को किया था उसी ब्रह्मविद्या का उपदेश प्रचीनकाल में अथर्वा ने अंगि नामक मुनि को किया और अंगि ने भारद्वाज गोत्र में उत्पन्न हुए सत्यवह नामक मुनि से कहा तथा भरद्वाज पुत्र सत्यवह ने शिष्य एवं पुत्र परम्परा से आई हुई उस विद्या को अंगिरा से कहा ।। २।।]

यामेतामथर्वणे प्रवदेतावदद्ब्रह्मविद्यां ब्रह्मा तामेव ब्रह्मणः प्राप्तामथर्वा पुरा पूर्वमुवाचोक्तवानङ्गिरेऽङ्गिर्नाम्ने ब्रह्मविद्याम्। स चाङ्गिर्भारद्वाजाय भरद्वाजगोत्राय सत्यवहाय सत्यवहनाम्ने प्राह प्रोक्तवान् । भारद्वाजोऽङ्गिरसे स्वशिष्याय पुत्राय वा परावरां परस्मात्परस्मादवरेण प्राप्तेति परावरा परावरसर्वविद्याविषयव्याप्तेर्वा तां परावरामङ्गिरसे प्राहेत्यनुषङ्गः ।। २।।

जानते हैं । वह ही ब्रह्मविद्या है।" ऐसा विशेषण परमात्म विद्या का कहा गया है। महावाक्य से उत्पन्न ब्रह्माकार वृत्ति में अभिव्यक्त ब्रह्म को ही ब्रह्मविद्या कहते हैं। अथवा अग्रजन्मा ब्रह्मा के द्वारा कही गयी विद्या को ब्रह्मविद्या कहते हैं। सम्पूर्ण विद्याओं को अभिव्यक्ति का कारण होने से इसे सम्पूर्ण विद्याओं का आश्रय कहा गया है। अथवा सभी विद्याओं की वेद्य वस्तु इसी विद्या से जानी जाती है। इसके प्राप्त कर लेने पर कुछ भी प्राप्त करना शेष नहीं रहता। अतः समस्त विद्याओं की समाप्ति रूप होने के कारण भी इस ब्रह्मविद्या को सम्पूर्ण विद्याओं की प्रतिष्ठा कहते हैं। जिससे अश्रुत श्रुत हो जाता है, अमत मत हो जाता है, अविज्ञात विज्ञात हो जाता है।' ऐसी दूसरी श्रुति भी है। अतः सम्पूर्ण विद्याओं की प्रतिष्ठा कह कर इसकी महत्ता-प्रतिपादन द्वारा स्तुति करते हैं, ऐसी ब्रह्मविद्या का उपदेश स्वयम्भू ब्रह्मा ने अपने ज्येष्ठ पुत्र अथर्वा को किया था। ब्रह्मा की अनेक प्रकार की सृष्टियाँ हुई हैं, उनमें एक सृष्टि में अथर्वा को ही सर्व प्रथम सर्जन किया था। इसलिए अथर्वा ब्रह्मा का ज्येष्ठ पुत्र माना गया है। उस अपने ज्येष्ठ पुत्र अथर्वा को ब्रह्मा ने पूर्वोक्त विशेषण विशिष्ट ब्रह्मविद्या का उपदेश स्पष्टरूप से कर दिया ।। १।।

ब्रह्मा ने जिस ब्रह्मविद्या का उपदेश अथर्वा को किया था- ब्रह्मा से प्राप्त उसी ब्रह्मविद्या का उपदेश बहुत प्राचीन काल में अंगिरा नामक ऋषि को अथर्वा ने किया। पुनः अंगिरा ने भरद्वाज गोत्र में उत्पन्न सत्यवह नाम वाले ऋषि को किया और भारद्वाज ने अपने शिष्य या पुत्र अंगिरस को किया। पहले के वृद्धों से पश्चात् भावी ऋषियों ने इस ब्रह्मविद्या को प्राप्त किया था। इसलिए इसे परावर कहते हैं। अथवा ऊँची से ऊँची और निम्न कोटि की विद्याओं के विषय में व्याप्त होने से इस विद्या को परावर कहते हैं। ऐसी परावर सर्वोत्कृष्ट ब्रह्मविद्या को उपदेश भारद्वाज ने अंगिरस को किया। अन्तिम वाक्य में क्रिया वाचक पद न होने के कारण पूर्वोक्त वाक्य में कही गयी 'प्राह' क्रिया का सम्बन्ध इस अन्तिम वाक्य में भी कर लेना चाहिए ।। २।।

शुनक के पुत्र महान् गृहस्थ ने शास्त्र विधि के अनुसार भारद्वाज के शिष्य आचार्य अंगिरस के पास जाकर पूछा। शौनक और अंगिरस के सम्बन्ध से पहले सम्भवतः गुरु उपसदन विधि पूर्वक नहीं किया जाता था। ऐसा जान पड़ता है। इसलिये इस मन्त्र में 'विधिवत्' उपसन्नः यह विशेषण

शौनको ह वै महाशालोऽङ्गिरसं विधिवदुपसन्नः पप्रच्छ।
कस्मिन्नु भगवो विज्ञाते सर्वमिदं विज्ञातं भवतीति ।। ३।।

[शुनक के पुत्र प्रसिद्ध महागृहस्थ शौनक भारद्वाज के शिष्य आचार्य अंगिरा के पास विधि पूर्वक जाकर पूछा। भगवन्! किस वस्तु के जान लेने पर यह सब ज्ञातव्य पदार्थ जान लिया जाता है ? अर्थात् जिसे जानने के बाद फिर जानना शेष नहीं रह जाता ।। ३।।]

शौनकः शुनकस्यापत्यं महाशालो महागृहस्थोऽङ्गिरसं भारद्वाजशिष्यमाचार्यं विधिवद्यथाशास्त्रमित्येतत्। उपसन्न उपगतः सन्पप्रच्छ पृष्टवान्। शौनकाङ्गिरसोः सम्बन्धाद[1]र्वाग्विधिवद्विशेषणादुपसदनविधेः पूर्वेषामनियम इति गम्यते। [2]मर्यादाकरणार्थं [3]मध्यदीपिकान्यायार्थं वा विशेषणम्। [4]अस्मदादिष्वप[5]युपसदनविधेरिष्टत्वात्। किमित्याह-

---

[6]प्रश्नबीजमाह-एकस्मिन्निति। [7]**उपादानात्कार्यस्य पृथक्सत्त्वाभावादुपादाने ज्ञाते तत्कार्यं ततः पृथङ्नास्तीति ज्ञातं भवतीति सामान्यव्याप्तिस्त॒ लाद्वा पप्रछेत्याह**-अथवेति। **प्रश्नाक्षरा[8]ञ्जस्यमाक्षिप्य समाधत्ते**-नन्वविदिते हीत्यादिना। **किमस्ति तदिति प्रयोगेऽक्षरबाहुल्येनाऽऽयासः स्यात्तद्धीरुतया कस्मिन्नित्यक्षरा[9]ञ्जस्ये लाघवात्प्रश्न इत्यर्थः ।।३।।४।।**

दिया गया है। अथवा मध्य दीपिका न्याय बतलाने के लिए या मर्यादा करने के लिए उक्त विशेषण लगाया गया है क्योंकि समित्पाणि होकर विधिपूर्वक गुरू के पास जाना तो हम लोगों को भी इष्ट ही है।

क्या पूछा ? इस पर कहते हैं। हे भगवन्! किसके जानने पर यह सम्पूर्ण विज्ञेय वस्तु विशेष रूप से ज्ञात हो जाता है? ऐसा शौनक ने पूछा। इस मंत्र में 'भगवः' शब्द सम्बोधन के लिए आया है। और 'नु' यह अव्यय वितर्क अर्थ में है। एक के जान लेने पर सब कुछ ज्ञात हो जाता है, ऐसा शिष्ट पुरुषों का वचन शौनक ने सुना था। अब उसके सम्बन्ध मे विशेष जानने की इच्छा से 'कस्मिन्नु' ऐसे वितर्क करते हुए शौनक ने पूछा क्योंकि शिष्ट वचनों के द्वारा सामान्य रीति से ज्ञात होने पर भी विशेषरूप से ज्ञात न होने के कारण प्रश्न बन जाता है। अथवा जगत् कार्य है, इसकी सत्ता अपने उपादान कारण से पृथक् नहीं है। अतः उपादान कारण को जान लेने पर कार्य ज्ञात होता है ऐसी सामान्य व्याप्ति के बल से प्रश्न का होना अनिवार्य है। इस प्रकार लोक सामान्य दृष्टि से जानकर ही शौनक ने पूछा क्योंकि लोक में स्वर्णादि खण्ड विशेष लौकिक पुरूषों से स्वर्णत्वादि के जानने पर ज्ञात होते हुए देखे गये हैं। अतः सम्पूर्ण जगत् भेद का एक कौन-सा उपादान है, जिसके जानने पर विश्वज्ञात हो जायेगा? यदि शौनक को जगत् कारण सर्वथा अज्ञात था तो प्रश्न 'कस्मिन् इति इस प्रकार बनता नहीं। ऐसी दशा मे तो वह क्या है? इस प्रकार पूछना चाहिये था, क्योंकि अस्तित्व के सिद्ध

---

१. अर्वागिति उदगित्यर्थः। २. पूर्वेषामनियमज्ञानस्याकिञ्चित्करत्वेन विशेषणवैफल्यमाशङ्क्याह- मर्यादाकरणार्थमिति। उत्तरेषां नियमार्थमित्यर्थः ३. अस्तु वा पूर्वेषामपि नियम इत्येवास्थायात्रैव विशेषणस्य गतिमाह- मध्यदीपिकेति। देहलीदीपकेत्यर्थः। ४. मर्यादेत्यादि व्यनक्ति-अस्मदादिष्विति ५. मध्येत्यादि दीपयति- अपीति पूर्वेषु चेत्यर्थः। ६. प्रश्नबीजमिति सामान्यतो ज्ञानमित्यर्थः। ७. शाब्दबीजमुक्त्वाऽऽनुमानिकं तदाहेत्याह- उपादानादित्यादिना। ८. आञ्जस्यमितिआनुरूप्यमित्यर्थः। ९. अक्षराञ्जस्ये-अक्षरप्रयोगे इति यावत्। एवमपि नानुसूयं नाक्षराणामित्याख्यातुमेवमुक्तिरिति ध्येयम्।

कस्मिन्नु भगवो विज्ञाते नु इति वितर्के भगवो हे भगवन्सर्वं यदिदं विज्ञेयं विज्ञातं विशेषेण ज्ञातमवगतं भवतीत्येकस्मिञ्ज्ञाते सर्वविद्भवतीति शिष्टप्रवादं श्रुतवाञ्शौनकस्तद्विशेषं विज्ञातुकामः सन्कस्मिन्निति वितर्कयन्पप्रच्छ। अथवा लोकसामान्यदृष्ट्या ज्ञात्वैव पप्रच्छ। सन्ति लोके [1]सुवर्णादिशकलभेदाः सुवर्णत्वाद्येकत्वविज्ञानेन विज्ञायमाना लौकिकैः। तथा किंन्वस्ति सर्वस्य जगद्भेदस्यैकं कारणम्। [2]यदेकस्मिन्विज्ञाते सर्वं विज्ञातं भवतीति। [3]नन्वविदिते हि कस्मिन्निति [4]प्रश्नोऽनुपपन्नः। किमस्ति तदिति तदा प्रश्नो [5]युक्तः। सिद्धे ह्यस्तित्वे कस्मिन्निति स्यात्। यथा [6]कस्मिन्निधेयमिति। न। अक्षरबाहुल्यादायासभीरुत्वात्प्रश्नः [7]सम्भवत्येव कस्मिन्विज्ञाते सर्ववित्स्यादिति।।३।।

होने पर ही 'कस्मिन्' इस सप्तम्यन्त पद का प्रयोग हो सकता है। जैसे बहुत से आधार दीख रहे हों, तो इनमें से किस में अमुक वस्तु रक्खी जाय, ऐसा प्रश्न बनता है। सर्वथा अज्ञात रहने पर तो उक्त प्रकार का प्रश्न बनता ही नहीं, ऐसा कहना ठीक नहीं, क्योंकि वह क्या है, जिसके जानने पर सब ज्ञात हो जाता है, इस रीति से प्रश्न करने पर अक्षर अधिक हो जाने के कारण परिश्रम अधिक होगा। इस भय से मन्त्रोक्त रीति द्वारा प्रश्न होना सम्भव हो जाता है कि किस एक के जानने पर ज्ञाता सर्ववित् हो जाता है। इस प्रकार प्रश्न करने में लाघव ही है। अतः शौनक का मन्त्रोक्त प्रश्न करने का प्रकार ठीक ही है।।३।।

उस शौनक से अंगिरा ने कहा कि दो विद्या संसार में जानने योग्य हैं। ऐसा वेद के तात्पर्य को जानने वाले परमार्थदर्शी ब्रह्मज्ञानी लोग कहते है। वे कौन सी दो विद्या जानने योग्य है! इस पर ऋषि ने कहा कि परमात्मा को बतलाने वाली परा विद्या और पुण्य-पाप उनके साधन एवं फल को बतलाने वाली अपरा विद्या है।

शंङ्काः- किसके जानने पर सर्वज्ञ हो जाता है! ऐसा शौनक ने पूछा। इसके उत्तर में अंगिरा को यही बतलाना चाहिए था। दो विद्या जानने योग्य है, ऐसा अंगिरा का कहना बिना पूछे का ही उत्तर माना जायेगा। जिसके सम्बन्ध में शौनक ने पूछा ही नहीं, उनके उत्तर देने का उपक्रम अनुचित ही माना जायेगा। यह कोई दोष नहीं है। उत्तर देने में क्रम की अपेक्षा तो होती ही है। अपरा विद्या वस्तुतः अविद्या स्वरूप ही है। उसका निराकरण करना भी आवश्यक है। अपरा विद्या के विषय ज्ञात होने पर वास्तव में कुछ विदित नहीं होता है। इस प्रकार पूर्व पक्ष का खण्डन करने के बाद ही सिद्धान्त का निरूपण आवश्यक होता है। इस न्याय से खण्डनीय पक्ष और निरूपणीय पक्ष, उभय को बतलाना कोई अनुचित नहीं है ।।४।।

इन दोनों में अपरा विद्या कौनसी है? इस प्रश्न का उत्तर श्रुति आगे दे रही है कि ऋग्वेद,

१. सुवर्णादिशकलभेदा इति सुवर्णादिखण्डात्मकाभूषणभेदा इत्यर्थः। २. यदेकस्मिन्निति यस्मिन्नेकस्मिन्निति समासः। ३. अविदित इति अनिश्चितास्तित्वे इत्यर्थः ४. प्रश्नोऽनुपपन्न इति कस्मिन्निति सप्तम्या अस्तित्वनिश्चयावद्योतकत्वेन अस्तित्वनिश्चयात् प्राक्सप्तमीघटितप्रश्नो न न्याय्य इति भावः। ५. युक्त इति किमस्ति तदिति प्रथमाघटितप्रश्नस्यास्तित्वप्रश्नगर्भितत्वेन स न्याय्य इत्यर्थः। ६. कस्मिन्निधेयमिति निधानाधारनिश्चये हि सत्ययं प्रश्नस्तद्वदित्यर्थः । ७. सम्भवत्येवेति-अस्यापि प्रश्नस्यास्तित्वप्रश्नगर्भत्वानपायादिति भावः।

तस्मै स होवाच। द्वे विद्ये वेदितव्ये इति ह स्म यद्ब्रह्मविदो वदन्ति परा चैवापरा च।।४।।

[उस शौनक से अंगिरा ने कहा, कि ब्रह्मबेताओं ने कहा है, जानने योग्य विद्याएँ दो ही हैं। एक परा और दूसरी अपरा। परमात्मा विद्या को परा और धर्माधर्म के साधन, उनके फल सम्बन्धी विद्या को अपरा कहते हैं।।४।।]

तस्मै शौनकायाङ्गिरा ह किलोवाच। किमित्युच्यते। द्वे विद्ये वेदितव्ये इति। एवं ह स्म किल [1]यद्ब्रह्मविदो वेदार्थाभिज्ञाः परमार्थदर्शिनो वदन्ति। के ते इत्याह। परा च परमात्मविद्या। अपरा च धर्माधर्म[2]साधनतत्फलविषया। ननु कस्मिन्विदिते सर्वविद्भवतीति शौनकेन पृष्टं तस्मिन्वक्तव्येऽपृष्टमाहाङ्गिरा द्वे विद्ये इत्यादि। नैष दोषः। क्रमापेक्षत्वात्प्रतिवचनस्य। [3]अपरा हि विद्याऽविद्या सा निराकर्तव्या। तद्विषये हि विदिते [4]न किञ्चित्तत्त्वतो विदितं स्यादिति। निराकृत्य हि पूर्वपक्षं पश्चात्सिद्धान्तो वक्तव्यो भवतीति न्यायात्।।४।।

कल्पः [5]सूत्रग्रन्थः। अनुष्ठेयक्रमः कल्प इत्यर्थः। अविद्याया अपगम एव परप्राप्तिरुपचर्यते। अविद्यापगमश्च ब्रह्मावगतिरेवेति व्याख्यातमस्माभिर्ज्ञातोऽर्थस्तज्ज्ञप्तिर्वाऽविद्यानिवृत्तिरित्येतद्व्याख्यानावसरे। अतोऽधिगमशब्दोऽत्र प्राप्तिपर्याय एवेत्याह- न च परप्राप्तेरिति। **साङ्गानां वेदानामपरविद्यात्वेनोपन्यासात्ततः पृथक्करणाद्वेद[6]बाह्यतया ब्रह्मविद्यायाः परत्वं न सम्भवतीत्याक्षिपति-** नन्विति। **[7]"या वेदबाह्याः स्मृतयो याश्च काश्च कुदृष्टयः। सर्वास्ता निष्फलाः प्रेत्य तमोनिष्ठा हि ताः स्मृताः"**

इति स्मृतेः कुदृष्टित्वादनुपादेया स्यादित्यर्थः। विद्याया वेदबाह्यत्वे तदर्थानामुपनिषदामप्यृग्वेदादिबाह्यत्वं प्रसज्येतेत्यर्थः। वेदबाह्यत्वेन पृथक्करणं न भवति। किन्तु वैदिकस्यापि ज्ञानस्य [8]वस्तुविषयस्य [9]शब्दराश्यतिरेकाभिप्रायेणेत्याह- न वेद्यविषयेति।।५।।

यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद, ये चारों वेद हैं और शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द एवं ज्योतिष ये छः वेद के अङ्ग हैं। इस सम्पूर्ण अक्षर राशि को अपरा विद्या कहा है। उक्त अपरा विद्या से भिन्न यह परा विद्या कही गई हैं जिसके द्वारा आगे कहे जाने वाले विशेषणों से विशिष्ट उक्त अक्षर ब्रह्म प्राप्त हो जाता है। अधिपूर्वक 'गम्' धातु का प्रायशः प्राप्ति अर्थ ही होता है। पर ब्रह्म की प्राप्ति और अवगम इन दोनों का कोई भिन्न अर्थ नहीं है। अविद्या का हट जाना ही परमेश्वर की प्राप्ति है और कोई दूसरा अर्थ नहीं है।

---

१. यदिति ये इत्यर्थः। यस्मादिति वा। २. तदिति बोध्यम्। ३. ननु क्रमापेक्षायामपि परां पुरोक्त्वा ततस्तद्विषयोक्तिरेव न्याय्याऽपरोक्तिस्तु क्वोपयुज्यत इत्याशङ्क्याह-अपरा हीति। ४. न किञ्चिदिति-तया यद्विदितं न तद् याथात्म्येनाध्यस्तमात्रविषयत्वात्तस्या इति भावः। त्रैगुण्यविषया वेदा इति स्मृतेः। ५. सूत्रग्रन्थ इति कात्यायनाश्वलायनापस्तम्बबौधायनादिमुनिरचितसूत्रसन्दर्भ इत्यर्थः। तद्विषयं व्यनक्ति-अनुष्ठेयक्रमः कल्प इति। कल्प्यते समर्थ्यते यागप्रयोगोऽनेनेति व्युत्पत्तेः। ६. बाह्यतया- अनन्तर्गतत्वेनेत्यर्थः। ७. या वेदेति मनु. १२. अ. ९५. श्लोक. अत्र तमोनिष्ठत्वं नरकफलत्वमिति कुल्लूकभट्टः- अज्ञानमूलकत्वमिति वाऽवगन्तुमर्हम्। ८. धर्मज्ञानस्यापि पृथगुक्तिप्रसङ्गं वारयितुं विशिनष्टि-वस्तुविषयस्येति। ९. शब्दराश्यतिरेकेति शब्दसमूहात्मकवेदापेक्षया भेदेत्यर्थः।

सबका कारणरूप परमात्मा ही सम्पूर्ण भूतों में द्रष्टा, श्रोता, मन्ता एवं विज्ञातारूप से स्थित है। और पञ्चाग्नि द्वारा जो प्रजा संसार में संसरण करती रहती है, वह भी उस परमात्म पुरुष से ही उत्पन्न होती है। इसी बात को आगे के मन्त्र से कहते हैं। उस परम पुरुष परमात्मा से प्रजा का अवस्थान विशेष रूप अग्नि उत्पन्न होती है। यहाँ पर पञ्चाग्नि विद्या में बतलाये गए द्युलोक रूप अग्नि अर्थ समझना चाहिए अर्थात् अग्नि शब्द का द्युलोक अर्थ करना चाहिये। अतः वह विशिष्ट अग्नि है, जिसकी समिधा सूर्य है क्योंकि सूर्य से ही द्युलोक प्रदीप्त होता है। इसलिए समिधा न होते हुए भी सूर्य को स्मृति ने समिधा कहा है। जैसे समिधा से तार्ण वह्नि प्रदीप्त होती है, वैसे ही सूर्य से द्युलोक प्रदीप्त होता है। उस द्युलोक में आहुति की गई श्रद्धा सोमरूप से सम्पन्न होती है। उस सोम से पर्जन्य रूप द्वितीय-अग्नि उत्पन्न होती है पुनः पर्जन्य से पृथिवी में औषधियाँ उत्पन्न होती हैं, एवं पुरुषरूप अग्नि में उपादान भूत आहुति की गई औषधि से रेत (वीर्य) उत्पन्न होता है। इसीलिये पुरुष को अग्नि कहा गया है। पुनः पुरुष उस रेत को स्त्रीरूप अग्नि में आहुति करता है। इस क्रम से ब्राह्मणादि बहुत-सी प्रजायें उस पर पुरुष परमात्मा से उत्पन्न हुई हैं।

---

१. कर्मसाधनानीति कर्मात्मकानि साधनानीत्यर्थः। २. नियताक्षरैः पादसमाप्तिर्येषां ते तथोक्ताः। ३.स्तोभा-दीत्यादिनाऽर्थवद्वर्णग्रहस्तथा च गीयमानस्तोभादिवर्णविशिष्टमित्यर्थः। ४.मौञ्ज्यादीति-आदिनामङ्गलसूत्रा-दिग्रहः ५. तस्येति यजमानस्येत्यर्थः।

तस्माच्च देवा बहुधा सम्प्रसूताः साध्या मनुष्याः पशवो वयाꣳसि।
प्राणापानौ व्रीहियवौ तपश्च श्रद्धा सत्यं ब्रह्मचर्यं विधिश्च ।।७।।

[उस पुरुष से ही (कर्म के अङ्गभूत) बहुत से वसु आदि देवता उत्पन्न हुए हैं तथा साध्यगण कर्माधिकारी मनुष्य, पशु-पक्षी, श्वास, उच्छ्वास, व्रीहियवादि हविष्यान्न, तप (सम्पूर्ण पुरुषार्थ के साधनों के एक मात्र कारण), आस्तिक्य बुद्धिरूप श्रद्धा, हित-मित भाषण, अष्ट मैथुनो का त्याग रूप ब्रह्मचर्य और विधि से सभी उस पुरुष से ही उत्पन्न हुए हैं।।७।।]

तस्माच्च पुरुषात्कर्माङ्गभूता देवा बहुधा वस्वादिगणभेदेन सम्प्रसूताः सम्यक्प्रसूताः। साध्या देवविशेषाः मनुष्याः कर्माधिकृताः। पशवो ग्राम्यारण्याः। वयांसि पक्षिणः। जीवनं

द्युलोक रूप अग्नि में श्रद्धा की आहुति डाली जाती है। वहाँ श्रद्धा सोमरूप से निष्पन्न होती है, उस श्रद्धा को पर्जन्य रूप अग्नि में देवता लोग हवन करते हैं। जब वह सोमपर्जन्य में वर्षारूप से परिणत होता है तो फिर पर्जन्य पृथिवीरूप अग्नि में उसे जलरूप से वर्षा देता है। पृथ्वी के संसर्ग से जब वह औषधि का रूप धारण कर लेता है, तो उस औषधि का हवन पुरुष रूप अग्नि में करने पर अन्तिम परिणाम वीर्य तैयार हो जाता है और उस रेत का हवन जब पुरुष स्त्री में करता है तब वह जन्म के बाद पुरुष संज्ञा को प्राप्त होता है। इस प्रकार पञ्चाग्नि द्वारा संसरण करने वाली बहुत-सी प्रजाएं उस परमात्मा से ही उत्पन्न होती है।।५।।

'किं बहुना' कर्मों के साधन और फल भी उस परमात्मा से ही उत्पन्न हुए हैं। इसी को श्रुति कहती है- कैसे? उस परमात्मा पुरुष से नियत अक्षर और पाद के रूप में समाप्त होने वाले गायत्री आदि छन्दों से विशिष्ट ऋग्मंत्र उत्पन्न हुए हैं- हिङ्कार, प्रस्ताव, उद्गीथ, प्रतिहार और निधन नामक पांच अवयव वाले पाञ्चभक्तिक तथा हिङ्कार, प्रस्ताव, उद्गीथ, प्रतिहार, स्तोभ, उपद्रव और निधन नामक सात अवयव वाले साप्तभक्तिक स्तोभ आदि गीत से विशिष्ट साम पैदा हुआ है। जिनके अक्षर और पाद नियत नहीं है, ऐसे यजुर्मन्त्र उसी परमात्मा से पैदा हुए। इस प्रकार पूर्वोक्त त्रिविध मंत्र उस परमात्मा से उत्पन्न हुए हैं। मौञ्जी बन्धन आदि यज्ञ कर्ता के नियम विशेष को दीक्षा कहते हैं। ऐसी दीक्षा भी उस परमात्मा से ही उत्पन्न हुई है। सभी अग्निहोत्रादि यज्ञ यूपके सहित क्रतु उसी से उत्पन्न हुए हैं। एक गौ से लेकर अपरिमित सर्वस्व दान रूप दक्षिणा और कर्मों के अङ्ग संवत्सर रूप काल, कर्ता यजमान भी उसी से उत्पन्न हुए हैं। उस कर्ता के लिये कर्म फल रूप लोक उसी से उत्पन्न हुए हैं। जिन लोकों को सोम पवित्र करता है, और जहाँ पर लोकों को सूर्य तपाता है। ऐसे दक्षिणायन और उत्तरायण मार्ग द्वारा प्राप्त होने योग्य कर्मी और उपासक के फलरूप लोक, उस परमेश्वर से ही उत्पन्न हुए हैं।।६।।

उसी परमात्मा से कर्मों के अङ्गभूत वसु आदि गणरूप अनेक देवता सम्यक् प्रकार से उत्पन्न हुए है। देवताओं की जाति विशेष साध्यगण, कर्म के अधिकारी मनुष्य, ग्रामीण और आरण्यक पशु एवं पक्षी उसी परमात्मा से उत्पन्न हुए हैं। प्राणापान मनुष्यादि के जीवन हैं। व्रीहि और यव हविष्य के लिये उसी परमेश्वर से उत्पन्न हुए हैं। पुरुषों के संस्कार के लिए कर्माङ्ग और स्वतन्त्र फल के साधन रूप तप उस परमात्मा से उत्पन्न हुए, दीक्षित यजमान में से ब्राह्मण के लिए पयोव्रत, क्षत्रिय के लिये यवागू (लपसी) और वैश्य के लिए छेना खाकर व्रत करने का विधान है। कृच्छ्रचान्द्रायण आदि व्रत

च मनुष्यादीनां प्राणापानौ। व्रीहियवौ हविरर्थौ, तपश्च कर्माङ्गं [1]पुरुषसंस्कारलक्षणं स्वतन्त्रं च फलसाधनम्। श्रद्धा यत्पूर्वकः सर्वपुरुषार्थसाधन[2]प्रयोगश्चित्तप्रसाद आस्तिक्य-बुद्धिस्तथा सत्यमनृतवर्जनं यथाभूतार्थवचनं चापीडाकरम्। ब्रह्मचर्यं मैथुनासमाचारः। विधिश्चेतिकर्तव्यता[3] ।।७।।

[तपश्च कर्माङ्गमिति। **पयोव्रतं ब्राह्मणस्य यवागू[4] राजन्यास्याऽऽमिक्षा[5] वैश्यस्येत्यादिविहितं स्वतन्त्रं कृच्छ्रचान्द्रायणादीत्यर्थः**] ।।७।।

को भी तप कहते हैं। श्रद्धापूर्वक संपूर्ण पुरुषार्थ प्राप्ति के लिए साधन करने पर चित्त की जो स्वस्थता होती है, तत्पश्चात् स्वच्छ अन्तःकरण में परलोक पुनर्जन्म एवं परमेश्वर में आस्तिक्य बुद्धि होती है, उसे श्रद्धा कहते हैं। ऐसी श्रद्धा परमात्मा से उत्पन्न हुई। जैसा अनुभव किया हो वैसे ही दूसरे को पीड़ा न देने वाले मधुर शब्द में भाषण को सत्य कहते हैं। अष्टधा मैथुन के अभाव को ब्रह्मचर्य कहते है और इति-कर्तव्यता को विधि कहते हैं। ये सब भी उस परमात्मा से ही उत्पन्न हुए हैं।।७।।

शिरःस्थ दो कान, दो आंख, दो नाक, और एक मुखको इस मंत्र में 'सप्तप्राणाः' शब्द कहा गया है। सप्त प्राण उसी परमात्मा से उत्पन्न होते हैं इतना ही नहीं किन्तु सदा उसी परमेश्वर से प्रकाश पाकर ये अपने व्यापार में समर्थ भी होते है। विषयों के प्रकाशन के लिए पूर्वोक्त सात प्राणों की दीप्तियाँ (वृत्तियाँ) उसी से उत्पन्न हुई है। समिधा स्थानीय सात विषय उसी से उत्पन्न हुए हैं। विषयों से ही नेत्रादि इन्द्रियाँ प्रदीप्त होती है। इसलिए विषयों को समिधा कहा गया। विषयों के साथ इन्द्रियों के सम्बन्ध होने पर जो यथार्थ बोध होता है, उसे होम कहते हैं। ये सप्तविधि होम भी उसी से उत्पन्न हुए हैं। 'विषयों का जो विज्ञान है, उसे हवन करता है' ऐसा अन्य श्रुतियों में भी कहा गया है। वैसे ही गोलकों में इन्द्रियाँ विचरती है, वे शिरःस्थ सात इन्द्रिय-गोलक उसी परमात्मा से उत्पन्न हुए हैं। जिनमें प्राण विचरते हैं, ऐसा प्राणों का विशेषण देकर प्राण-अपान आदि की व्यावृत्ति की गयी है अर्थात् प्राण शब्द का अर्थ प्राण-अपान आदि नहीं करना चाहिये। किन्तु जैसा पहले किया गया है, वैसा ही ठीक है। सुषुप्तावस्था में सातों प्राण शरीर या इन्द्रिय रूप गुफा में शयन करते हैं। इसलिये इन्हें गुहाशय कहा गया है। ऐसे प्रत्येक प्राणियों के लिये परमेश्वर ने पूर्वोक्त सात प्राणों की व्यवस्था की है, विशेष क्या कहें,- संक्षेप में इतना ही समझना चाहिए कि यह सम्पूर्ण संसार और हम परमात्म स्वरूप ही हैं, ऐसी भावना पूर्वक परमेश्वर की आराधना बुद्धि से जो यजन करते हैं, इन आत्मयाजी उपासकों के कर्म और उनके फल तथा कर्मी के कर्म उनके साधन और फल सब कुछ उस सर्वज्ञ परमपुरुष परमात्मा से ही उत्पन्न हुए हैं। यही इस प्रकरण का अर्थ है।।८।।

इस पुरुष से सभी लवणादि समुद्र, हिमालयादि पर्वत भी उत्पन्न हुए हैं। अनेक रूप में लोक हित के लिए बहने वाली गंगादि पवित्र नदियाँ इस परमेश्वर से उत्पन्न होकर प्रवाहित होती रहती है, व्रीहि, यव आदि सभी औषधियाँ उसी परमात्मा से उत्पन्न हुईं। जिन रसों से लिङ्ग शरीर रूप अन्तर आत्मा स्थित रहता, जो कि पञ्चस्थूल भूतों से परिवेष्टित है शरीर और आत्मा के मध्य

१. पुरुषसंस्कारेति येन पुरुषः संस्कृतो भवति कर्मानुष्ठानयोग्यतापन्नो भवतीत्यर्थः। २. प्रयोगोऽनुष्ठानम्।
३. इतिकर्तव्यतेति। इदमित्थं करणीयमित्यनुष्ठानप्रकार इत्यर्थः। ४. यवागूरुष्णिका श्राणा लोके लप्सीतिख्याता।
५. आमिक्षा क्वथितोष्णपयसि दधिसंयोजनाद्या भवति विकृताख्या सेत्यर्थः।

सप्त प्राणाः प्रभवन्ति तस्मात्सप्तार्चिषः समिधः सप्त होमाः।
सप्त इमे लोका येषु चरन्ति प्राणा गुहाशया निहिताः सप्त सप्त।।८।।

[उस पुरुष से ही (दो नेत्र, दो श्रोत्र, दो घ्राण और एक मुख- ये मस्तकस्थ)सात प्राण उत्पन्न होते हैं। उसी से (अपने-अपने विषयों को प्रकाशित करने वाली) उनकी सात दीप्तियाँ, सात विषय रूप समिधा, विषय विज्ञान रूप होम और जिन गोलकों में ये प्राण सञ्चार करते हैं, वे सात स्थान प्रकट हुए हैं। इस प्रकार प्रतिदेह में स्थापित ये सात-सात पदार्थ (उसी पुरुष से ही उत्पन्न हुए हैं, ऐसा आत्मयाजी पुरुष को जानना चाहिये।)]।।८।।

किञ्च सप्त [१]शीर्षण्या प्राणास्तस्मादेव पुरुषात्प्रभवन्ति। तेषां च सप्तार्चिषो दीप्तयः स्वविषय[२]विद्योतनानि। तथा सप्त समिधः सप्त विषयाः। विषयैर्हि समिध्यन्ते प्राणाः। सप्त होमास्तद्विषय[३]विज्ञानानि "यद[४]स्य विज्ञानं [५]तज्जुहोति" इति श्रुत्यन्तरात्। किञ्च सप्तेमे लोका [६]इन्द्रियस्थानानि येषु चरन्ति सञ्चरन्ति [७]प्राणाः। प्राणा येषु चरन्तीति प्राणानां विशेषण[८]मिदं प्राणापानादि[९]निवृत्त्यर्थम्। गुहायां शरीरे हृदये वा स्वापकाले [१०]शेरत इति गुहाशयाः। निहिताः स्थापिता धात्रा सप्त सप्त प्रतिप्राणिभेदम् यानि चाऽऽत्मयाजिनां विदुषां कर्माणि कर्मफलानि चाविदुषां च कर्माणि तत्साधनानि कर्मफलानि च सर्वं चैतत्परस्मादेव पुरुषात्सर्वज्ञात्प्रसूतमिति प्रकरणार्थः।।८।।

आत्मयाजिनामिति। **सकलमिदमहं च परमात्मैवेतिभावनापूर्वकं परमेश्वराराधनबुद्ध्या ये यजन्ति तेषामित्यर्थः।।८।।**

में रहकर आत्मवत् प्रतीत होता है। इसीलिए सूक्ष्म शरीर को इस मन्त्र में अन्तरात्मा कहा गया है।।९।।

इस प्रकार परमात्मा से ही ये सब उत्पन्न हुए। अतः ये नाम रूप विकार वाणी से कहने मात्र के लिये हैं। यानि मिथ्या हैं, परमात्मा से भिन्न उनकी सत्ता नहीं। इसलिए परमात्मा ही सत्य है; अतएव यह सम्पूर्ण विश्व परमात्म स्वरूप ही है। परमात्मा से भिन्न कुछ भी नहीं है। अतः जो पहले शौनक ने पूछा था कि हे भगवन्! किसके जानने पर सब कुछ ज्ञात हो जाता है, उसका यही उत्तर है कि सम्पूर्ण विश्व के कारण इस परमात्म पुरुष को जान लेने पर सम्पूर्ण विश्व परमात्मा ही है, अन्य कुछ भी नहीं है, ऐसा विज्ञात हो जाता है। अधिष्ठान से भिन्न कल्पित वस्तु की सत्ता नहीं मानी गई है। इसलिए यह कल्पित नामरूपात्मक जगत् अपने अधिष्ठान, ब्रह्मस्वरूप ही है। यह विश्व क्या है? ऐसी आकाँक्षा होने पर कहते हैं कि अग्निहोत्रादि रूप कर्म, कृच्छ्रचान्द्रायण आदि तप तथा ज्ञानादि तप, उस

---

१. शीर्षण्या इति घ्राणाक्षिश्रवणद्वयं वाक्चेत्यर्थः। २. अवद्योतानि-वृत्तिप्रयुक्ताः प्रकाशाः फलचैतन्यरूपा इत्यर्थः। ३. विज्ञानानि = वृत्तयः। ४. अस्येति। विषयस्येत्यर्थः। ५. म. नारा.। ६. इन्द्रियस्थानानि गोलकानि। ७. प्राणाः- गौणा इन्द्रियाणीत्यर्थ। ८. इदमिति चरन्तीत्येतदित्यर्थः। ९. निवृत्त्यर्थमिति गोलकेषु प्राणापानादीनामचरणादिति भावः। १०. शेरत इति लीयन्त इत्यर्थः।

अतः समुद्रा गिरयश्च सर्वेऽस्मात्स्यन्दन्ते सिन्धवः सर्वरूपाः ।
अतश्च सर्वा ओषधयो रसश्च येनैष भूतैस्तिष्ठते ह्यन्तरात्मा।।९।।
पुरुष एवेदं विश्वं कर्म तपो ब्रह्म परामृतम् ।
एतद्यो वेद निहितं गुहाया सोऽविद्याग्रन्थिं विकिरतीह सोम्य।।१०।।

इति द्वितीयमुण्डके प्रथमः खण्डः ।।१।।

[इस पुरुष से ही क्षारादि सात समुद्र और हिमालयादि समस्त पर्वत उत्पन्न हुए हैं। गङ्गा आदि अनेक रूपों वाली नदियाँ इसी से प्रवाहित होती हैं। इसी से व्रीहि, यवादि सम्पूर्ण औषधियाँ तथा मधुरादि षड्विध रस उत्पन्न हो रहे हैं। जिस रस से भूतों से परिवेष्टित हुआ यह अन्तरात्मा स्थित होता है।।९।। यह सारा जगत् अग्निहोत्रादि रूप कर्म ज्ञानरूप तप पुरुष स्वरूप ही है। यह सब परामृत स्वरूप ब्रह्म ही है। उसे जो सम्पूर्ण प्राणियों के हृदय में स्थित जानता है। हे प्रिददर्शन! वह इस विज्ञान के द्वारा इस लोक में जीते जी अविद्या ग्रन्थि का छेदन कर डालता है।।१०।।

।। इति द्वितीयमुण्डके प्रथम खण्डः ।।

अतः पुरुषात्समुद्रा सर्वे [1]क्षाराद्याः। गिरयश्च हिमवदादयोऽस्मादेव पुरुषात्सर्वे। स्यन्दन्ते स्त्रवन्ति गङ्गाद्याः सिन्धवो नद्यः सर्वरूपा बहुरूपाः। अस्मादेव पुरुषात्सर्वा ओषधयो व्रीहियवाद्याः। रसश्च मधुरादिः षड्विधो येन [2]रसेन भूतैः पञ्चभिः स्थूलैः परिवेष्टितस्तिष्ठते तिष्ठति ह्यन्तरात्मा लिङ्गं सूक्ष्मं शरीरम्। तद्ध्यन्तराले शरीरस्याऽऽत्मनश्चा[3]ऽऽत्मवद्वर्तत इत्यन्तरात्मा।।९।।

एवं पुरुषात्सर्वमिदं सम्प्रसूतम्। अतो वाचारम्भणं विकारो नामधेयमनृतं पुरुष इत्येव सत्यम्। अतः पुरुष एवेदं विश्वं सर्वम्। न विश्वं नाम पुरुषादन्यत्किञ्चिदस्ति। अतो यदुक्तं तदेतदभिहितं कस्मिन्नु भगवो विज्ञाते सर्वमिदं विज्ञातं भवतीति। एतस्मिन्हि परस्मिन्नात्मनि सर्वकारणे पुरुषे विज्ञाते पुरुष एवेदं विश्वं नान्यदस्तीति विज्ञातं भवतीति। किं पुनरिदं विश्वमित्युच्यते। कर्माग्निहोत्रादिलक्षणम्। तपो ज्ञानं तत्कृतं

यत्पृष्टं कस्मिन्नु भगवो विज्ञाते सर्वमिदं विज्ञातं भवतीति तन्निरूपितम्। सर्वमिदं परमात्मनो

ब्रह्म के कार्य हैं। अतः ब्रह्मस्वरूप ही हैं। वह ब्रह्म परम अमृतरूप है, वही मैं हूँ। इस प्रकार जो सभी प्राणियों के हृदय में स्थित ब्रह्म को जान लेता है, वह ऐसे विज्ञान से वासना के सहित अत्यन्त दृढ़ ग्रन्थि की भाँति प्रतीत होने वाली अविद्या ग्रन्थि को जीवन काल में ही नाश कर डालता है; न कि मरने पर। हे प्रियदर्शन ! ब्रह्मज्ञान का फल सद्योमुक्ति है, जो इस तत्त्ववेत्ता को जीते जी प्राप्त हो जाता है ।१०।।

---

१. क्षाराद्या इति क्षीरोदकेक्षुरसोदकदध्युदकशुद्धोदकसुरोदका इति सप्तसागराः-तत्र क्षारोदः प्रसिद्ध एव-सुरोदश्चेक्षुरसोदानन्तरं द्रष्टव्यः। २. रसेन पोषितैरित्यर्थः। ३. आत्मवदिति तादात्म्याध्यासादिति भावः।

आविः संनिहितं गुहाचरं नाम महत्पदमेत्रैत-
त्समर्पितम् । एजत्प्राणन्निमिषच्च यदेतज्जानथ
सदसद्वरेण्यं परं विज्ञानाद्यद्वरिष्ठं प्रजानाम् ।।१।।

[यह प्रकाशमान् ब्रह्म सबके हृदय में सम्यक् प्रकार से स्थित है। वह श्रवणादि द्वारा बुद्धिरूपी गुफा में उपलब्ध होने के कारण गुहाचर नाम वाला सबसे बड़े होने के कारण महत् पद है। इसी में चलने-फिरने वाले पक्षी आदि, प्राणन करने वाले मनुष्यादि एवं निमेष-उन्मेष आदि क्रियावाले ये सभी जीव समर्पित हैं। तुम इसे सदसत् स्वरूप, सबका प्रार्थनीय, प्रजाओं के विज्ञान से परे और सभी श्रेष्ठ पदार्थों में भी श्रेष्ठ जानो।।१।।]

फलमन्यदेतावद्धीदं सर्वम्। तच्चैतद्ब्रह्मणः कार्यं तस्मात्सर्वं ब्रह्म परामृतं परममृतमहमेवेति यो वेद निहितं स्थितं गुहायां हृदि सर्वप्राणिनां स एवं विज्ञानादविद्याग्रन्थिं ग्रन्थिमिव दृढीभूतामविद्यावासनां विकिरति विक्षिपति नाशयतीह जीवन्नेव न मृतः सन्हे सोम्य प्रियदर्शन ।।१०।।

इत्यथर्ववेदीयमुण्डकोपनिषद्भाष्ये द्वितीयमुण्डके प्रथम खण्डः।।१।।

अरूपं सदक्षरं केन प्रकारेण विज्ञेयमित्युच्यते। आविः प्रकाशं सन्निहितं [१]वागाद्युपाधिभिर्ज्वलति भ्राजतीति श्रुत्यन्तराच्छब्दादीनुपलभमानवदवभासते। दर्शनश्रवणमनन-विज्ञानाद्युपाधिधर्मैराविर्भूतं सल्लक्ष्यते हृदि सर्वप्राणिनाम् । यदेतदाविर्ब्रह्म सन्निहितं

जायते। अतस्तावन्मात्रं सर्वं तस्मिन्विज्ञाते विज्ञातं भवतीत्य[२] विद्याक्षयफलाभिधानेनोपसंहृतमिति।।९।।।।१०।।

इति मुण्डकोपनिषद्भाष्यटीकायां द्वितीयमुण्डके प्रथमःखण्डः।।१।।

अधुना यस्य सकृदुपदेशमात्रेणाद्वितीयं ब्रह्मास्मीतिवाक्यार्थज्ञानं न भवतीति तस्योपायानुष्ठानेन भवितव्यमित्यभिप्रेत्याऽऽह-अरूपं सदक्षरमिति। **वाक्यार्थस्यैव पुनः पुनर्भावना युक्त्यनुसंधानं चोपाय** इत्याह-उच्यत इति। **आविःशब्दो निपातः प्रकाशवाची। ब्रह्म विश्वोपलब्ध्यात्मना प्रकाशमानमेव सदेति भावयेदित्यर्थः। अन्यैरप्युक्तम्-**

[३]"यदस्ति यद्भाति तदात्मरूपं नान्यत्ततो भाति न चान्यदस्ति।
स्वभावसंवित्प्रतिभाति केवलं ग्राह्यं ग्रहीतेति मृषैव कल्पना" इति।

सन्निहितमिति। **सर्वेषां प्राणिनां हृदये स्थितं वागाद्युपाधिभिः शब्दादीन्युपलभमानवद्ब्रह्मैव**

---

१. तस्य सन्निहितत्वं प्रत्यायति- वागादीत्यादीना।

२. ननु नैतत्कण्ठरवेणोक्तमित्याशङ्क्याऽह-अविद्याक्षयेति। अविद्या हि सर्वविज्ञाने प्रतिबन्धिका तन्निवृत्तिश्च पुरुषविज्ञाने नोक्ता सोऽविद्याग्रन्थिं विकिरतीति ततश्चात्मज्ञानेन सर्वज्ञानमुक्तं भवतीति भावः। ३.वि० पु०।

सम्यक्स्थितं हृदि तद्गुहाचरं नाम गुहायां चरतीति [१]दर्शनश्रवणादिप्रकारैर्गुहाचरमिति प्रख्यातम् । महत्सर्वमहत्त्वात्पदं पद्यते सर्वेणेति सर्वपदार्थास्पदत्वात् । कथं तन्महत्पदमित्युच्यते । यतोऽत्रास्मिन्ब्रह्मण्येतत्सर्वं समर्पितं प्रवेशितं रथनाभाविवारा एजच्चलत्पक्ष्यादि । प्राणत्प्राणितीति प्राणापानादिमन्मनुष्यपश्वादि । निमिषच्च यन्निमेषादिक्रियावद्यच्चानिमिषच्चशब्दात्समस्तमेतदत्रैव ब्रह्मणि समर्पितम्। एतद्यदास्पदं सर्वं जानथ हे शिष्या [२]अवगच्छथ तदात्मभूतं भवतां सदसत्स्वरूपम् । सदसतोर्मूर्तामूर्तयोः स्थूलसूक्ष्मयोस्तद्व्यतिरेकेणाभावात् । वरेण्यं वरणीयं तदेव हि सर्वस्य नित्यत्वात्प्रार्थनीयं परं व्यतिरिक्तं विज्ञानात्प्रजानामिति व्यवहितेन सम्बन्धो यल्लौकिकविज्ञानागोचरमित्यर्थः यद्वरिष्ठं वरतमं सर्वपदार्थेषु वरेषु तद्ध्येकं ब्रह्मातिशयेन वरं सर्वदोषरहितत्वात् ।।१।।

जीवभावमापन्नमवभासते। ततः स्वतोऽपरोक्षं चेति सदा स्मरेदित्यर्थः। सर्वमिदं कार्यं परिच्छिन्नं च सास्पदं कार्यत्वात्परिच्छिन्नत्वाच्च घटादिवत्ततः सर्वास्पदं यत्तदेव [३]मायास्पदमात्मभूतमिति युक्त्यनुसंधानमाह- महत्पदमिति।।१।।

❊ द्वितीय मुण्डक द्वितीय खण्ड ❊

रूपरहित सत् अक्षर ब्रह्म किस उपाय से जाना जाएगा? इस प्रश्न का उत्तर देते हैं कि पुनः- पुनः महावाक्य के अर्थ की भावना और युक्तिपूर्वक महावाक्यार्थ चिंतन से ही ब्रह्म का साक्षात्कार होता है । वह ब्रह्म सम्पूर्ण जगत् की उपलब्धि रूप से प्रकाशमान् और सत् है ऐसी भावना करे। वाणी आदि उपाधियों से वह प्रज्वलित होता है । अतएव दूसरी श्रुति भी कहती है कि- वह ब्रह्म शब्दाब्दि विषयों का प्रकाश करता हुआ-सा अवभासित होता है। सभी प्राणियों के हृदय में दर्शन, श्रवण, मनन और विज्ञान आदि उपाधि रूप धर्म से प्रकाशमान् होता हुआ लक्षित होता है। ऐसा जो ब्रह्म है, वह सन्निहित यानी सम्यक् प्रकार से स्थित है। हृदयरूप गुहा में विचरता है। इसीलिए उसे गुहाचर कहते हैं। दर्शन श्रवणादि प्रकार के द्वारा बुद्धिरूपी गुफा में विचरण करने के कारण भी गुहाचर कहते हैं, सबसे महान् होने के कारण उसे महत् और सभी से प्राप्त किया जाता है, इसलिये पद कहते हैं। क्योंकि सब पदार्थों का आश्रय वही तो है। वह ब्रह्म महत्पद कैसे हो गया? इस पर कहते हैं क्योंकि इस ब्रह्म में सब कुछ रथ की नेमि में समर्पित अरे की भाँति समर्पित है। जो ये चलनादि क्रिया करने वाले पक्षी आदि हैं, ''प्राणन् अपानन्'' आदि क्रियाशील मनुष्य पश्वादि हैं एवं निमेष-उन्मेष आदि क्रिया वाले हैं या उक्तक्रिया से शून्य हैं; समस्त वस्तु इस ब्रह्म में ही समर्पित है। इस जगत् का जो आश्रय है, उसे जानो। हे शिष्य! अपने आत्मस्वरूप सत् एवं असत् रूप ब्रह्म को जानो। मूर्त्त एवं स्थूल को सत् तथा अमूर्त्त एवं सूक्ष्म को असत् कहते हैं। इनसे भिन्न वस्तु तो होती ही नहीं। अतः ब्रह्म मूर्तामूर्त उभय रूप है। नित्य होने के कारण सभी के द्वारा वही ब्रह्म प्रार्थनीय है। प्रजा के सम्पूर्ण लौकिक विषय के विज्ञान से वह भिन्न है, वर्णन करने योग्य सम्पूर्ण पदार्थों में जो वरिष्ठ यानी श्रेष्ठ है वही एक सबसे श्रेष्ठ वर है क्योंकि उसमें कोई दोष नहीं है।।१।।

---

१. स्थिरस्य चरणं कुतोऽत आह-दर्शनेत्यादि। क्वचित्पश्यति क्वचिच्छृणोतीत्येवं दर्शनादि तत्तद्व्यापारानुकूलतयाऽवस्थानमेव तत्र चरणमिति भावः। २. अवगच्छथेति-अवगच्छतेत्यर्थः। ३. मायास्पदमिति मायायाः कार्यत्वाभावेऽपि परिच्छन्नत्वहेतुनां तदास्पदत्वमिति बोध्यम्।

यदर्चिमद्यदणुभ्योऽणु च यस्मिँल्लोका निहिता लोकिनश्च।
तदेतदक्षरं ब्रह्म स प्राणस्तदु वाङ्मनः । तदेतत्सत्यं तदमृतं
तद्वेद्धव्यं सोम्य विद्धि।।२।।

[सूर्यादि के प्रकाशक होने से जो दीप्तिमान् और सूक्ष्मातिसूक्ष्म है तथा जिसमें सम्पूर्णलोक और उनके निवासी मनुष्यादि स्थित है, वही यह सबका आश्रय भूत अक्षर ब्रह्म है। वही प्राण है, तथा वही वाणी और मन है, वही यह सदा एक रस रहने से सत्य और अमृत है। हे सोम्य! उसे समाहित मन से वेधना चाहिए। अतः तू उसका वेधन कर।।२।।]

किञ्च यदर्चिमद्दीप्तिमत्तद्दीप्त्याऽऽदित्यादि दीप्यत इति दीप्तिमद्ब्रह्म। किञ्च यदणुभ्यः श्यामाकादिभ्योऽप्यणु च सूक्ष्मम्। चशब्दात्स्थूलेभ्योऽप्यतिशयेन स्थूलं पृथिव्यादिभ्यः। यस्मिँल्लोका भूरादयो निहिताः स्थिताः । ये च लोकिनो लोकनिवासिनो मनुष्यादयश्चैतन्याश्रया हि सर्वे प्रसिद्धास्तदेतत्सर्वाश्रयमक्षरं ब्रह्म स प्राणस्तदु वाङ्मनो वाक्च मनश्च सर्वाणि च करणानि तद्वन्तश्चैतन्यं चैतन्याश्रयो हि प्राणेन्द्रियादिसर्वसंघातः "प्राणस्य प्राणम्" इति श्रुत्यन्तरात्। यत्प्राणादीनामन्तश्चैतन्यमक्षरं तदेतत्सत्यमवितथमतोऽमृतमविनाशि तद्वेद्धव्यं मनसा ताडयितव्यम्। तस्मिन्मनः समाधानं कर्तव्यमित्यर्थः। यस्मादेवं हे सोम्य विद्ध्यक्षरे चेतः समाधत्स्व।।२।।

घटादिवदादित्यादेर्जडत्वेऽपि यद्दीप्तिमत्त्वं वैचित्र्यं तदनुपपत्त्याऽपि तत्कारणं संभावनीयमित्याह - किंच यदर्चिमदिति । [१]**अर्चिमत्त्वादादित्यादिवदिन्द्रियग्राह्यत्वं प्राप्तं निषेधति**-यदणुभ्य इति- **परमाणुपरिमाणत्वं तर्हि स्यादिति नाऽऽशङ्कनीयमित्याह** -चशब्दादिति। **स्थूलत्वात्तर्ह्यन्याधारं स्यादिति नाऽऽशङ्कनीयमित्याह**-यस्मिँल्लोका इति। **प्राणादिप्रवृत्तिश्चेतनाधिष्ठाननिबन्धना जडप्रवृत्तित्वाद्रथादिप्रवृत्तिवच्चिद्भेदे च प्रमाणाभावादेकचैतन्यमात्रमस्मीति विचारयेदित्याह**- तदेतत्सर्वाश्रयमिति। **प्राणाद्यधिष्ठानत्वात्प्राणादिलक्ष्य[२] आत्मा द्रष्टव्यः।।२।।**

आदित्यादि में, जो दीप्तियाँ दीखती हैं, वह जिसकी हैं, ऐसा दीप्तिमान् पदार्थ ब्रह्म है। कार्य में दीप्ति देखकर कारण में दीप्ति का अनुमान किया जाता है, क्योंकि कारण में यदि दीप्ति न हो तो कार्य में कहाँ से आएगी। इसलिये आदित्यादि में दीप्ति उस ब्रह्म से ही आती है। अतः ब्रह्म दीप्तिमान है। फिर भी इन्द्रियग्राह्य नहीं है, क्योंकि श्यामाक आदि अतिसूक्ष्म धान्य से भी वह सूक्ष्म है, वैसे ही पृथ्वी आदि स्थूल पदार्थों से भी अत्यन्त स्थूल वह ब्रह्म है। इस स्थूलतमत्व का संकेत 'चकार' से श्रुति कर रही है। जिस ब्रह्म में भूः आदि चतुर्दश लोक स्थित है, और जो इन लोकों में निवास करने वाले मनुष्यादि हैं; वे सब चैतन्य के आश्रित ही प्रसिद्ध है। इस प्रकार सबका आश्रय अविनाशी ब्रह्म है। वही ब्रह्म इस शरीर में प्राण, वाणी और मन रूप है। 'किं बहुना' सम्पूर्ण करण और करण के आश्रयकर्ता जीव उस चैतन्य ब्रह्म के आश्रित ही हैं। इस प्रकार प्राण, इन्द्रिय, सर्व संघातवाला वह चैतन्य परमात्मा है। इसीलिये दूसरी श्रुति ने उसे प्राणों का प्राण कहा है। जो प्राणादियों के भीतर अविनाशी नित्य चेतन है; वही यह सत्य यानी अवितथ है। इसीलिये वह अविनाशी है। ऐसा समझकर

---

१. अर्चिमत्त्वादिति टीकाप्रयोगादिकारान्तोऽप्यर्चिशब्दोऽनुमातव्यः। २. लक्षणया बोध्य इत्यर्थः।

धनुर्गृहीत्वौपनिषदं महास्त्रं शरं ह्युपासानिशितं संधयीत।
आयम्य तद्भावगतेन चेतसा लक्ष्यं तदेवाक्षरं सोम्य विद्धि।।३।।
प्रणवो धनुः शरो ह्यात्मा ब्रह्म तल्लक्ष्यमुच्यते।
अप्रमत्तेन वेद्धव्यं शरवत्तन्मयो भवेत्।।४।।

[हे सोम्य! उपनिषद् वेद्य, महान्-अस्त्र रूप शरासन को लेकर उस पर उपासना से तीक्ष्ण किये हुए मनरूपी बाण को चढ़ाओ और फिर इन्द्रियों के सहित अन्तःकरण को विषयों की तरफ से लौटाकर ब्रह्मभावानुगत चित्त से अपने लक्ष्य उसी अक्षर ब्रह्म का वेधन करो।।३।। ओंकार धनुष है, सोपाधिक आत्मा बाण है, और अक्षर ब्रह्म उसका लक्ष्य कहा गया है, बड़ी सावधानी से उस लक्ष्य का वेधन करना चाहिये और (वेधन करने के अनन्तर)बाण के समान ही लक्ष्य के साथ तन्मय हो जाना चाहिये।।४।।]

कथं वेद्धव्यमित्युच्यते। धनुरिष्वासनं गृहीत्वाऽऽदायौपनिषदमुपनिषत्सु भवं प्रसिद्धं महास्त्रं महच्च तदस्त्रं च महास्त्रं धनुस्तस्मिञ्शरम्। किंविशिष्टमित्याह। उपासानिशितं सन्तताभिध्यानेन तनूकृतं संस्कृतमित्येतत्। संधयीत संधानं कुर्यात्। संधाय चाऽऽयम्याऽऽकृष्य सेन्द्रियमन्तःकरणं स्वविषयाद्विनिवर्त्य लक्ष्य एवा[१]ऽऽवर्जितं कृत्वेत्यर्थः। न हि हस्तेनेव धनुष आयमनमिह सम्भवति। तद्भावगतेन तस्मिन्ब्रह्मण्यक्षरे लक्ष्ये भावना भावस्तद्गतेन चेतसा लक्ष्यं तदेव यथोक्तलक्षणमक्षरं सोम्य विद्धि।।३।।

यदुक्तं धनुरादि तदुच्यते। प्रणव ओंकारो धनुः। यथेष्वासनं लक्ष्ये शरस्य प्रवेशकारणं तथाऽऽत्मशरस्याक्षरे लक्ष्ये प्रवेशकारणमोंकारः। प्रणवेन ह्यभ्यस्यमानेन संस्क्रियमाणस्तदालम्बनोऽप्रतिबन्धेनाक्षरेऽवतिष्ठते यथा धनुषाऽऽस्त इषुर्लक्ष्ये। अतः प्रणवो

विचारासमर्थस्य प्रणवमवलम्ब्य ब्रह्मात्मैकत्वे चित्तसमाधानं क्रममुक्तिफलं दर्शयितुमुपक्रमते- कथं वेद्धव्यमित्यादिना। **प्रणवो ब्रह्मेत्यभिध्यायत उपसंहृतकरणग्रामस्य प्रणवोपरक्तं यच्चैतन्यप्रतिबिम्बं स्फुरति स आत्मेत्यनुसंधानं प्रणवे शरसंधानं तस्य चित्प्रतिबिम्बस्य बिम्बैक्यानुसंधानं लक्ष्यवेधः।।३।।४।।**

मन से वह ताड़ने योग्य है अर्थात् उसमें मन को समाहित करना चाहिये। हे सोम्य! जबकि ऐसी बात है, इसीलिये उस अक्षर ब्रह्म में तू अपने चित्त को समाहित कर।।२।।

उस अक्षर ब्रह्म का वेधन किस प्रकार करना चाहिए? इसका उत्तर देते हैं - उपनिषदों में प्रसिद्ध प्रणव को - औपनिषद कहते हैं। वह प्रणव महान् अस्त्र धनुष के सदृश है। ऐसे महास्त्र धनुष के ऊपर सतत् ध्यान रूप उपासना के द्वारा अत्यन्त संस्कृत मन को तीक्ष्ण बाण के समान कहा गया है। ऐसे बाण का संधान करो अर्थात् अपने विषय से इन्द्रिय-सहित अन्तःकरण को लौटाकर लक्ष्य

---

१. आवर्जितमभिमुखं प्रवणमिति यावत्।

धनुरिव धनुः । शरो ह्यात्मो[1]पाधिलक्षणः पर एव जले सूर्यादिवदिह प्रविष्टो देहे सर्वबौद्धप्रत्ययसाक्षितया स शर इव स्वात्मन्येवार्पितोऽक्षरे ब्रह्मण्यतो ब्रह्म तल्लक्ष्यमुच्यते लक्ष्य इव मनःसमाधित्सुभिरात्मभावेन लक्ष्यमाणत्वात्। तत्रैवं सत्यप्रमत्तेन बाह्यविषयोपलब्धितृष्णाप्रमादवर्जितेन सर्वतो विरक्तेन जितेन्द्रियेणैकाग्रचित्तेन वेद्धव्यं ब्रह्म लक्ष्यम्। ततस्तद्वेधनादूर्ध्वं शरवत्तन्मयो भवेत्। यथा शरस्य लक्ष्यैकात्मत्वं फलं भवति। तथा देहाद्यात्मप्रत्ययतिरस्करणेनाक्षरैकात्मत्वं फलमापादयेदित्यर्थः।।४।।

की ओर ही लगाओ। हाथ से धनुष को खींचने के समान यहाँ पर मन का खींचना नहीं कहा जा सकता है। इस प्रकार विषयों से लौटाये हुए और अपने लक्ष्य ब्रह्म में स्थिर किये हुए अन्तःकरण से उस लक्ष्य का ही वेधन करो। हे सोम्य! जिसका लक्षण पहले हमने बतलाया और जिसे अक्षर ब्रह्म कहा गया है।।३।।]

जो धनुः आदि प्रथम मंत्र में कहे गये हैं, उन्हें इस मंत्र में स्पष्ट रूप से बतलाते हैं। प्रणव यानी ओंकार धनुष है। जैसे बाण को लक्ष्य में प्रवेश कराने का कारण धनुष ही होता है, वैसे ही आत्मा रूप बाण को अक्षर ब्रह्म रूप लक्ष्य में प्रवेश कराने के कारण ओंकार ही है, क्योंकि बार-बार अभ्यास किये गये प्रणव के द्वारा आत्मा में संस्कार होता है। वह संस्कारयुक्त आत्मा निर्विघ्न रूप से अक्षर ब्रह्म में अवस्थित हो जाता है। जैसे धनुष के द्वारा फेंका गया बाण लक्ष्य में प्रविष्ट हो जाता है। इसलिये धनुष की भाँति कार्य करने वाला होने के कारण प्रणव को धनुष कह दिया गया है। एवं अन्तःकरण उपाधि से युक्त परमात्मा ही जीव कहा गया है और वह बाण स्थानीय है। जैसे जल में प्रतिबिम्ब भाव से सूर्य का प्रवेश होता है, वैसे ही इस देह में सम्पूर्ण बुद्धिवृत्तियों के साक्षी रूप से परमात्मा का प्रवेश हुआ है, ऐसा सोपाधिक आत्मा बाण के सामान कहा गया है। जिस प्रकार लक्ष्य में बाण का प्रवेश होता है; वैसे ही स्वात्मरूप अक्षर ब्रह्म में सोपाधिक आत्मा का समर्पण होता है। अतः वह ब्रह्म लक्ष्य कहा गया है क्योंकि मन समाहित करने की इच्छा वाले पुरुष आत्मभाव से उस शुद्ध ब्रह्म को ही लक्षित करते रहते हैं। अतः ब्रह्म लक्ष्य की भाँति होने के कारण लक्ष्य कहा गया है। इस प्रकार साधन-सामग्री के उपलब्ध हो जाने पर बाह्य विषयों की उपलब्धि और उनकी तृष्णारूप प्रमाद का परित्याग कर सभी विषयों से विरक्त, विजित इन्द्रिय एवं एकाग्रचित्त से ब्रह्मरूप लक्ष्य का वेधन करना चाहिये; प्रमाद नहीं करना चाहिये। यहाँ पर ब्राह्य विषयों के ज्ञान और तृष्णा को प्रमाद शब्द से कहा गया है। लक्ष्य से भिन्न वस्तु का दर्शन एवं आकांक्षा होने पर लक्ष्य का वेधन नही होता ऐसे ही शुद्ध ब्रह्मरूप लक्ष्य से भिन्न वस्तु दीखती हो या उसकी तृष्णा हो तो इस प्रमाद से साधक लक्ष्य की प्राप्ति नहीं कर सकता है। किन्तु लक्ष्य से दूर हट जायेगा। इस प्रमाद के परित्याग के लिये मन और इन्द्रियों के ऊपर विजय करके विषयों से वैराग्य होना अत्यन्त आवश्यक है। राग ही प्रमाद है; जोकि मृत्यु का कारण है। राग का सर्वथा परित्याग रूप वैराग्य नित्य जीवन-प्रदान करने वाला होता है। अतः प्रमाद का परित्याग अत्यावश्यक है।

इस प्रकार शुद्ध ब्रह्मरूप लक्ष्य वेधन के बाद उसमें तन्निष्ठ हो जाना वैसे ही आवश्यक है,

१. उपाधिलक्षणः - उपाधिना लक्ष्यते परस्माद् व्यावृत्त इव भास्यत इति।

यस्मिन्द्यौः पृथिवी चान्तरिक्षमोतं मनः सह प्राणैश्च सर्वैः।
तमेवैकं जानथ आत्मानमन्या वाचो विमुञ्चथामृतस्यैष सेतुः।।५।।

[हे शिष्यगण ! जिस अक्षर पुरुष में द्युलोक, पृथिवी, अन्तरिक्ष और सम्पूर्ण इन्द्रियों के सहित मन समर्पित है; उसी अद्वितीय आत्मा को जानो और अन्य बातों को छोड़ दो, क्योंकि यही मोक्ष प्राप्ति का एकमात्र साधन है ।।५।।]

अक्षरस्यैव दुर्लक्ष्यत्वात्पुनः पुनर्वचनं सुलक्षणार्थम्। यस्मिन्नक्षरे पुरुषे द्यौः पृथिवी चान्तरिक्षं चोतं समर्पितं मनश्च सह प्राणैः करणैरन्यैः सर्वैस्तमेव सर्वाश्रयमेकमद्वितीयं जानथ जानीथ हे शिष्याः। आत्मानं प्रत्यक्स्वरूपं युष्माकं सर्वप्राणिनां च ज्ञात्वा चान्या वाचो[१]ऽपरविद्यारूपा विमुञ्चथ विमुञ्चत परित्यजत। तत्प्रकाश्यं च सर्वं कर्म ससाधनम्। यतोऽमृतस्यैष सेतुरेतदात्मज्ञानममृतस्यामृतत्वस्य मोक्षस्य प्राप्तये सेतुरिव सेतुः संसार-महोदधेरुत्तरणहेतुत्वात् । तथा च श्रुत्यन्तरम्--"तमेव विदित्वाऽतिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय" इति ।।५।।

उत्तरग्रन्थस्य पौनरुक्त्यं परिहरति-अक्षरस्यैव दुर्लक्ष्यत्वादिति। **ससाधनं सर्वं कर्म परित्यज्याऽऽत्मैव ज्ञातव्य इत्यत्रैव हेतुमाह**-अमृतस्येति। **[२]धनुषाऽऽयुधेन लक्ष्यत इति तल्लक्षण आत्मैकत्वसाक्षात्कार इत्यर्थः।।५।।**

जैसे बाण लक्ष्य में प्रवेश करके लक्ष्य-निष्ठ हो जाता है। जैसे लक्ष्य के साथ एक ही भावरूप फल को प्राप्त करना बाण का काम है, वैसे ही शरीर आदि में अहंभाव का परित्याग कर शुद्ध चैतन्य अक्षर ब्रह्म के साथ अभेद-स्थिति रूप फल को प्राप्त कर लेना चाहिए, यही इस मन्त्र का अभिप्राय है। प्रणव ब्रह्म है, इस प्रकार ध्यान करने वाले समाहितचित्त-पुरुष को प्रणव से उपरोक्त जो चैतन्य प्रतिबिम्बित होता है कि वह आत्मा है; यही प्रणव धनुष के ऊपर आत्मरूप-बाण का संधान करना है, और चित्प्रतिबिम्ब का बिम्ब के साथ ऐक्यानुसंधान है, यही लक्ष्य वेध है ।।४।।

अक्षर ब्रह्म ही दुर्लक्ष्य है। इसीलिये उसका बार - बार लक्ष्य करते हैं। और उसे जानने के लिये प्रेरणा भी श्रुति करती। जिस अक्षर पुरुष में द्युलोक पृथिवी और अन्तरिक्ष ओतप्रोत हैं वैसे ही सम्पूर्ण इन्द्रियों के सहित मन भी रस्सी में सर्प की भाँति समर्पित है। उस सम्पूर्ण विश्व कल्पना का अधिष्ठान एक अद्वितीय परमात्मा को जानो। हे शिष्य! तुम्हारे एवं सभी प्राणियों के प्रत्यक् स्वरूप आत्मा को ही जानो। अपराविद्या के विषय अविद्या-विलासरूप अन्य शब्द जाल का परित्याग कर दो क्योंकि उनसे जिन चीजों का प्रकाश होता है, वे साधन के सहित सब कर्म ही तो हैं। कर्म का फल अनित्य होता है। इसीलिये साधन सहित कर्म का परित्याग मोक्षाभिलाषी के लिये आवश्यक है। यह आत्मज्ञान मोक्षरूप अमरत्व की प्राप्ति के लिये सेतु के समान है, जैसे बड़े-बड़े नदी-नालों को पुल के सहारे सभी जीव सरलता से पार कर जाते हैं; ऐसे ही संसार रूपी भयावह महासमुद्र को आत्मज्ञान रूप सहारे से सभी जीव प्राप्त कर सकते हैं। अतः संसार समुद्र से तरने के

---

१. अन्यत्वं प्रत्यासत्त्या परविद्याप्रतियोगिकमित्याशयेन व्याचष्टे- अपरविद्यारूपा इति। २. अत्र धनुषेत्यादिरियं पङ्क्तिर्लेखकप्रमादं गमयति।

अरा इव रथनाभौ संहता यत्र नाड्यः स एषोऽन्तश्चरते बहुधा जायमानः । ओमित्येवं ध्यायथ आत्मानं स्वस्ति वः पाराय तमसः परस्तात् ।।६।।

[जिस प्रकार रथचक्र की नाभि में अरे सम्मिलित रहते हैं, वैसे ही शरीर में सर्वत्र व्याप्त सम्पूर्ण नाड़ियाँ जिसमें एकत्रित हैं, उस हृदय के भीतर दर्शन-श्रवणादि जन्य अनेक बुद्धिवृत्तियाँ सञ्चार करती हैं। उन बुद्धिवृत्तियों के साक्षीभूत आत्मा का 'ॐ' इस प्रकार ध्यान करो। अज्ञान के उस पार जाने से तुम्हारा कल्याण हो, अर्थात् कल्याण प्राप्ति में किसी प्रकार की विघ्न बाधा न हो।।६।।]

किञ्चाऽरा इव । यथा रथनाभौ समर्पिता अरा एवं संहताः सम्प्रविष्टा यत्र यस्मिन्हृदये सर्वतो देहव्यापिन्यो नाड्यस्तस्मिन्हृदये बुद्धिप्रत्ययसाक्षिभूतः स एष प्रकृत आत्माऽन्तर्मध्ये चरते चरति वर्तते । पश्यञ्शृण्वन्मन्वानो विजानन्बहुधाऽनेकधा क्रोधहर्षादिप्रत्ययैर्जायमान इव जायमानोऽन्तःकरणोपाध्यनुविधायित्वाद्वदन्ति लौकिका हृष्टो जातः क्रुद्धो जात इति। तमात्मानमोमित्येवमोंकारालम्बनाः सन्तो [1]यथोक्तकल्पनया ध्यायथ चिन्तयत। उक्तं वक्तव्यं च शिष्येभ्य आचार्येण जानता। शिष्याश्च ब्रह्मविद्या-विविदिषुत्वान्निवृत्तकर्माणो मोक्षपथे प्रवृत्ताः । तेषां निर्विघ्नतया ब्रह्मप्राप्तिमाशास्त्या-चार्यः । स्वस्ति [2]निर्विघ्नमस्तु वो युष्माकं पाराय [3]परकूलाय परस्तात्[4]कस्माद[5]विद्या-तमसः। [6]अविद्यारहितब्रह्मात्मस्वरूपगमनायेत्यर्थः ।।६ ।।

कर्मसङ्गिजनसङ्गत्या कर्मश्रद्धा विषयश्रद्धा च वाक्यार्थज्ञानस्यावगमाय गत्यन्ततायाः प्रतिबन्धको विघ्नः स मा भूदित्याशंसनं, [7]नतु वाक्यार्थाविगतौ निष्पन्नायां फलप्राप्तेर्विघ्नशङ्काऽस्तीत्यभि-प्रेत्याऽऽह-परस्तादिति। **[8]मदुपदेशादूर्ध्वमित्यर्थः।।६ ।।**

साधन होने से आत्मज्ञान को तथा आत्मा को भी सेतु कहा गया है। ऐसे ही दूसरी श्रुति भी कहती है। "उस परमात्मा को ही जानकर ही मृत्यु से छूट सकता है।" "आत्मज्ञान को छोड़कर अन्य कोई भी साधन मोक्ष प्राप्त करने के लिये नहीं है" इत्यादि ।।५।।

जैसे रथ की नाभि में अरे जुड़े होते हैं, वैसे ही जिस हृदय में देह-व्यापी नाड़ियाँ सभी ओर से जुड़ी हुई हैं, उस हृदय में बुद्धि वृत्ति के साक्षी रूप यह प्रकृत आत्मा मध्य विचर रहा है। सुनता हुआ, देखता हुआ,मनन करता हुआ, जानता हुआ, अनेक प्रकार की क्रोध-हर्ष आदि बुद्धि वृत्तियों के कारण जायमान-सा प्रतीत होता है क्योंकि अन्तःकरणरूप उपाधि के अनुरूप ही उपहित आत्मा के

---

१. यथोक्तकल्पनया धनुरादिकल्पनयेत्यर्थः । २. निर्विघ्नं विघ्नाभावः । ३. परतीरप्राप्तय इति यावत्। ४. किंप्रयुक्तविघ्नस्याभाव इति पृच्छति -- कस्मादिति। ५. उत्तरमाह-अविद्येति। अविद्या तमःप्रयुक्तस्येति टीकानुसार्यर्थः। ६. तमसः परस्तादित्यन्वयाभिप्रायेण वाक्यार्थमाह-अविद्यारहितेत्यादिना। ७. विदुषः कर्तव्याभावमावेदयितुं परस्तादित्यवतारयति-नत्वित्यादिना । ८. मदुपदेशादूर्ध्वमिति-मदुपदेशजन्य-ज्ञानस्यावगतिपर्यन्ततायाः प्रागिति यावत्।

यः सर्वज्ञः सर्वविद्यस्यैष महिमा भुवि दिव्ये ब्रह्मपुरे ह्येष व्योमन्यात्मा प्रतिष्ठितः । मनोमयः प्राणशरीरनेता प्रतिष्ठितोऽन्ने हृदयं सन्निधाय तद्विज्ञानेन परिपश्यन्ति धीरा आनन्दरूपममृतं यद्विभाति।।७।।

[जो सर्वज्ञ और सर्ववित् है और जिनकी यह प्रसिद्ध विभूति भूलोक में स्थित है वह यह आत्मा दिव्य ब्रह्मपुर हृदयाकाश में विद्यमान है। वह मनोमय तथा प्राण और सूक्ष्म शरीर को एक स्थूल देह से दूसरे स्थूल देह में ले जाने वाला पुरुष हृदय में रहकर अन्नमय शरीर में स्थित है। उसका अनुभव हो जाने पर तत्त्वज्ञानी पुरुष उस तत्त्व का सम्यक् साक्षात्कार कर लेते हैं । जो कि सम्पूर्ण अनर्थ दुःखादि से रहित आनन्द स्वरूप अमृत ब्रह्मतत्त्व प्रकाशित हो रहा है ।।७।।]

योऽसौ तमसः परस्तात्संसारमहोदधिं तीर्त्वा गन्तव्यः परविद्याविषयः स कस्मिन्वर्तत इत्याह-यः सर्वज्ञः सर्वविद्व्याख्यातः । तं पुनर्विशिनष्टि । यस्यैष प्रसिद्धो महिमा विभूतिः कोऽसौ महिमा । यस्येमे द्यावापृथिव्यौ शासने [1]विधृते तिष्ठतः। सूर्याचन्द्रमसौ यस्य शासनेऽलातचक्रवदजस्रं भ्रमतः । यस्य शासने सरितः सागराश्च स्वगोचरं नातिक्रामन्ति। तथा स्थावरं जङ्गमं च यस्य शासने नियतम्। तथा चर्तवोऽयने अब्दाश्च यस्य शासनं नातिक्रामन्ति । तथा कर्तारः कर्माणि फलं च यच्छासनात्स्वं स्वं कालं नातिवर्तन्ते स एष महिमा भुवि लोके यस्य स एष सर्वज्ञ एवंमहिमा देवः। दिव्ये द्योतनवति सर्वबौद्ध-प्रत्ययकृतद्योतने ब्रह्मपुरे । ब्रह्मणोऽत्र चैतन्यस्वरूपेण नित्याभिव्यक्तत्वाद्ब्रह्मणः पुरं हृदय-पुण्डरीकं तस्मिन्यद्व्योम तस्मिन्व्योम्न्याकाशे हृत्पुण्डरीकमध्यस्थे प्रतिष्ठित इवोपलभ्यते। न ह्याकाशवत्सर्वगतस्य गतिरागतिः प्रतिष्ठा वाऽन्यथा सम्भवति । स ह्यात्मा तत्रस्थो

सर्वेश्वरत्वमनोमयत्वादिगुणविशिष्टब्रह्मणो हृदयपुण्डरीके ध्यानं च क्रममुक्तिफलं मन्दब्रह्मविदो विधीयत इति दर्शयितुमाह- योऽसौ तमसः परस्तादित्यादिना।।७।।

सम्बन्ध में लौकिक पुरुष कहते हैं कि यह प्रसन्न हो गया, यह क्रुद्ध हो गया इत्यादि। उसी आत्मा को 'ॐ' इस ओंकार का आलम्बन लेते हुए पूर्वोक्त मन्त्रों में बतलायी गयी रीति से ध्यान करो। इस प्रकार तत्वज्ञानी आचार्य शिष्य को उपदेश करें। ब्रह्मविद्या के जिज्ञासु होने से शिष्य साधन सहित सभी कर्मों का परित्याग कर मोक्षमार्ग वेदान्त-श्रवणादि में प्रवृत्त होवे ऐसे साधक के लिए निर्विघ्नरूप से ब्रह्म प्राप्ति का आदेश आचार्य करते हैं और आशीर्वाद भी देते हैं। संसार-सागर के उस पार जाने के लिए तुम्हारा कल्याण हो अर्थात् कोई विघ्न बाधा न आवे । किसके पार जाने के लिये? इस प्रश्न का उत्तर श्रुति देती है- अनादि अनिर्वचनीय अविद्या से पार जाने के लिए अर्थात् अविद्या उपाधि से रहित विशुद्ध चैतन्य स्वरूप का बोध तुझे निर्विघ्न रूप से हो जावे-ऐसी हमारी मंगल कामना है। श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ आचार्य के मुख से वेदान्त तत्त्व का अभ्यास कर जीते जी शाश्वत शान्ति रूप मोक्ष को प्राप्त कर लो।।६।।

---

१. विधृते=नियमिते।

[1]मनोवृत्तिभिरेव विभाव्यत इति मनोमयो मनउपाधित्वात्प्राणशरीरनेता [2]प्राणश्च शरीरं च प्राणशरीरं तस्यायं नेता स्थूलाच्छरीराच्छरीरान्तरं प्रति। प्रतिष्ठितोऽवस्थितोऽन्ने भुज्यमानान्नविपरिणामे प्रतिदिनमुपचीयमानेऽपचीयमाने च पिण्डरूपान्ने हृदयं बुद्धिं पुण्डरीकच्छिद्रे सन्निधाय समवस्थाप्य । हृदयावस्थानमेव ह्यात्मनः स्थितिर्न ह्यात्मनः [3]स्थितिरन्ने । तदात्मतत्त्वं विज्ञानेन विशिष्टेन शास्त्राचार्योपदेशजनितेन ज्ञानेन शमदमध्यानसर्वत्यागवैराग्योद्भूतेन परिपश्यन्ति सर्वतः पूर्णं पश्यन्त्युपलभन्ते धीरा विवेकिनः । आनन्दरूपं सर्वा[4]नर्थदुःखायासप्रहीणममृतं यद्विभाति विशेषेण [5]स्वात्मन्येव भाति सर्वदा।।७।।

अज्ञान एवं उसके कार्य संसार महोदधि को पारकर पराविद्या से जानने योग्य जिस परमात्मा की प्राप्त करना है । वह कहाँ रहता है? उसका उत्तर श्रुति दे रही है। जो सामान्य और विशेष रूप से सम्पूर्ण विश्व को जानता है, जिसकी यह प्रसिद्ध महिमा यानि विभूति है। वह कौन-सी महिमा? जिसके शासन में द्युलोक और पृथ्वी अच्छी प्रकार से धारण किये गये स्थित हैं। जिसके शासन में सूर्य और चन्द्र सदा अलात-चक्र की भाँति घूमते रहते हैं। जिसके शासन में नदी और समुद्र अपनी मर्यादा को नहीं छोड़ते, तथा जिसके शासन में स्थावर और जङ्गम जगत् नियमित रूप से कार्य करते हैं, जिसके शासन को ऋतुएँ, अयन एवं संवत्सर अतिक्रमण नहीं करते, जिसके शासन से कर्ता, कर्म एवं फल अपने-अपने काल और मर्यादा को नहीं छोड़ते। वही उस परमेश्वर की महिमा भूलोक में है। इस प्रकार महिमा वाला वही सर्वज्ञ परमात्म देव है। प्रकाशमान् दिव्यलोक में सम्पूर्ण बुद्धि वृत्तियों से प्रकाशित होने वाले हृदयरूप ब्रह्मपुर में वह प्रतिष्ठित है। इस ब्रह्मपुर में चैतन्य स्वरूप होने से ब्रह्म सदा अभिव्यक्त है। अतः हृदय कमल उसका पुर यानी निवास स्थान कहा गया है । उस हृदय कमल के मध्य में वर्तमान हृदयाकाश में परमेश्वर प्रतिष्ठित जैसा प्रतीत होता है। आकाश के समान सर्वव्यापक परमेश्वर की गति, आगति एवं प्रतिष्ठा पूर्वोक्त रीति से ही सम्भव है; अन्य प्रकार से नहीं । वही आत्मा हृदय से स्थित होता हुआ भी मनोवृत्ति से ही अभिव्यक्त होता है। इसलिये मनरूपी उपाधि वाला होने के कारण उसे मनोमय कहा गया है। एक स्थूल शरीर से दूसरे शरीर में सूक्ष्मदेह-उपाधि वाले जीव को वही ले जाता है। इसीलिये उसे 'प्राणशरीरनेता' कहा गया है। प्रतिदिन खाये हुए अन्न के परिणाम रूप से घटने-बढ़ने वाले इस पिण्डात्मक अन्न में यानी स्थूल शरीर में हृदय-पुण्डरीक के मध्य बुद्धि को संस्थापित करके अवस्थित है। शरीर में होते हुए भी हृदय में ही आत्मा का स्थान माना है; स्थूल देह में नहीं, क्योंकि हृदय में आत्मतत्त्व की अभिव्यक्ति होती है। उस आत्मतत्त्व को शम, दम, ध्यान, सर्वत्याग रूप वैराग्य से उत्पन्न, शास्त्र एवं आचार्य के उपदेश से जनित विशिष्ट ज्ञान द्वारा धीर विवेकी पुरुष सभी ओर से परिपूर्ण देखते हैं। जो सम्पूर्ण अनर्थ, दुःख एवं आयास से रहित आनन्द स्वरूप अमृतरूप स्वान्तःकरण में ही सदा

---

१. मनोवृत्तिभिरिति द्वारभूताभिरित्यर्थः । साक्षिबोधस्य साक्ष्याधीनत्वादिति भावः। २. प्राणश्च शरीरं चेत्यादि प्राणप्रधानं लिङ्गशरीरमित्यर्थः। ३.स्थितिरन्न इति-प्रकारान्तरेणेति शेषः। ४. अनर्थदुःखेति-अनर्थ-पदमनर्थजनकविषयतद्रागपरम्। दुःखं च तत्फलम्। ५. विशेषमेव व्यनक्ति-स्वात्मन्येवेति। यच्चन्द्रमसि यच्चाग्नावितिवदभेदे सप्तमी । तथा च विषयसुखमात्मभिन्नत्वेन भाति, इदं त्वात्मत्वेनैवेति विशेष इति भावः।

भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः ।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परावरे।।८।।

[(जो कारण रूप से पर और कार्य रूप से अपर है) उस परापर ब्रह्मतत्त्व का साक्षात्कार हो जाने पर इस जीव की आत्म-अनात्म-अध्यास रूप हृदय की ग्रन्थि टूट जाती है। ज्ञेय पदार्थ विषयक सम्पूर्ण सन्देह नष्ट हो जाते हैं और इसके (प्रारब्ध से भिन्न) सभी कर्म क्षीण हो जाते हैं।।८।।]

अस्य परमात्मज्ञानस्य [1]फलमिदमभिधीयते । भिद्यते हृदयग्रन्थि[2] रविद्यावासनाप्रचयो बुद्ध्याश्रयः कामः ''कामा येऽस्य हृदि श्रिताः'' इति - श्रुत्यन्तरात् । हृदयाश्रयोऽसौ नाऽऽत्माश्रयः । भिद्यते भेदं विनाशमायाति । छिद्यन्ते सर्वे[3]ज्ञेयविषयाः संशया लौकिकानामामरणात्तु गङ्गास्रोतोवत्[4]प्रवृत्ता विच्छेदमायान्ति । अस्य विच्छिन्नसंशयस्य निवृत्ताविद्यस्य यानि विज्ञानोत्पत्तेः प्राक्तनानि जन्मान्तरे चाप्रवृत्तफलानि ज्ञानोत्पत्ति [6]सहभावीनि च क्षीयन्ते कर्माणि । न त्वेतज्जन्मारम्भकाणि प्रवृत्तफलत्वात्तस्मिन्सर्वज्ञेऽसंसारिणि परावरे परं च कारणात्मनाऽवरं च कार्यात्मना तस्मिन्परावरे साक्षादहमस्मीति दृष्टे संसारकारणोच्छेदान्मुच्यत इत्यर्थः।।८।।

अस्य परमात्मज्ञानस्येति। **जीवन्मुक्तिफलस्याद्वैतवाक्यार्थावगमस्य क्रममुक्तिफलस्य चोपासनस्येत्यर्थः। अविद्यावासनाप्रचयो भिद्यत इति कोऽर्थः? किं बुद्धौ विद्यमानायामविद्यादिभेदो ज्ञानफलं?**

विशेष रूप से प्रतिभासित होता है। इस प्रकार सर्वेश्वरत्वादि गुण विशिष्ट ब्रह्म का हृदय पुण्डरीक में ध्यान करने वाले मन्द बुद्धि को क्रम-मुक्ति प्राप्त होती है।

इस परमात्मा के अपरोक्ष ज्ञान का फल यह कहा गया है कि अविद्या-वासना के प्रचयरूप (वृद्धि) बुद्धि के आश्रित जो काम है, वह हृदय की गाँठ है क्योंकि 'जीव के हृदय में रहने वाली जो कामनायें हैं वे ही गाँठ है' ऐसा दूसरी श्रुति भी कहती है। कामना का आश्रय हृदय ही है, न कि आत्मा। यह हृदयरूपी गाँठ परमात्मतत्व के अपरोक्ष अनुभव हो जाने पर नष्ट हो जाती है। मरण-पर्यन्त लौकिक पुरुषों के गंगा धारा की भाँति प्रवृत्त रहने वाली सभी ज्ञेय वस्तु के सम्बन्ध में जो संशय हैं, वे भी नष्ट हो जाते हैं। जिसका संशय नष्ट हो गया, जिसकी अविद्या नष्ट हो चुकी है, वैसे भाग्यवान के जो तत्त्वज्ञान से पूर्व इस जन्म अथवा जन्मान्तर के किए हुए कर्म हैं, जिन्होंने अभी फल देना प्रारम्भ नहीं किया; ऐसे कर्म, और ज्ञान उत्पत्ति के सह भावी इस जन्म में किये हुए कर्म नष्ट हो जाते हैं। केवल इस जन्म के आरम्भक प्रारब्ध कर्म ही शेष रहते हैं, क्योंकि वे इषुचक्र की भाँति अपना फल प्रारम्भ कर चुके हैं। अतः उनका नाश तो भोग से ही होता है। ज्ञान मात्र से

---

१. फलमिति जीवन्मुक्तिरूपं क्रममुक्तिरूपं चेत्यर्थः । २.अविद्येति जनितेति शेषः । ३.ज्ञेयविषया इति प्रमाणविषयाणां तेषां श्रवणादिनैवोच्छिन्नत्वादिति भावः । ४. लौकिकानामिति-अज्ञानामित्यर्थः । ५. प्रवृत्ता इति-प्रवृत्ता एव भवन्ति न निवृत्ता भवन्तीति भावः । ६. सहेति-आगामीनीत्यर्थः:-विज्ञानोत्पत्तिकाले तद्भावासम्भवात्तदनन्तरभावित्वार्थकत्वादिति । यद्वा ज्ञानोत्पत्तिसहभावीनीत्यनेन क्रियमाणान्येव ग्राह्याणि। तेनैव चोपलक्षणविधयाऽऽगामीन्यपीति ध्येयम्।

हिरण्मये परे कोशे विरजं ब्रह्म निष्कलम् ।
तच्छुभ्रं ज्योतिषां ज्योतिस्तद्यदात्मविदो विदुः ।।९।।

[बुद्धि वृत्ति के प्रकाशमय परम कोश में वह विशुद्ध कलारहित ब्रह्मतत्त्व विद्यमान है। वह सम्पूर्ण ज्योतियों की विशुद्ध ज्योति स्वरूप है और वह यही तत्त्व है, जिसका आत्मज्ञानी पुरुष हृदय में साक्षात्कार करते हैं।।९।।]

उक्तस्यैवार्थस्य संक्षेपाभिधायका उत्तरे मन्त्रास्त्रयोऽपि हिरण्मये ज्योतिर्मये[1]बुद्धिविज्ञान-प्रकाशे परे कोशे कोश इवासेः, आत्मस्वरूपो[2]पलब्धिस्थानत्वात् परं तत्सर्वाभ्यन्तर-त्वात्तस्मिन्विरजमविद्याद्यशेषदोषरजोमलवर्जितं ब्रह्म सर्वमहत्त्वात्[3]सर्वात्मत्वाच्च निष्कलं निर्गताः कला यस्मात्तन्निष्कलं निरवयवमित्यर्थः । यस्माद्विरजं निष्कलं चातस्तच्छुभ्रं शुद्धं ज्योतिषां सर्वप्रकाशात्मनामग्न्यादीनामपि तज्ज्योतिरवभासकम् । अग्न्यादीनामपि

किंवा तन्निवृत्तौ? नाऽऽद्यः। सत्युपादाने कार्यस्य[4]ात्यन्तोच्छेदासम्भवात्। न द्वितीयः ज्ञानस्याज्ञानेनैव साक्षाद्विरोधप्रसिद्धेः। किञ्च बुद्धिरप्यनादिः सादिर्वा? नाऽद्यः "एतस्माज्जायते प्राणो मनः सर्वेन्द्रि-याणि च" इतिश्रुतिविरोधात्। नान्त्यः। [5]प्रलये ब्रह्मज्ञानं विनैव बुद्धेर्नाशसम्भवात्तदानर्थक्यप्रसङ्गात्। सादित्वे च बुद्धेरुपादानं साक्षाद्ब्रह्म चेत्तन्नाशं विनाऽत्यन्तोच्छेदो न स्यात्। माया चेत्सा द्रष्टृगतज्ञानेन[6] नोच्छेदमर्हति। लौकिकमायाविगतमायाया द्रष्टृगतज्ञानेनोच्छेदादर्शनात् । किञ्च बुद्धेरुच्छेदो न

नहीं, असंसारी सर्वज्ञ उस परावर के साक्षात्कार से संसार कारण अविद्या से नष्ट हो जाने पर वह तत्त्वज्ञानी मुक्त हो जाता है । कारण रूप से वह परमेश्वर पर कहा जाता है और कार्य रूप से अपर कहा जाता है । वह ही 'मैं हूँ' इस प्रकार के अपरोक्ष अनुभव को ही उस परावर ब्रह्म का साक्षात् दर्शन कहा गया है और यही जीवन मुक्ति का कारण है । अद्वैत ब्रह्म के ज्ञान से जीवन मुक्ति और उपासना के ज्ञान से क्रम मुक्ति रूप फल प्राप्त होता है। यही उक्त मन्त्र द्वय का तात्पर्यार्थ है।।८।।

उक्त अर्थ को ही संक्षेप रूप से आगे के तीन मन्त्र भी कह रहे हैं कि ज्योतिर्मय बुद्धि विज्ञान के प्रकाशक तलवार के कोश की भाँति प्रतीत होने के कारण जिसे श्रेष्ठ कोश कहा गया है। इस हिरण्यमय कोश में आत्म स्वरूप उपलब्धि स्थान से परे सबके भीतर विद्यमान होने से श्रेष्ठ है - उस विरल अविद्या आदि अशेष-दोष रूप रजोगुण से रहित है। जो सबसे महान् और सब की आत्मा होने से ब्रह्म कहा गया है । निष्फल यानी निरवयव कहा गया है क्योंकि जिससे सभी कलायें निकल चुकी हैं, उसी को निष्कल और निराकार भी कहते हैं। जबकि वह रजोगुण और कला से रहित है; अतः वह शुद्ध है और अग्न्यादि सबके प्रकाशक ज्योति की भी ज्योति है। अग्न्यादि में भी जो प्रकाशतत्त्व है, वह उसके अन्तर्गत ब्रह्मात्व चैतन्य ज्योति के निमित्त से ही है । वह ज्योति सर्व-श्रेष्ठ इसलिये है कि वह किसी से प्रकाशित नहीं होती किन्तु सबका प्रकाशक है। इसीलिए शब्दादि

---

१. बुद्धिविज्ञानेति-बुद्धिवृत्तिकृतावद्योतने हार्दाकाश इत्यर्थः। २. यथाऽस्युपलब्धिस्थानत्वात् कोशत्वव्यवहारस्त-द्वदित्यर्थः। ३. सर्वात्मत्वात्-सर्वरूपत्वात् । ४.अत्यन्तेति-पुनरुत्पत्तिसम्भवादिति भावः। विचारादिना किञ्चिच्छैथिल्यमेवायातीत्यभिप्रायेणात्यन्तेति । ५. प्रलय इति सादीनां घटादीनां तथादर्शनादिति भावः । ६. ज्ञानेनेति-मायाविविषयकेणेत्यर्थः।

ज्योतिष्ट्वमन्तर्गतब्रह्मात्मचैतन्यज्योतिर्निमित्तमित्यर्थः। तद्धि परं ज्योतिर्यदन्यानवभास्यमात्मज्योतिस्तद्यदात्मविद आत्मानं स्वं शब्दादिविषयबुद्धिप्रत्ययसाक्षिणं ये विवेकिनो

तस्याः फलं स्वनाशस्याफलत्वात्। नाऽऽत्मनः। तस्य बुद्धि[१]प्रसङ्गाभावेन तदुच्छेदस्याफलत्वात्। किञ्चाऽऽत्मनोऽविद्याद्यनाश्रयत्वाभिधानं श्रुतिविरुद्धं प्रक्रमे- अविद्यायामन्तरे [२]वर्तमाना इति श्रवणादुपसंहारे च- "अनीशया[३] शोचति मुह्यमानः" इति श्रवणात् । बुद्धिगतमेवाविद्याद्यात्मन्यध्यस्यत इति चेदध्यस्यत इति कोऽर्थः। निक्षिप्यते भ्रान्त्या दृश्यते वा। नाऽऽद्यः अन्यधर्मस्यान्यत्र निक्षेपासम्भवात्। भ्रान्त्या चेत्केन दृश्यते। न तावदात्मना। [४]तस्या[५]विद्याश्रयत्वानङ्गीकारात्। न बुद्ध्या। बुद्धेरात्म[६]विषयत्वासम्भवेन तद्गतदर्शनासम्भवात्। [७]तद्भ्रान्तेश्च स्वाश्रयगतेन तत्त्वानुभवेन निवर्त्यत्वप्रसिद्धेर्बुद्धेर[८]नुभवाश्रयत्वप्रसङ्गात् । तस्मान्नास्य भाष्यस्य सम्यगर्थं पश्याम इति चेदुच्यते[९]।

विषयाकार बुद्धिवृत्ति के साक्षी अपने स्वरूप को जो विवेकी आत्म-तत्त्वदर्शी जानते हैं वे आत्मवित् कहलाते हैं। आत्मज्ञान के अनुसरण करने वाले पुरुष ही उसे जानते हैं। जबकि वह प्रकाश सर्वश्रेष्ठ है। अतः पूर्वोक्त साधनों से विशिष्ट पुरुष ही उसे जानते हैं। दूसरे बाह्यार्थ की प्रतीति के पीछे भागने वाले लोक उस आत्मतत्त्व को नहीं जान सकते ।।९।।

वह ब्रह्म ज्योतियों का ज्योति किस प्रकार है? इस पर कहते हैं कि अपने आत्मरूप उस ब्रह्म में सबका प्रकाशक सूर्य भी प्रकाशित नहीं होता अर्थात् उस ब्रह्म को सूर्य प्रकाशित नहीं करता है। यहाँ पर प्रेरणार्थक णिच् प्रत्यय के अर्थ का अध्याहार करके व्याख्या की गयी है। इसीलिये भान्ति शब्द का अर्थ प्रकाशित होता है ऐसा न करके 'प्रकाश करता है' ऐसा अर्थ किया गया है। उस परमेश्वर के प्रकाश से ही प्रकाशित हो सम्पूर्ण ब्रह्म भिन्न अनात्मवस्तु को सूर्य प्रकाशता है क्योंकि उस सूर्य में स्वतः प्रकाशन सामर्थ्य नहीं है। वैसे ही चन्द्रमा, तारा एवं विद्युत भी उस ब्रह्म को प्रकाशित नहीं करते, फिर भला हम लोगों के प्रत्यक्ष विषय यह अग्नि उस ब्रह्म को कैसे प्रकाशित कर सकती है। विशेष क्या कहें जो कुछ यह जगत् प्रकाशित होता है वह स्वतः प्रकाश स्वरूप उस परमेश्वर के प्रकाशित होने के बाद ही प्रकाशित होता है। जैसे अग्नि के संयोग से उष्ण जल और अंगारे जलाने वाले अग्नि के पीछे ही जलाते हैं यानी दाह तो जल एवं अंगारे में प्रविष्ट अग्नि से ही होता है। किन्तु साधारण पुरुष जल से हाथ जल गया, चिमटे से हाथ जल गया इत्यादि व्यवहार करते हैं। अतः जैसे जलादि में स्वतः दाहकता नहीं है। वैसे ही सूर्यादि में भी स्वतः प्रकाशन शक्ति नहीं है। किन्तु उस ब्रह्म के ही दीप्ति से इस सम्पूर्ण जगत् को सूर्यादि प्रकाशते हैं। इस प्रकार वही ब्रह्म ही प्रकाशित करता है। इसलिये उस ब्रह्म में स्वतः प्रकाशरूपत्व जाना जाता है, क्योंकि यदि ब्रह्म स्वतः प्रकाशरूप न होता, तो भला दूसरे को कैसे प्रकाश कर सकता था? घटादि अप्रकाशमान् वस्तु को किसी दूसरे के प्रकाशक

बौद्धादेश्चित्तादौ चेतनत्वभ्रमदर्शनाच्चित्तं स्वस्मिन्स्वसंसर्गिणि च चैतन्याभिव्यञ्जकत्वे स्वभावत एव योग्यम्। ततश्चित्ते परमात्मनोऽभिव्यक्तिसम्भवाच्चेतसा ज्ञेयत्वमुच्यत इति सम्भावनार्थमाह— प्राणैः सहेन्द्रियैश्चित्तमिति। [5]**ओतं चैतन्येन सर्वस्व तर्हि चित्ते किमिति ब्रह्म स्वत एवापरोक्षं न भवतीत्यत आह—**यस्मिंश्च चित्त इति।।९।।

किन्तु जब इन्द्रिय और विषयों के संसर्ग से उत्पन्न रागादि मलरूप कालिमा का नाश हो जाता है, तब वह ज्ञान प्रसन्न माना जाता है। ऐसे ज्ञान के प्रसाद से साधक आत्मतत्त्व को वैसे ही देखता है, जैसे शुद्ध दर्पण और शुद्ध जल में मुख का प्रतिबिम्ब गृहीत होता है। रागादि मल के हट जाने पर वह ज्ञान जब स्वच्छ और शान्त हो जाता है तब ज्ञान का प्रसाद कहा जाता है। ऐसे स्वच्छ और शान्त ज्ञान द्वारा विशुद्ध अन्तःकरण अधिकारी पुरुष ब्रह्म को देख पाता है। इसीलिये श्रुति में कहा है कि सम्पूर्ण अवयव विषय से रहित निष्कल परमात्मा का ध्यान करने वाला सत्यादि साधनयुक्त उपरत-इन्द्रियग्राम पुरुष एकाग्र मन से चिन्तन करता हुआ परमात्माका उपरोक्ष अनुभव करता है। ज्ञान शब्द का अर्थ बुद्धि है, उसकी स्वच्छता का साधन है—परमात्मा के स्वरूप का ध्यान। अतः संशयादि दोष से रहित प्रमाणज्ञान ही ब्रह्मतत्त्व साक्षात्कार का हेतु है; ध्यानक्रिया तत्त्वसाक्षात्कार का अन्तरंग हेतु नहीं है। वह तो केवल अन्तःकरण शुद्धिका कारण है; यह इसका तात्पर्यार्थ है।।८।।

इस प्रकार जिस आत्मा को साधक देखता है यह आत्मा सूक्ष्म है; केवल विशुद्ध मन से जानने योग्य है। वह कहाँ रहता है? इस पर कहते हैं जिस शरीर में प्राण-अपान आदि भेद से पाँच प्रकार का प्राण वायु सम्यक् प्रकार से प्रविष्ट है। अर्थात् नख से शिखतक प्राण व्याप्त है। उस

---

१. येनेति चैतन्येनेत्यर्थः। २. स्नेहेन सर्पिषा। ३. तत्र प्रसिद्धिमनुकूलयति सर्वं हीत्यादिना। ४. स्वेनात्मनेति सच्चिदानन्दलक्षणेनेत्यर्थः। ५. यदि सर्वस्य चित्तं चैतन्येनोतं तर्हि सर्वस्य चित्ते किमितीत्यादि योज्यमपेक्षित-मध्याहृत्यावर्त्य चेति भावः।

यं यं लोकं मनसा संविभाति विशुद्धसत्त्वः कामयते यांश्च कामान्।
तं तं लोकं जयते तांश्च कामांस्तस्मादात्मज्ञं ह्यर्चयेद्भूतिकामः।।१०।।

इति तृतीयमुण्डके प्रथमः खण्डः ।।१।।

[वह विशुद्ध अन्तःकरण वाला आत्मज्ञानी अपने या दूसरे के लिये मन से जिस लोक की भावना करता है और जिन-जिन भोगों को चाहता है, वह उस-उस पित्रादि लोक को ही और उन्हीं भोग को प्राप्त करता है। अतः ऐश्वर्यकाम पुरुष आत्मज्ञानी की पूजा करे।।१०।।]

।। इति तृतीयमुण्डके प्रथमः खण्डः।।

य एवमुक्तलक्षणं सर्वात्मानमात्मत्वेन प्रतिपन्नस्तस्य सर्वात्मत्वादेव सर्वावाप्तिलक्षण-फलमाह——यं यं लोकं पित्रादिलक्षणं मनसा संविभाति संकल्पयति मह्य[1]मन्यस्मै वा भवेदिति विशुद्धसत्त्वः क्षीणक्लेश आत्मविन्निर्मलान्तःकरणः कामयते यांश्च कामान्प्रार्थ-यते भोगांस्तं तं लोकं जयते प्राप्नोति तांश्च कामान्संकल्पितान्भोगान् । तस्माद्विदुषः सत्यसंकल्पत्वादात्मज्ञमात्मज्ञानेन [2]विशुद्धान्तःकरणं ह्यर्चयेत्पूजयेत्पादप्रक्षालनशुश्रूषान-मस्कारादिभिर्भूतिकामो विभूतिमिच्छुः ।। १०।।

इत्यथर्ववेदीयमुण्डकोपनिषद्भाष्ये तृतीयमुण्डके प्रथमःखण्डः ।।१।।

सगुणविद्याफलमपि निर्गुणविद्यास्तुतये प्ररोचनार्थमुच्यते—यं यमिति।।१०।।

इत्यथर्ववेदीयमुण्डकोपनिषद्भाष्यटीकायां तृतीयमुण्डके प्रथमः खण्डः ।।१।।

शरीरस्थ हृदय में वह आत्मा मन से जानने योग्य है। कैसे मन से वह आत्मा जानने योग्य है? इस पर श्रुति कहती है कि इन्द्रियों के सहित प्रजा के सम्पूर्ण अन्तःकरण जिस चेतन आत्मा से वैसे ही ओत-प्रोत हैं, जैसे घी से दुग्ध और जैसे अग्नि से काष्ठ व्याप्त है। क्योंकि प्रजा से सम्पूर्ण अन्तः-करण चेतनवाले हैं—ऐसा लोक में प्रसिद्ध है। साथ ही जिस चित्त में अविद्यादि क्लेशरूप मल नहीं है, ऐसे विशुद्ध चित्त में ही यह पूर्वोक्त आत्मा विशेषतः अपने रूप से प्रकाशित होता है अर्थात् सर्वथा क्लेशादि मल से रहित शुद्ध अन्तःकरण ही आत्मा को प्रकाशता है, तात्पर्य यह है कि कर्म, उपासना और ब्रह्मध्यान आदि साधनों से शुद्ध अन्तःकरण में ही परमात्मा की अभिव्यक्ति होती है, मलीन अन्तःकरण में नहीं।।९।।

इस प्रकार उक्त लक्षण वाले सर्वात्मा को जिसने आत्मरूप से जान लिया है, उसे सर्वभाव की प्राप्तिरूप फल मिलता है। क्योंकि परमात्मा सबकी आत्मा है, उसी सर्वात्मा को जिसने आत्मभाव से अपरोक्ष कर लिया है, उसे सर्वात्मभाव की प्राप्ति स्वभाव से हो जाती है। इस प्रकार निर्गुण विद्याकी स्तुति द्वारा निर्गुण विद्या में प्रवृत्ति कराने के लिए सगुण विद्या का फल भी श्रुति बतलाती है, कि पितृ आदि रूप-जिस जिस लोक का मन से मुझे प्राप्त होवे ऐसा संकल्प यानि विशुद्ध अन्तःकरण क्षीण-क्लेश

---

१. अन्यस्मै स्वभक्तायेत्यर्थः ।　　२. विशुद्धान्तःकरणमिति—आत्मज्ञानैकभासुरमिति भावः।

स वेदैतत्परमं ब्रह्म धाम यत्र विश्वं निहितं भाति शुभ्रम्।
उपासते पुरुषं ये ह्यकामास्ते शुक्रमेतदतिवर्तन्ति धीराः।।१।।

[वह आत्मज्ञानी उस परब्रह्म को जानता है जो सम्पूर्ण आधिदैविकादि जगत् का आश्रय है और शुद्ध रूप से प्रकाशित हो रहा है। ऐसे आत्मदर्शी पुरुष की जो निष्काम भाव से उपासना करते हैं, वे धीर पुरुष शरीर के कारण प्रसिद्ध इस शुक्र का अतिक्रमण कर जाते हैं। अर्थात् उन्हें फिर शरीर धारण करने के लिये योनि में जाना नहीं पड़ता, वे मुक्त हो जाते हैं।।१।।]

ततः पूजार्ह एवासौ यस्मात्स वेद जानातीत्येतद्यथोक्तलक्षणं ब्रह्म परममुत्कृष्टं धाम सर्वकामानामाश्रयमास्पदं यत्र यस्मिन्ब्रह्मणि धाम्नि विश्वं समस्तं जगन्निहितमर्पितं यच्च स्वेन ज्योतिषा भाति शुभ्रं शुद्धम् । तमप्येवमात्मज्ञं पुरुषं ये ह्यकामा विभूतितृष्णा-वर्जिता मुमुक्षवः सन्त उपासते [1]परमिव सेवन्ते ते शुक्रं नृबीजं यदेतत्प्रसिद्धं शरीरोपादा-नकारणमतिवर्तन्त्यतिगच्छन्ति धीरा धीमन्तो न पुनर्योनिं प्रसर्पन्ति "न पुनः क्वचिद्रतिं करोति" इतिश्रुतेः । अतस्तं पूजयेदित्यभिप्रायः ।।१।।

।।१।।

आत्मज्ञानी जिन-जिन भोगों की कामना करता है उन संकल्पित भोगों और उन-उन लोकों को सहज ही प्राप्त कर लेता है; क्योंकि विद्वान् सत्य-संकल्प होता है। अतः आत्मज्ञान द्वारा सर्वथा शुद्ध अन्तः-करणवाले आत्मज्ञानी की पादप्रक्षालन, शुश्रूषा, नमस्कार आदि द्वारा विभूति को चाहनेवाला पुरुष अवश्य पूजन करे। इससे यह सिद्ध हुआ कि तत्त्वज्ञानी निःसंदेह सबका पूजा-पात्र होता है। पूजा से उसे प्रसन्न कर लेने पर ऐहिक और आमुष्मिक यथेष्ट भोगों को ऐश्वर्य के इच्छुक पुरुष सहज में प्राप्त कर लेता है।।१०।।

⁕ तृतीय मुण्डक द्वितीय खण्ड ⁕

क्योंकि सम्पूर्ण इच्छाओं का एकमात्र आश्रम, सर्वोत्कृष्ट यथोक्तलक्षण ब्रह्मधाम को कहा गया है। जिस ब्रह्मधाम में सम्पूर्ण जगत् निहित यानी अर्पित है, और जो स्वयंप्रकाश होने से अत्यन्त शुद्ध प्रतीत होता है। इस ब्रह्म को वह तत्त्वज्ञानी जानता है। इस प्रकार आत्मस्वरूप परमात्मतत्त्व को जानने वाले उस आत्मज्ञानी की इस लोक और परलोक की सम्पूर्ण विभूतियों की तृष्णा का परित्याग करके जो मुमुक्षु उसे परमेश्वर के समान उपासना करते हैं; वे धीर पुरुष शरीर के उपादान कारण इस प्रसिद्ध शुक्र यानी देह के कारण नृबीज को अतिक्रमण कर जाते हैं। तात्पर्य यह है कि वे भी तत्त्वज्ञानी होकर पुनर्योनि को प्राप्त नहीं करते। 'वह फिर कहीं रति नहीं करता' इस श्रुति से भी यही बात सिद्ध होती है। अतः मोक्षाभिलाषी तत्त्वज्ञानी की पूजा करे। यह इसका अभिप्राय है।।१।।

मोक्षाभिलाषी को सम्पूर्ण कामानाओं का त्याग करना चाहिये। कामना का त्याग ही उसके लिये प्रधान साधन है। इस बात को आगे का मन्त्र बतलाता है। जो पुरुष इस लोक और परलोक के अभीष्ट

---

१. परमिवेति-ब्रह्मेवेत्यर्थः।

कामान्यः कामयते मन्यमानः स कामभिर्जायते तत्र तत्र ।
पर्याप्तकामस्य कृतात्मनस्तु इहैव सर्वे प्रविलीयन्ति कामाः ।।२।।

[जो पुरुष (दृष्टादृष्ट) विषयों के गुणों का चिन्तन करता हुआ उनकी इच्छा करता है वह उन कामनाओं के कारण उनकी प्राप्ति के लिए जहाँ-तहाँ जन्म लेता है। किन्तु (परमार्थतत्त्व के विज्ञान से) पूर्णकाम, कृतकृत्य पुरुष की सभी कामनाएँ इसलोक में ही लीन हो जाती हैं।।२।।]

मुमुक्षोः कामत्याग एव प्रधानं साधनमित्येतद्दर्शयति । कामान्यो दृष्टादृष्टेष्टविषयान्कामयते मन्यमानस्तद्गुणांश्चिन्तयानः प्रार्थयते स तैः कामभिः कामैर्धर्माधर्मप्रवृत्तिहेतुभिर्विषयेच्छारूपैः सह जायते तत्र तत्र ।[1] यत्र यत्र विषयप्राप्तिनिमित्तं कामाः कर्मसु पुरुषं नियोजयन्ति तत्र तत्र तेषु तेषु विषयेषु तैरेव कामैर्वेष्टितो जायते । यस्तु परमार्थतत्त्वविज्ञानात्पर्याप्तकाम आत्मकामत्वेन परिसमन्तत आप्ताः कामा यस्य तस्य पर्याप्तकामस्य कृतात्मनोऽ[2]विद्यालक्षणाद[3]पररूपाद[4]पनीय स्वेन परेण रूपेण कृत आत्मा विद्यया यस्य तस्य कृतात्मनास्त्विहैव तिष्ठत्येव शरीरे सर्वे धर्माधर्मप्रवृत्तिहेतवः प्रविलीयन्ति विलयमुपयान्ति नश्यन्तीत्यर्थः । कामास्तज्जन्म[5]हेतुविनाशान्न जायन्त इत्यभिप्रायः ।।२।।

परमार्थतत्त्वविज्ञानादिति । **विषयेषु यथास्थितदोषदर्शनात्पर्याप्तकामः क्षीणरागो[6]विरुद्धलक्षणयाऽऽ[7]त्मकामस्याऽऽत्मबुभुत्सयैव वशीकृतचित्तस्य विषयेभ्यः कामा निवृत्ता एव भवन्तीत्यर्थः । [8]सामर्थ्यादवगम्यते[9]स्वहेतुविनाशात्पुनः कामा न जायन्त इति [10]जातानां ज्ञानं विनाऽपि क्षयसम्भवादित्यर्थः।।२।।**

विषय-भोगों के गुणों का चिंतन करता हुआ कामना करता है, वह धर्म एवं अधर्म में प्रवृत्ति के हेतुभूत विषयों की इच्छा रूप कामनाओं के साथ उन-उन लोकों में तथा योनियों में जन्म लेता है; जहाँ-जहाँ विषय भोग की प्राप्ति की कामना वाले उस पुरुष को इच्छायें नियुक्त करती हैं अर्थात् कामना के वशीभूत हो उन कामनाओं की पूर्ति के लिये लौकिक तथा वैदिक कर्मां में इच्छायें उसे लगा देती हैं उन कामनाओं से घिरा हुआ वह सांसारिक जीव उन-उन विषयों की प्राप्ति के लिये तदनुरूप लोक एवं शरीर में जन्म लेता है। किन्तु जो परमार्थतत्त्व के अपरोक्ष अनुभव से पूर्णकाम हो चुका है ऐसे कृतात्मा की सम्पूर्ण कामनायें इस वर्तमान शरीर में ही विलीन अर्थात् नष्ट हो जाती हैं; आत्मकामना से ही सम्पूर्ण कामनाओं की भली प्रकार से पूर्ति हो सकती है। इसलिये आप्तकाम पुरुष ही पर्याप्त काम कहा गया है। अविद्या लक्षण अपर रूप संसार से यानी देहत्रय से हटकर ब्रह्मस्वरूप निजरूप से तत्त्वज्ञान द्वारा जो कृतार्थ हो चुका है। उसे कृतात्मा कहते हैं। धर्म एवं अधर्म में प्रवृत्ति का एकमात्र

---

१. यत्र तत्रेति-यद्यद्विषयप्राप्त्यर्थमित्यर्थः । २. अविद्यालक्षणादाविद्यकात् । ३. अपररूपादतात्त्विकरूपादित्यर्थः। ४. अपनीयेति-विविच्येति यावत् । ५. हेतुरविद्या। ६. विरुद्धेति-पर्याप्तस्य स्वविरुद्धक्षीणे लक्षणा तयेत्यर्थः। ७. लक्षणाबीजमाह-आत्मकामस्येत्यादिना । ८. ननुप्रविलीयन्तीति विनाशपदं न जायन्त इति जन्माभावपरं कुत इत्याशङ्क्याह-सामर्थ्यादवगम्यत इति। ९. किं तदाह-स्वेत्यादिना। १०. सामर्थ्यं समर्थयते-जातानामित्यादिना।

नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो न मेधया न बहुना श्रुतेन ।
यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनुं स्वाम्।।३।।

[प्रकृत परमपुरुषार्थ के साधनभूत यह आत्मा वेद-शास्त्र के पुष्कल प्रवचन से प्राप्त होने योग्य नहीं है और न ग्रन्थधारण शक्तिरूप मेधा से तथा अधिक शास्त्र श्रवण से ही मिल सकता है, किन्तु वह विद्वान् जिस परमात्मा को प्राप्त करना चाहता है, उस से ही यह आत्मा लभ्य है। यह आत्मा उसके समक्ष अपनी अविद्या से आच्छन्न अपने स्वरूप को प्रकाशित कर देता है।।३।।]

यद्येवं सर्वलाभात्परम आत्मलाभस्त[1]ल्लाभाय प्रवचनादय उपाया बाहुल्येन कर्तव्या इति प्राप्त इदमुच्यते। योऽयमात्मा व्याख्यातो यस्य लाभः परः पुरुषार्थो नासौ वेद-शास्त्राध्ययनबाहुल्येन प्रवचनेन लभ्यः। तथा न मेधया ग्रन्थार्थधारणशक्त्या। न बहुना श्रुतेन नापि भूयसा श्रवणेनेत्यर्थः। केन तर्हि लभ्य इत्युच्यते। यमेव परमात्मानमेवैष विद्वान्वृणुते प्राप्तुमिच्छति तेन वरणेनैष परमात्मा लभ्यो [2]नान्येन साधनान्तरेण। नित्यलब्ध-स्वभावत्वात्। कीदृशोऽसौ विदुष आत्मलाभ इत्युच्यते। तस्यैष आत्माऽविद्यासंछन्नां स्वां परां तनुं स्वात्मतत्त्वं स्वरूपं विवृणुते प्रकाशयति प्रकाश इव घटादिर्विद्यायां सत्या-माविर्भवतीत्यर्थः। तस्मादन्यत्यागेनाऽऽत्मलाभप्रार्थनैवाऽऽत्मलाभसाधनमित्यर्थः।।३।।

न बहुना श्रुतेनेति। [3]**उपनिषद्विचारव्यतिरिक्तेनेत्यर्थः। तेन वरणेनेति कथं व्याख्यातं यत्त-दोर्भिन्नार्थत्वं? साधनविवक्षायाः प्रस्तुतत्वादित्यर्थं[4]ब्रूमः। परमात्माऽस्मीत्यभेदानुसंसाधनं वरणम्। तेन वरणेनैष आत्मा लभ्यो भवति। बहिर्मुखेन तु शतशोऽपि श्रवणादौ क्रियमाणे न लभ्यते। अतः परमात्माऽस्मीत्यभेदानुसंधानं परमात्मभजनं पुरस्कृत्यैव श्रवणादि संपादनीयमिति भावः। अथवाऽ-यमेव परमात्मानं वृणुते तेन परमात्मना मुमुक्षुरूपव्यवस्थितेन वरणेनाभेदानुसंधानलक्षणेन प्रार्थनेन [5]कृत्वा लभ्यः परमात्मैव मुमुक्षुरूपव्यवस्थित इत्यभेदानुसंधानेनैव लभ्यो न कर्मणेत्यर्थः।।३।।**

कारण कामनायें हैं। वे सम्पूर्ण कामनायें पर्याप्तकाम कृतात्मा पुरुष के इस वर्तमान देह में हीं नष्ट हो जाती है। अतः जन्म के हेतुभूत कर्म एवं उसके कारण कामनाओं के सर्वथा विनाश हो जाने से उस तत्त्ववेत्ता में कामनायें उत्पन्न होतीं ही नहीं हैं। अतएव तत्त्वज्ञानी का पुनर्जन्म नहीं होता। यह इसका अभिप्राय है।।२।।

इस प्रकार यदि सभी लाभ से आत्मलाभ श्रेष्ठ है तो आत्मलाभ के लिए प्रवचन आदि साधन विशेष रूप से करना चाहिए। ऐसा प्राप्त होने पर श्रुति यह कहती है कि जो यह आत्मा बतलाया गया जिसकी प्राप्ति परम पुरुषार्थ का हेतु है। यह प्रकृत आत्मा वेदशास्त्र के अध्ययन बाहुल्य रूप प्रवचन से प्राप्त होने योग्य नहीं हैं। दिन-रात वेद-शास्त्रों का अध्ययन करना ही प्रवचन कहा गया है। ऐसे प्रवचन से वह आत्मा प्राप्त नहीं हो सकता। वैसे ही ग्रन्थ के अर्थ को धारण करने की शक्ति का नाम मेधा है। ऐसी

---

१. तल्लाभायेति-तर्हीति शेषः २. नान्येन साधनान्तरेणेति-साधनान्तरस्यान्यत्वमनात्मविषयत्वमित्यवधेयम्। ३. श्रवणं हि विचारस्तत आह उपनिषद्विचारेति। ४. इत्यर्थमिति तेनेत्यस्य वरणेनेत्यर्थमित्यर्थः। ५. प्रार्थनस्य करणत्वसूचनायैव कृत्वेति वाचो युक्तिरित्यवधेयम्।

नायमात्मा बलहीनेन लभ्यो न च प्रमादात्तपसो वाऽप्यलिङ्गात् ।
एतैरुपायैर्यतते यस्तु विद्वांस्तस्यैष आत्मा विशते ब्रह्मधाम ।।४।।

[यह आत्मा आत्मनिष्ठाजनित शक्ति से हीन पुरुष द्वारा प्राप्त होने योग्य नहीं है और न पुत्रादि में आसक्तिरूप प्रमाद से ही लभ्य है। अथवा न संन्यास रहित तपस्या से ही यह प्राप्तव्य है। किन्तु जो विद्वान् इन उपायों से उस प्राप्ति के योग्य आत्मतत्त्व को जानने का प्रयत्न करता है निश्यच उसका यह आत्मा ब्रह्मधाम में सम्यक् रूप से प्रविष्ट हो जाता है।।४।।]

आत्मप्रार्थनासहायभूतान्येतानि च साधनानि बलाप्रमादतपांसि लिङ्गयुक्तानि संन्यास-सहितानि । यस्मादयमात्मा बलहीनेन बलप्रहीणेना[१]ऽऽत्मनिष्ठाजनितवीर्यहीनेन न लभ्यो नापि लौकिकपुत्रपश्वादिविषयसङ्गनिमित्तप्रमादात्[२] । तथा तपसो वाऽप्यलिङ्गाल्लिङ्ग-रहितात्। तपोऽत्र ज्ञानम् । लिङ्गं संन्यासः संन्यासरहिताज्ज्ञानान्न लभ्यत इत्यर्थः । एतैरु- पायैर्बलाप्रमादसंन्यासज्ञानैर्यतते तत्परः सन्प्रयतते यस्तु विद्वान्विवेक्यात्मवित्तस्य विदुष एष आत्मा विशते संप्रविशति ब्रह्मधाम ।।४।।

वीर्यमिति (मत्र) मिथ्याज्ञानानभिभाव्यतालक्षणोऽतिशयः । अलिङ्गादिति कथम् ? **इन्द्र-जनकगार्गीप्रभृतीनामप्यात्मलाभश्रवणात्। सत्यम्। संन्यासो नाम सर्वत्यागात्मकस्तेषामपि [३]स्वत्वाभि-**

मेधा से वह आत्मा प्राप्त नहीं हो सकता और न अधिकाधिक श्रवण करने से ही वह आत्मा प्राप्त हो सकता है, तो फिर किस उपाय से वह आत्मा प्राप्त है? ऐसी आकांक्षा होने पर श्रुति कहती है कि जिस परमात्मा का यह विवेक आदि साधन सम्पन्न साधक प्राप्त करना चाहता है, उसे वरणरूप प्रार्थना से ही यह परमात्मा प्राप्त हो सकता है, अन्य साधनों से नहीं, क्योंकि वह नित्य प्राप्त स्वरूप है। उक्त साधक को किस प्रकार का यह आत्मलाभ होता है? ऐसी आकांक्षा होने पर श्रुति कहती है कि आत्म प्राप्ति की इच्छा वाले साधक के सामने यह परमात्मा अविद्या से आवृत्त अपने परमार्थ स्वरूप को वैसे ही प्रकाशित कर देता है, जैसे घटादि विषयाकार वृत्ति में घटादि विषय आविर्भूत हो जाते हैं, अर्थात् प्रकाशित हो जाते हैं । अतः अन्य बाह्य साधनों का परित्याग कर आत्मलाभ की प्रार्थना ही आत्मप्राप्ति का सर्वोत्तम साधन है । इस मन्त्र में उपनिषद् से भिन्नविषयों के श्रवण का ही निषेध किया है; उपनिषद् श्रवण का नहीं वरं उपनिषद् के अतिरिक्त ग्रन्थार्थ धारण की शक्ति तथा अध्ययन का निषेध किया गया है । अतः शमदमादि साधन सम्पन्न पुरुष "अहं ब्रह्मास्मि" इस प्रकार अनुसंधान रूप परमात्मभक्ति पूर्वक वेदान्त का श्रवणादि सम्पादन करे। अभेदानुसंधान पूर्वक श्रवण को ही इस मन्त्र में प्रार्थना शब्द से कहा गया है। और ऐसे अनुसंधान को ही परमात्मप्राप्ति का सर्वोत्तम साधन कहा गया है।।३।।

उक्त आत्म प्रार्थना के सहायक बल, प्रमाद त्याग और लिङ्गयुक्त तपरूप साधन बतलाये गये हैं। अतः वह आत्मा आत्मनिष्ठा जनित सामर्थ्य से शून्यरूप बलहीन व्यक्ति द्वारा प्राप्त होने योग्य नहीं है और न लौकिक पुत्र-पशु आदि विषयों में आसक्ति के कारण प्रमाद से ही प्राप्त हो सकता है। वैसे ही लिङ्ग रहित केवल तप से भी आत्मा प्राप्त नहीं हो सकता। यहां पर ज्ञान को तप और संन्यास को लिङ्ग

---

१. आत्मनि निष्ठा श्रवणादि लक्षणोऽनन्यव्यापारस्तज्जनितेत्यर्थः। २. आत्मनिष्ठाप्रच्युतिलक्षणादित्यर्थः। ३. स्वत्वा-भिमानाभावादिति—यस्य मे नास्ति किंचनेति ह्युक्तम्।

सम्प्राप्यैनमृषयो ज्ञानतृप्ताः कृतात्मानो वीतरागाः प्रशान्ताः ।
ते सर्वगं सर्वतः प्राप्य धीरा युक्तात्मानः सर्वमेवाऽऽविशन्ति।।५।।

[इस आत्मतत्त्व को सम्यक् प्रकार से जानकर आत्मदर्शी ऋषिगण ज्ञान से तृप्त, कृतकृत्य, वीतराग और उपरत इन्द्रिय हो जाते हैं। वे धीर पुरुष उस सर्वव्यापक ब्रह्म को सर्वत्र प्राप्त कर (प्रारब्ध क्षय होने पर मृत्युकाल में समाहितचित्त होकर उपाधि से अपरिछिन्न) सर्वरूप ब्रह्म में ही प्रवेश कर जाते हैं (जैसे घट के फूट जाने पर घटाकश महाकाश में लीन हो जाता है)।।५।।]

कथं ब्रह्म संविशत इत्युच्यते । संप्राप्य समवगम्यैनमात्मानमृषयो दर्शनवन्तस्तेनैव ज्ञानेन तृप्ता न बाह्येन तृप्तिसाधनेन शरीरोपचयकारणेन । कृतात्मानः परमात्मस्वरूपेणैव निष्पन्नात्मानः सन्तः । वीतरागा विगतरागादिदोषाः । प्रशान्ता उपरतेन्द्रियाः । त एवंभूताः सर्वगं सर्वव्यापिनमाकाशवत्सर्वतः सर्वत्र प्राप्य नोपाधिपरिच्छिन्नेनैकदेशेन। किं तर्हि तद्ब्रह्मैवाद्वयमात्मत्वेन प्रतिपद्य धीरा अत्यन्तविवेकिनो युक्तात्मानो नित्यसमाहितस्वभावाः सर्वमेव समस्तं शरीरपातकाले[१]ऽप्याविशन्ति भिन्ने घटे घटाकाशवदविद्याकृतोपाधिपरिच्छेदं जहति । एवं ब्रह्मविदो ब्रह्मधाम प्रविशन्ति।।५।।

मानाभावादस्त्येवाऽऽन्तरः संन्यासो बाह्यं तु लिङ्गमविवक्षितम् "[२]न लिङ्गं धर्मकारणम्" इति स्मरणात्, [३]नैष्कर्म्यसाहित्यं तु विवक्षितम्[४] ।।४।।५।।

शब्द से कहा गया है अर्थात् संन्यास रहित ज्ञान से यह आत्मा प्राप्त नहीं हो सकता। किन्तु बल, अप्रमाद, त्याग, तथा संन्यास युक्त ज्ञानरूप साधनों के द्वारा तत्पर हुआ विवेकी साधक जब प्रयत्न करता है तो ऐसे विद्वान साधक का यह आत्मा ब्रह्म धाम में सम्यक् प्रकार से प्रवेश प्राप्त कर लेता है इन पूर्वोक्त साधनों द्वारा प्रयत्नशील विवेकादि साधन सम्पन्न ब्रह्मात्मैक्य स्थिति रूप ब्रह्मधाम को सहज में प्राप्त कर लेता है।।४।।

किस प्रकार ब्रह्म में प्रवेश करता है? ऐसी आकांक्षा होने पर श्रुति कहती है कि इस आत्मा को सम्यक् प्रकार से जानकर तत्त्वदर्शी ऋषि उस सम्यक् ज्ञान से ही तृप्त हो जाते हैं। शरीरवृत्ति के कारण किसी बाह्यतृप्ति के साधनों की अपेक्षा उन्हें नहीं रह जाती। परमात्मस्वरूप से ही अपने आपको जानने के कारण वे कृतात्मा हो चुके हैं। रागादि दोष मिट जाने के कारण वे वीतराग है; एवं विषयों की इन्द्रियों से उपरत हो जाने के कारण प्रशान्त हैं। ऐसे तत्त्ववेत्ता सभी ओर से सर्वत्र आकाश के समान व्यापक परमात्मा को प्राप्त कर सर्वरूप हो जाते हैं। वे उपाधि से परिच्छिन्न एकदेशेन

---

१. एवकारार्थमाह—अपीति । समस्तमपीत्यन्वयः।
२. न लिङ्गं धर्मकारणमिति—क्वचिदन्तरेणापि लिङ्गं धर्मानुष्ठानसंभवाल्लिङ्गस्यासार्वत्रिकत्वाभिप्रायमेतत्सर्वथाऽकारणत्वे तद्विधानानुपपत्तेः । न च व्यवहारार्थमेव तत्, धर्मानुष्ठानमुद्दिश्यैव सलिङ्गाश्रमविधानात् । व्यवहारमात्रार्थत्वे चात्र परमार्थोद्देश्ये परामृश्यत्वात्तन्मात्रार्थस्य नामकरणादेरत्राविधानात्तस्य स्मृतिपुराणादिविषयत्वात्तस्य चेह तपसो वाप्यलिङ्गादेतैरुपायैरिति विधित्सितत्वात् । मुख्यानां वैराग्यादिसाधनानामुद्बोधकत्वाद्वा लिङ्गस्य गौणत्वाभिप्रायमेव तत्, नतु धर्मत्वसामानाधिकरण्येनाप्यहेतुत्वाभिप्रायं लिङ्गविधिवैयर्थ्यादित्यवधेयम्। वैयर्थ्यादिति तदापत्तेरित्यर्थः । ३. काम्यनिषिद्धवर्जनं नैष्कर्म्यम् । ४. मु.उ. ३.२. ४–५

वेदान्तविज्ञानसुनिश्चतार्थाः संन्यासयोगाद्यतयः शुद्धसत्त्वाः।
ते ब्रह्मलोकेषु परान्तकाले परामृताः परिमुच्यन्ति सर्वे ।।६।।

[वेदान्त के विचार से उत्पन्न विज्ञान के द्वारा जिन्होंने ज्ञातव्य परमात्मा का भली प्रकार से निश्चय कर लिया है। वे (ब्रह्मनिष्ठा स्वरूप) संन्यास योग से युक्त विशुद्धसत्त्व पुरुष ब्रह्मलोक में शरीर त्यागते समय अत्यन्त उत्कृष्ट, अमरणधर्मा ब्रह्मभाव को प्राप्त कर लेते हैं और फिर वे सभी ओर से मुक्त हो जाते हैं।।६।।]

किञ्च वेदान्तजनितविज्ञानं वेदान्तविज्ञानं तस्यार्थः [1]परमात्मा [2]विज्ञेयः सोऽर्थः सुनिश्चितो येषां ते वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थाः । ते च संन्यासयोगात्सर्वकर्मपरित्याग-लक्षणयोगात्केवलब्रह्मनिष्ठास्वरूपाद्योगाद्यतयो यतनशीलाः शुद्धसत्त्वाः शुद्धं सत्त्वं येषां संन्यासयोगात्ते शुद्धसत्त्वाः । ते ब्रह्मलोकेषु । संसारिणां ये मरणकालास्तेऽ[3]परान्तास्तान-पेक्ष्य मुमुक्षूणां संसारावसाने देहपरित्यागकालः परान्तकालस्तस्मिन्परान्तकाले साधकानां बहुत्वाद्ब्रह्मैव लोको ब्रह्मलोक एकोऽप्यनेकवद्दृश्यते प्राप्यते वा। अतो बहुवचनं ब्रह्मलोकेष्विति ब्रह्मणीत्यर्थः । परामृताः परममृतममरणधर्मकं ब्रह्माऽऽत्मभूतं येषां ते परामृता जीवन्त एव ब्रह्मभूताः परामृताः सन्तः परिमुच्यन्ति परिसमन्तात्प्रदीपनिर्वाण-वद्घटाकाशवच्च निवृत्तिमुपयान्ति। परिमुच्यन्ति परिसमन्तान्मुच्यन्ते सर्वे न देशान्तरं गन्तव्यमपेक्षन्ते।

प्रदीपस्य वर्तिकृतावच्छेदध्वंसे यथा तेजःसामान्यतापत्तिस्तद्वदित्याह—प्रदीपनिर्वाणवदिति।

परमात्मा को प्राप्त नहीं करते किन्तु वे अद्वय ब्रह्म को ही आत्मरूप से जानकर अत्यन्त विवेकी नित्य समाहित स्वभाव वाले धीर पुरुष इस वर्तमान शरीर पात काल में भी सर्वात्मा परमात्मा में ही प्रवेश करते हैं। जैसे घड़े के नष्ट हो जाने पर घटाकाश महाकाश में प्रविष्ट हो जाता है वैसे ही अविद्याकृत स्थूल-सूक्ष्म शरीर रूप उपाधि परिच्छेद को वह तत्त्ववेत्ता छोड़ देते हैं। इस प्रकार ब्रह्म ज्ञानी ब्रह्म धाम में सम्प्रविष्ट हो जाते हैं। जैसे कोई बाहर से चल कर गृह में प्रवेश करता हो, उस प्रकार से तत्त्वज्ञानी ब्रह्म में प्रवेश नहीं करता किन्तु घट के टूटने पर घटाकाश जैसे महाकाश में प्रविष्ट हो जाता है वैसे ही उपाधि परिच्छेद के टूटते ही उपहित आत्मा अनुपहित शुद्ध चैतन्य भाव में प्रविष्टहो जाता है।।५।।

वेदान्त प्रमाण जन्य विज्ञान को वेदान्त विज्ञान कहते हैं। उसका विषय परमात्मा, विज्ञेय कहा गया है ऐसा परमात्मारूप अर्थ जिन्हें अच्छी प्रकार से निश्चित हो चुका है, वे वेदान्त विज्ञान सुनिश्चितार्थ कहें जाते हैं । सर्व कर्म परित्याग कर केवल ज्ञाननिष्ठा स्वरूप को संन्यास योग कहते हैं। ऐसे संन्यास योग द्वारा पूर्वोक्त तत्त्ववेत्ता यत्नशील एवं संन्यास योग से ही जिन्होंने अपने अन्तःकरण को सर्वथा निर्मल बना रखा है। वे ब्रह्मलोक में जा कर मुक्त हो जाते हैं और संन्यासियों के जो मरण काल कहें गये हैं वे अपरान्तकाल माने जाते हैं। उनकी अपेक्षा मोक्षा-

---

१. परमात्मा-परस्मादभिन्न आत्मेत्यर्थः । २. विज्ञेयो विषयः । ३. अपरान्ता न परमा अन्तकालाः प्रागभावाधिक-रणत्वादिति भावः।

"शकुनीनामिवाऽऽकाशे जले वारिचरस्य च।
पदं यथा न दृश्येत तथा ज्ञानवतां गतिः"।।

"अनध्वगा अध्वसु पारयिष्णवः" इति श्रुतिस्मृतिभ्यो देशपरिच्छिन्ना हि [१]गतिः [२]संसारविषयैव । परिच्छिन्नसाधनसाध्यत्वात् । ब्रह्म तु समस्तत्वान्न देशपरिच्छेदेन गन्तव्यम् । यदि हि देशपरिच्छिन्नं ब्रह्म स्यान्मूर्तद्रव्यवदाद्यन्तवदन्याश्रितं सावयवमनित्यं कृतकं च स्यात् । न त्वेवंविधं ब्रह्म भवितुमर्हति । अतस्तत्प्राप्तिश्च नैव देशपरिच्छिन्ना भवितुं युक्ता । अपि चाविद्यादिसंसारबन्धापनयनमेव मोक्षमिच्छन्ति ब्रह्मविदो न[३] तू कार्यभूतम् ।।६।।

पदं पादन्यासप्रतिबिम्बं न दृश्येताभावादेवेत्यर्थः । अध्वस्विति । [४]संसाराध्वनां पारयिष्णवः पारयितुं समापयितुमिच्छन्तीति समाप्तिकामा अनध्वगा भवन्तीत्यर्थः । तर्कतोऽपीहैव मोक्षो वक्तव्य इत्याह— देशपरिच्छिन्ना हीत्यादिना।।६।।

भिलाषियों के संसारावसान में देह-परित्यागकाल को परान्तकाल कहा गया है। ऐसे परान्तकाल में पूर्वोक्त सभी तत्ववेत्ता सर्वथा मुक्त हो जाते हैं। यद्यपि ब्रह्मलोक एक है, फिर भी साधकों की अनेकता के कारण एक ब्रह्मलोक ही अनेक जैसा दिखता है और प्राप्त भी होता है। साथ ही ब्रह्म-लोक पद में कर्मधारय समास माना है, षष्ठी तत्पुरुष समास नहीं माना। इसलिए ब्रह्म को ही ब्रह्मलोक कहते हैं; न कि ब्रह्मलोक ब्रह्म से भिन्न है ऐसी स्थिति में 'ब्रह्मलोकेषु' इस पद में बहुवचन साधकों की अनेकता के कारण से दिया गया है। अतः 'ब्रह्मलोकेषु' इस पद का अर्थ 'ब्रह्म में' करना चाहिए। अमरण धर्म ब्रह्म जिन्हें जीवन काल में ही आत्मरूप से प्रतीत होने लग गया वे जीवित ही "परामृताः" यानी ब्रह्मभूत कहे जाते हैं, ऐसे तत्त्ववेत्ता दीपक निर्वाण के समान और घटाकाश के महाकाश में विलीन होने के समान सभी ओर से निवृत्ति को प्राप्त कर जाते हैं। अर्थात् वे सब के सब देशान्तर गन्तव्य की अपेक्षा नहीं करते; किन्तु घटाकाश के महाकाश में विलीन के समान उपाधि के हटते ही निर्विशेष ब्रह्मभाव को प्राप्त कर जाते हैं यानी विदेह कैवल्य को प्राप्त कर जाते हैं। 'जैसे आकाश में पक्षियों के पदचिह्न एवं जल में जलचरों के पदचिह्न नहीं दिखायी देते वैसे ही ब्रह्मतत्त्वज्ञानी की गति समझ में नहीं आती'। 'संसार में पार जाने की इच्छा वाले आप्तकाम पुरुष संसार मार्ग में नहीं चलते' इस प्रकार श्रुति और स्मृति ने भी देश से परिच्छिन्न गति को ससांर विषयक ही माना है। क्योंकि देशपरिच्छिन्न लोकादि की सिद्धि परिच्छिन्न साधनों से ही होती हैं। ब्रह्मवेत्ता सर्वरूप होने के कारण देशपरिच्छिन्न नहीं है। अतएव उसकी प्राप्ति के लिये देश परिच्छेद पूर्वक गति नहीं होती, और यदि ब्रह्म देश से परिच्छन्न हो तो मूर्तद्रव्य के समान आदि-अन्तवाला विनाशी हो जायेगा। सावयव वस्तु अपने किसी अन्य अवयव के आश्रित रहा करती है। एवं कृति जन्य पदार्थ अनित्य होता है, किन्तु ब्रह्म को ऐसा नहीं कह सकते। अतः उसकी प्राप्ति देश परिच्छिन्न कहना युक्ति-युक्त नहीं है। इसलिये

---

१. गतिः फलम् । २. संसारविषयैवेति—संसारान्तर्गतैवेत्यर्थः । ३. तदपि नात्मातिरिक्तमित्याशयेनाह—नत्वित्यादि । ४. संसाराध्वनामिति षष्ठ्यर्थसप्तम्यभिप्रायम्।

गताः कलाः पञ्चदश प्रतिष्ठा देवाश्च सर्वे प्रतिदेवतासु।
कर्माणि विज्ञानमयश्च आत्मा परेऽव्यये सर्व एकीभवन्ति।।७।।

[(देह के आरम्भक प्राणादि) पन्द्रह कलायें अपने-अपने कारण में प्रतिष्ठित हो जाती हैं। चक्षुरादि इन्द्रियों के अधिष्ठाता सभी देवगण अपने प्रति देवता आदित्यादि में लीन होते हैं। उसके सञ्चितादि कर्म और विज्ञानमय आत्मा ये सभी अविनाशी परमात्म देव में एकता को प्राप्त कर लेते हैं। (मानो घटस्थ जलगत आदित्य प्रतिबिम्ब अम्बरस्थ सूर्य बिम्ब को प्राप्त हो गये हों)।।७।।]

किञ्च मोक्षकाले या देहारम्भिकाः कलाः प्राणाद्यास्ताः स्वां स्वां प्रतिष्ठां गताः स्वं स्वं कारणं गता भवन्तीत्यर्थः। प्रतिष्ठा इति द्वितीयाबहुवचनम्। पञ्चदश [१]पञ्चदशसंख्याका या अन्त्यप्रश्नपरिपठिताः प्रसिद्धा देवाश्च देहाश्रयाश्चक्षुरादिकरणस्थाः सर्वे प्रतिदेवतास्वा[२]दित्यादिषु गता भवन्तीत्यर्थः। यानि च मुमुक्षुणा कृतानि कर्माण्यप्रवृत्तफलानि

---

[३]**स्वाः प्रतिष्ठाः प्रति गता भवन्तीति** [४]**भूतांशानां** [५]**भौतिकानां च महाभूतेषु लयो दर्शितः।** अन्त्यप्रश्नेति। **ब्राह्मणग्रन्थे षष्ठप्रश्ने प्राणाद्या याः कलाः पठिता इत्यर्थः।** [६]**मायामयमहाभूतानामंशावष्टब्धैर्जीवाविद्यामयभूतसूक्ष्मैः** [७]**प्रातिस्विकैरदृष्टसहकृतैः प्रातिस्विकाः प्राणादय आरभ्यन्ते। ते च** [८]**कर्माक्षिप्तैर्देवैः** [९]**सूर्यादिभिरधिष्ठीयन्ते। कर्मणो भोगेनावसाने ते देवाः** [१०]**स्वस्थानं गच्छन्ति।** [११]**यच्च प्रातिस्विकं स्वाविद्याकार्यं तच्च** [१२]**सर्वं ब्रह्मैव सम्पद्यत इत्याह**—यानि चेत्यादिना।।७।।

अविद्यादि संसार बन्धन की निवृत्ति को ही ब्रह्मज्ञानी मोक्ष कहते हैं। कार्य रूप किसी लोक की प्राप्ति को मोक्ष नहीं कहते हैं।।६।।

मोक्षकाल में प्राणादि जो देह के आरम्भक कलायें हैं, वे सभी अपनी-अपनी प्रतिष्ठा यानी कारण में विलीन हो जाती हैं। 'प्रतिष्ठा' इस पद में द्वितीया विभक्ति का बहुवचन समझना चाहिये। प्रश्न उपनिषद् के षष्ठ प्रश्न में जो पन्द्रह संख्यावाली कलायें प्रसिद्ध हैं, उन्हीं का ग्रहण पञ्चदश कला, इस वाक्य से

---

१. अनन्तं वै नामेति-श्रुतेर्मुक्तस्यापि वामदेवादेर्नामानुवृत्तेस्तद्व्यतिरिक्ता इत्याशयेनाह—पञ्चदशेति। २. प्रतिष्ठाभूतादेवताः प्रतिदेवताः ताश्च सूर्यादयस्ततो हि प्रतिष्ठन्ते शक्त्यंशा इत्याशयेनाह—आदित्यादिष्विति। ३. नन्वाद्यान्त्यवाक्याभ्यां द्विरुक्तो लयः कथमित्याशङ्क्याद्येन सान्वयोऽन्त्येन तु निरन्वयो नाश उच्यत इति वाक्यविषयं विविनक्ति—स्वा इत्यादिना। ४. भूतांशानामिति-जीवाविद्यामयभूतसूक्ष्मावष्टम्भकानां मायामयमहाभूतांशानामित्यर्थः। ५. भौतिकानामिति-अवष्टम्भकभूतांशकार्यभागानामित्यर्थः। ६. नह्यधिकसत्ताकमनालम्ब्य न्यूनसत्ताकमवतिष्ठते, न ह्यैन्द्रजालिको लोष्टपाषाणादिकिञ्चिदीश्वरसृष्टमनादायैव किञ्चित्सृजतीति दृष्टं, स्वाप्नश्च प्रपञ्चो व्यवहारसिद्धमनोऽवष्टब्ध एवावभासत इत्याभिप्रेत्याह—मायामयेत्यादि। ७. प्रातिस्विकैरितिप्रतिजीवमविद्याभेदोऽभ्युपगतो भवति। ८. कर्माक्षिप्तैः कर्माऽऽनीतैस्तदावर्जितैरिति यावत्। ९. सूर्यादिभिरितितच्छक्त्यंशैरिति यावत्। १०. स्वस्थानमिति-यत आवर्जितास्तदित्यर्थः। ११. यच्च प्रातिस्विकं स्वाविद्येत्यादिएतेन विद्यया प्रातिस्विक्यविद्यैव निवर्तते, न तु माया। येनेतरेषां प्रपञ्चोपलम्भो न स्यादिति ध्वन्यते। न चैवं मुक्तोपसृप्यमेव ब्रह्म चेत्समायं तस्य तर्हि सा किं मुक्तिरिति शङ्कितव्यं ब्रह्मण्यतात्त्विकमायाया अविद्यावत्तैव दृश्यत्वेनाविद्यदृशा समायत्वेऽपि सविद्यानां निर्मायत्वात्। सान्वयलयोक्तिस्तु पुरस्ताद्व्यवहारिदृशैवेत्यवध्येयम्। १२. सर्वनाम्नः स्वेतरव्यवहर्त्रविद्याकार्यत्वात्तदवशेष इति ध्येयम्।

प्रवृत्तफलानामुपभोगेनैव क्षीयमाणत्वाद्विज्ञानमयश्चाऽऽत्माऽविद्याकृत[१]बुद्ध्याद्युपाधिम[२]ात्मत्वेन मत्वा जलादिषु [३]सूर्यादिप्रतिबिम्बवदिह प्रविष्टो देहभेदेषु [४]कर्मणां तत्फलार्थत्वात्[५]सह तेनैव विज्ञानमयेनाऽऽत्मना । [६]अतो विज्ञानमयो [७]विज्ञानप्रायः । त एते कर्माणि विज्ञानमयश्चाऽऽत्मोपाध्यपनये सति परेऽव्ययेऽनन्तेऽक्षये ब्रह्मण्याकाशकल्पेऽजेऽजरेऽमृतेऽभयेऽपूर्वेऽनपरेऽनन्तरे बाह्येऽद्वये शिवे शान्ते सर्व एकीभवन्त्यविशेषतां गच्छन्त्येकत्वमापद्यन्ते जलाद्याधारापनय इव सूर्यादिप्रतिबिम्बाः सूर्ये घटाद्यपनय इवाऽऽकाशे घटाद्याकाशाः ।।७।।

किया गया है। और देह के आश्रित नेत्र आदि इन्द्रियों में स्थित जो सभी देव हैं वे अपने समष्टि आदित्यादि में विलीन हो जाते हैं। और मुमुक्षुओं के द्वारा किये गये सभी संचित कर्म भी नष्ट हो जाते हैं। प्रारब्ध कर्म का तो भोग से ही नाश होता है, एवं अविद्याकृत बुद्धि आदि उपाधियों को अपने आत्मरूप से मानकर जलादि में जैसे सूर्य का प्रतिबिम्ब प्रविष्ट होता है, वैसे ही देह में आत्मा प्रविष्ट है। उस विज्ञानमय आत्मा के साथ ही परमात्मा का प्रवेश देह विशेष में बतलाया गया। सर्व सामान्य देह में केवल कर्म-फल का भोग होता है और मनुष्य देह में भोग के साथ नूतन कर्म भी होते रहते हैं। यही अन्य शरीर की अपेक्षा मनुष्य देह में विशेषता है। इस पुरुष को विज्ञानमय इसलिए कहा गया है कि इसमें ज्ञान की बहुलता है। वे सभी कर्म और विज्ञानमय आत्मा उपाधि के हटते ही देशकाल वस्तुकृत अन्त से रहित, आकाश के सदृश अजन्मा, अजर, अन्तरबाह्यशून्य, अमृत भय रहित व्यवधान शून्य, अद्वितीय, शान्त, कल्याण स्वरूप, अक्षय परमात्मा में एकीभूत हो जाते हैं, अर्थात् अविशेष भाव को प्राप्त हो जाते हैं। जैसे जल के आधार घटादि के नष्ट होते ही जलगत सूर्यादि के प्रतिबिम्ब सूर्य में मिल जाते हैं; और जैसे घटादि उपाधि के नष्ट होते ही घटादि से अवच्छिन्न आकाश महाकाश में मिल जाते हैं; ठीक वैसे ही पूर्वोक्त पञ्चदश कला, सभी देवता, कर्म और जीवात्मा परमात्मा के साथ अभेद-भाव प्राप्त हो जाते हैं।।७।।

और जैसे निरन्तर बहने वाली गङ्गादि नदियाँ समुद्र को प्राप्त कर अपने नाम रूप का परित्याग कर समुद्र में अभिन्न हो जाती हैं; वैसे ही तत्त्ववेत्ता अविद्याकृत नामरूपादि सम्पूर्ण संसार से मुक्त हो दिव्य पुरुष को प्राप्त कर लेता है। जो दिव्य पुरुष पूर्वोक्त अक्षर ब्रह्म से परे और जिसका लक्षण पहले बतला आये हैं ऐसे परात्पर दिव्य पुरुष को तत्त्वज्ञानी सहज में प्राप्त कर लेता है।।८।।

शङ्काः—अच्छे कार्यों में अनेक विघ्न आते हैं, यह बात प्रसिद्ध है। अतः अविद्यादि क्लेशों में किसी क्लेश द्वारा अथवा देवादियों के द्वारा विघ्न डालने पर ब्रह्मज्ञानी भी मरकर अन्य गति को प्राप्त करता है, ब्रह्म को नहीं, ऐसी सम्भावना हो सकती है?

समाधानः—ऐसा कहना ठीक नहीं। ब्रह्मविद्या के द्वारा ही सम्पूर्ण विघ्नों का नाश हो जाता है।

---

१. बुद्ध्याद्युपाधिमिति-साभासबुद्ध्यादिर्गृह्यते बुद्ध्यादिरुपाधिर्निमित्तं यस्येति तद्‌गुणसंविज्ञानबहुव्रीह्याश्रयणात्स एव विज्ञानमयः । २. साक्षिणस्ततोऽविवेकमाह—आत्मत्वेन मत्वेति। ३. स्वप्रतिबिम्बाक्रान्ततोयतादात्म्याद्‌भुवं प्रविष्टः सूर्यादिरिवेति दृष्टान्तमाह—सूर्यादीत्यादिना । ४. प्रवेशनिबन्धनं बध्नाति-कर्मणामिति । तस्यैव कर्मफलभोक्तृत्वादिति यावत् । ५. साक्षिणः स्वतः प्रवेशभोक्तृत्वे वारयति-सह तेनैवेति । साभासबुद्ध्यादिना सहेत्यर्थः । तद्द्वारैव प्रविष्ट इति यावत् । ६. अत इति-बुद्ध्याद्युपाधितादात्म्यादित्यर्थः । ७. प्राचुर्ये मयट्। प्राचुर्यं चेह प्राधान्यमित्याशयेन व्याचष्टे-विज्ञानप्राय इति।

यथा नद्यः स्यन्दमानाः समुद्रेऽस्तं गच्छन्ति नामरूपे विहाय।
तथा विद्वान्नामरूपाद्विमुक्तः परात्परं पुरुषमुपैति दिव्यम्।।८।।
स यो ह वै तत्परमं ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति नास्याब्रह्मवित्कुले भवति।
तरति शोकं तरति पाप्मानं गुहाग्रन्थिभ्यो विमुक्तोऽमृतो भवति।।९।।

[जैसे गङ्गा आदि नदियाँ निरन्तर बहती हुई समुद्र में पहुँचने पर अपने नाम-रूप को त्याग कर अविशेष भाव को प्राप्त हो जाती हैं, वैसे ही तत्त्वज्ञानी नाम-रूप से मुक्त होकर परात्पर दिव्य पुरुष को प्राप्त हो जाता है।।८।। लोक में जो कोई उस परब्रह्म को जान लेता है, वह ब्रह्म ही हो जाता है। उस विद्वान् के कुल में कोई अब्रह्मवित् नहीं होता है। वह इष्ट वियोगजनित सन्ताप को जीवित अवस्था में ही पारकर जाता हैं, धर्माधर्म रूप पाप को भी पारकर लेता है, एवं आत्मा और अनात्मा के अध्यास रूपी हृदय ग्रन्थियों से छूटकर अमर हो जाता है।।९।।

किञ्च यथा नद्यो गङ्गाद्याः स्यन्दमाना गच्छन्त्यः समुद्रे समुद्रं प्राप्यास्तमदर्शनमविशेषात्मभावं गच्छन्ति प्राप्नुवन्ति नाम च रूपं च नामरूपे विहाय हित्वा तथाऽविद्याकृतनाम[1]रूपाद्विमुक्तः सन्विद्वान्परादक्षरात्पूर्वोक्तात्परं दिव्यं पुरुषं [2]यथोक्तलक्षणमुपैत्युपगच्छति।।८।।

ननु श्रेयस्यनेके विघ्नाः [3]प्रसिद्धा अतः [4]क्लेशानामन्यतमेनान्येन वा [5]देवादिना च विघ्नितो ब्रह्मविदप्यन्यां गतिं मृतो गच्छति न ब्रह्मैव। न। विद्ययैव सर्वप्रतिबन्धस्यापनीतत्वात् । [6]अविद्याप्रतिबन्धमात्रो हि मोक्षो नान्यः प्रतिबन्धः। [7]नित्यत्वाद[8]त्मभूतत्वाच्च । तस्मात्स यः कश्चिद्ध वै लोके तत्परमं ब्रह्म वेद साक्षादहमेवास्मीति स नान्यां गतिं गच्छति । देवैरपि तस्य [9]ब्रह्मप्राप्तिं प्रति विघ्नो न शक्यते कर्तुम्। [10]"आत्मा ह्येषां स

।।८।। ।।९।।

मोक्ष का प्रतिबन्धक केवल अविद्या ही है, अन्य प्रतिबन्धक नहीं है, क्योंकि मोक्ष नित्य तथा आत्मरूप है। इसलिये वह जो कोई भी ब्रह्मज्ञानी इस लोक में साक्षात् 'मै ब्रह्म ही हूँ' इस प्रकार से उस परब्रह्म को जान लेता है वह अन्य गति को प्राप्त नहीं करता है। देवता भी उसे ब्रह्म प्राप्ति में विघ्न नहीं कर सकते क्योंकि वह तत्त्ववेत्ता इन देवताओं की भी आत्मा है। अतः ब्रह्म को जानने वाला ब्रह्म ही हो जाता है। इतना ही नहीं, बल्कि इस ब्रह्मज्ञानी के वंश में कोई अब्रह्मवित् पैदा नहीं होता और अनेक इष्ट

---

१. नामरूपेति-तत्र नाम्न्यभिमानविच्छेद एव तत्त्याग इत्यवधेयम्। मु.उ.१२. भाष्ये। २.यथोक्तलक्षणमिति-दिव्यो ह्यमूर्त इत्यादावुक्तलक्षणमित्यर्थः। ३.प्रसिद्धा इति- तथा च प्रसिद्धिः-श्रेयांसि बहुविघ्नानि भवन्ति महतामपीति। ४.क्लेशानामिति-अविद्याऽस्मितादीनामित्यर्थः । ५.देवादिनेति-एषां तन्न, प्रियं यदेतन्मनुष्या विद्युरिति श्रुतेरिति भावः। ६. विद्यापनेयसर्वप्रतिबन्धं स्फुटयति—अविद्येत्यादिना । ७. नित्यत्वादुत्पत्त्यभावेनोत्पत्तौ प्रतिबन्धाभावः । ८. आत्मभूतत्वेन च नित्यप्राप्तत्वात् प्राप्तौ तदभाव इति भावः। ९.विद्योदयं प्रत्येव देवादिविघ्ना इत्याशयेनाह- ब्रह्मप्राप्तिं प्रतीति। १०. श्रुतिमाह-आत्मा ह्येषां स भवतीति तस्य ह न देवाश्चनाभूत्या ईशत इत्यादिः।

तदेतदृचाऽभ्युक्तम् । क्रियावन्तः श्रोत्रिया ब्रह्मनिष्ठाः स्वयं जुह्वत एकर्षिं श्रद्धयन्तः । तेषामेवैतां ब्रह्मविद्यां वदेत शिरोव्रतं विधिवद्यैस्तु चीर्णम् ।।१०।।

[यही बात आगे की ऋचा में कही गई है, जो क्रियावान् श्रोत्रिय-ब्रह्मनिष्ठ स्वयं श्रद्धा से युक्त हो एकर्षि नामक अग्नि में हवन करने वाले हैं तथा जिन्होंने (अथर्ववेदियों का प्रसिद्ध शिर पर अग्नि धारण करना रूप) शिरोव्रत का विधिपूर्वक अनुष्ठान किया है, उन्हीं से यह ब्रह्मविद्या कहनी चाहिये दूसरे से नहीं।।१०।।

भवति"। तस्माद्ब्रह्म विद्वान्ब्रह्मैव भवति। किञ्च नास्य विदुषोऽब्रह्मवित्[1]कुले भवति। किञ्च तरति शोकमनेकेष्ट[2]वैकल्यनिमित्तं मानसं संतापं जीवन्नेवातिक्रान्तो भवति। तरति पाप्मानं धर्माधर्माख्यं गुहाग्रन्थिभ्यो हृदया[3]विद्याग्रन्थिभ्यो विमुक्तः सन्नमृतो भवतीत्युक्तमेव "भिद्यते [4]हृदयग्रन्थि" रित्यादि।।९।।

अथेदानीं ब्रह्मविद्यासम्प्रदानविध्युपप्रदर्शनेनोपसंहारः क्रियते। तदेतद्विद्यासम्प्रदानविधानमृचा मन्त्रेणाभ्युक्तमभिप्रकाशितम्। क्रियावन्तो[5]यथोक्तकर्मानुष्ठानयुक्ताः। श्रोत्रिया ब्रह्मनिष्ठा अपरस्मिन्ब्रह्मण्यभियुक्ताः परब्रह्म बुभुत्सवः स्वयमेकर्षिमेकर्षिनामानमग्निं जुह्वते जुह्वति श्रद्धयन्तः श्रद्दधानाः सन्तो ये तेषामेव संस्कृतात्मनां पात्रभूतानामेतां ब्रह्मविद्यां वदेत ब्रूयाच्छिरोव्रतं शिरस्यग्निधारणलक्षणम्। [6]यथाऽऽथर्वणानां वेदव्रतं प्रसिद्धम्। यस्तु यैश्च तच्चीर्णं विधिवद्यथाविधानं तेषामेव च।।१०।।

एतद्ग्रन्थद्वारकविद्याप्रदानेऽयं विधिराथर्वणिकानामिति प्रकृतपरामर्शकादेतच्छब्दादवगम्यते [8]ग्रन्थद्वारेण विद्यायाः प्रकृतत्वसम्भवान्न सर्वत्र[9] ब्रह्मविद्या[10]सम्प्रदानमिति सूचयन्नाह-एतां ब्रह्मविद्यां वदेतेति।।१०।।

वस्तुओं के वियोग से होने वाले मानस ताप को वह जीवित दशा में ही पार कर जाता है। पुण्य-पाप रूप जन्म के हेतुभूत पाप को भी नष्ट कर डालता है। हृदयस्थ अविद्या ग्रन्थि से छूटा हुआ वह जीवन मुक्त पुरुष अमरत्व एवं विदेह कैवल्य को प्राप्त कर लेता है। यही बात 'भिद्यते हृदयग्रन्थिः' इत्यादि मन्त्र से कही जा चुकी है।।९।।

अब ब्रह्मविद्या प्रदान करने तथा ग्रहण करने की विधि उपदर्शन द्वारा उपसंहार किया जाता

---

१. कुले शिष्यादिवंशे चेत्यर्थः। २. वैकल्यं वियोगः। ३. अविद्याग्रन्थिभ्योऽविद्यावासनाप्रचयेभ्यः ४. मु.उ. २-२-८। ५. यथोक्तकर्मेति-निष्कामकर्मविवक्षितम्। ६. सम्प्रदायज्ञतयाऽऽह-यथेत्यादि। एतेन शिरसा गुर्वाज्ञाधारणमेव शिरोव्रतमित्यादिप्रलपन्तो बाह्याः पराहता वेदितव्याः। ७. वेदव्रतम्-शिरस्याग्निधारणात्मकमेव वेदाध्ययनाङ्गं व्रतम्। ८. विद्या हि वाक्योत्थवृत्तिर्न च सा प्रकृतेति कथमेतच्छब्द-परामृश्येत्याशङ्क्याह- ग्रन्थेति। ९. सर्वत्रेति—सर्वोपनिषदीयेत्यर्थः १०. सम्प्रदानमिति-एतद्विधानमपेक्षत इति शेषः।

तदेतत्सत्यमृषिरङ्गिराः पुरोवाच नैतदचीर्णव्रतोऽधीते।
नमः परमऋषिभ्यो नमः परमऋषिभ्यः ।।११।।

इति तुतीयमुण्डके द्वितीय खण्डः।।२।।

ॐ भद्रं कर्णेभिरिति शान्तिः।।३।।

।। इति मुण्डकोपनिषत्समाप्ता।।

।।ॐ तत्सत्।।

[उस इस अक्षर पुरुष सत्य को अङ्गिरा नाम ऋषि ने पूर्वकाल में (विधिपूर्वक अपने समीप आये हुए शौनक जी से) कहा था। जिसने शिरोव्रत का विधिपूर्वक अनुष्ठान नहीं किया, वह इस विद्या का अध्ययन नहीं कर सकता है। परमर्षियों को नमस्कार है, परमर्षियों को नमस्कार है, द्विरुक्ति आदरार्थ है।।११।।

।। इति तृतीयमुण्डके द्वितीयः खण्डः समाप्तः।।

।। इति मुण्डकोपनिषत्समाप्ता।।

तदेतदक्षरं [1]पुरुषं सत्यमृषिरङ्गिरा नाम पुरा पूर्वं शौनकाय विधिवदुपसन्नाय पृष्टवत उवाच। तद्वदन्योऽपि तथैव श्रेयोऽर्थिने मुमुक्षवे मोक्षार्थं विधिवदुपसन्नाय ब्रूयादित्यर्थः। नैतद्ग्रन्थरूपमचीर्णव्रतोऽचरितव्रतोऽ[2]प्यधीते न पठति । चीर्णव्रतस्य हि विद्या फलाय ।।११।।

है। वेदमन्त्र द्वारा उस विद्या के सम्प्रदान का विधान प्रकाशित किया गया है अर्थात् इस मुण्डक उपनिषत् में कही गयी ब्रह्मविद्या की प्राप्ति के लिये कुछ विशेष साधन अपेक्षित है। उसे मन्त्र द्वारा कहा गया है। जो शास्त्रोक्त कर्मानुष्ठान से युक्त क्रियावान् हैं, जिन्होंने अङ्ग सहित वेदों का अध्ययन कर रखा है, एवं अपर ब्रह्म में जिनकी निष्ठा है, और परब्रह्म को जानना चाहते हैं 'ऐसे श्रद्धालु पुरुष स्वयं एकर्षिनाम अग्नि में हवन करते हैं' उस विशुद्ध अन्तःकरण वाले ब्रह्मविद्या के पात्र साधक को ही इस मुण्डकोक्त ब्रह्मविद्या का उपदेश करें। साथ ही शिर पर अग्नि का धारण करना रूप शिरोव्रत जिन्होंने किया है। आथर्वणिकों के लिए उक्त शिरोव्रत वेदाध्ययन के लिए प्रसिद्ध है। ऐसे शिरोव्रत का शास्त्र विधि से जिन्होंने अनुष्ठान किया उन्हीं को मुण्डकोक्त ब्रह्मविद्या का उपदेश करना चाहिए।

इस मन्त्र में कहे गये शिरोव्रत व्याख्यान से मुण्डक इस नाम का व्याख्यान भी समझ लेना चाहिये अर्थात् मुण्ड का अर्थ शिर होता है, उस पर अग्नि धारण करके इसका अभ्यास किये जाने के कारण ही इसे मुण्डक कहते हैं। अतः किसी-किसी व्याख्यानकार ने मुण्डक का अर्थ जो किया है कि इस विद्या को पढ़ने के लिये शिर का मुण्डन कराना आवश्यक है अथवा इसके पढ़ने वाले को अन्त में शिर मुण्डाना ही पड़ता है। यह कथन अनर्गल प्रलाप और निराधार है। इसीलिए इस उपनिषद् की दीपिका नामक टीका में स्पष्ट रूप से लिख दिया कि 'शिर पर अग्निधारण करना व्रत के कारण से ही इस ग्रन्थ का नाम मुण्डक पड़ गया।।१०।।

---

१. पुरुषमुवाचेत्यन्वयः।　　२.नाप्यधीत इति पाठान्तरम्।

संस्कृता भवतीति । समाप्ता ब्रह्मविद्या सा येभ्यो ब्रह्मादिभ्यः पारम्पर्यक्रमेण संप्राप्ता तेभ्यो नमः परमऋषिभ्यः । परमं ब्रह्म [1]साक्षाद्दृष्टवन्तो ये ब्रह्मादयो[2]ऽवगतवन्तश्च ते परमर्षयस्तेभ्यो भूयोऽपि नमः। द्विर्वचनमत्यादरार्थं मुण्डकसमाप्त्यर्थं च।।११।।

इति तृतीयमुण्डकोपनिषद्भाष्ये द्वितीयः खण्डः ।।२।।

इति श्रीमद्गोविन्दभगवत्पूज्यपादशिष्यस्य परमहंसपरिव्राजकाचार्यस्य श्रीमच्छंकरभगवतः कृतावाथर्वणमुण्डकोप निषद्भाष्यं समाप्तम्।।

इति तृतीयमुण्डके द्वितीयः खण्डः।।२।।

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीमदानन्दज्ञानविरचितं मुण्डकोपनिषद्भाष्यव्याख्यानं समाप्तम्।।

उसी इस सत्य अक्षर पुरुष का उपदेश बहुत प्राचीन काल में विधिपूर्वक शिष्य भाव से आकर प्रश्न करने वाले शौनक ऋषि से अङ्गिरा ऋषि ने किया था, ठीक वैसे ही आज अन्य भी तत्त्वज्ञानी उसी प्रकार कल्याण कामी मोक्ष के लिये विधि पूर्वक गुरु की शरण में आये हुए मुमुक्षु को बतलावें। यह इसका तात्पर्य है, जिसने पूर्वोक्त शिरोव्रत का अनुष्ठान नहीं किया वह इस ग्रन्थ का अध्ययन भी नहीं कर सकता, क्योंकि शिरोव्रत अनुष्ठान से संस्कृत हुई विद्या ही फल देने में उपयुक्त होती है। क्रमशः ब्रह्मा से लेकर शौनक पर्यन्त आयी हुई जो ब्रह्मविद्या है वह समाप्त हुई। इस विद्या की परम्परा में आये हुये ब्रह्मादि जिन सभी तत्त्ववेत्ताओं ने उस परतत्त्व ब्रह्म को साक्षात् दर्शन किया है, वे सब परम ऋषि हैं। ऐसी ब्रह्मविद्या के प्रवर्त्तक परम ऋषियों को बारम्बार नमस्कार है दोबार 'नमः परम- ऋषिभ्यः' इसका उच्चारण आदर के लिये और मुण्डकोपनिषत् की समाप्ति बतलाने के लिये किया गया है।।११।।

इस प्रकार अथर्ववेदीय मुण्डकोपनिषत् की श्रीमच्छङ्करभगवत्पादविरचित

शाङ्करभाष्य की श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यकैलासपीठीधीश्वर

महामण्डलेश्वर श्री स्वामी विद्यानन्दगिरि

कृता भाष्यार्थदीपिका नामक हिन्दी व्याख्या समाप्त हुई।

।।श्रीशङ्करः प्रीयताम्।।

---

१. साक्षाद्दृष्टवन्त इति–यथाग्निवाय्विन्द्रास्तथा च श्रुतिस्ते ह्येतन्नेदिष्ठं पस्पृशुरिति। २. अवगतवन्तश्च प्रत्यक्तयेत्यर्थः । यद्वा यत्साक्षादपरोक्षाद्ब्रह्मेति श्रुतेरहमिति चात्मत्वेन साक्षाद्भासमानत्वेऽपि यथा नेतरेषां ब्रह्मत्वेन तदवगतिर्न तथा येषां ब्रह्मादीनामित्यभिप्रेत्य विशिनष्टि—अवगतवन्तश्चेति।

स्वबोधशुद्धिकामेन विष्णुदेवेन भिक्षुणा।
अधीत्याचार्यपादेभ्यष्टिप्पणं शुभमङ्कितम्।।

इति श्रीशाङ्करभाष्योपेतमुण्डकोपनिषदः

श्रीमन्महामण्डलेश्वरस्वामिगोविन्दानन्दगिरिपादशिष्यविद्यावाचस्पति-श्रीमन्महामण्डलेश्वरस्वामिविष्णुदेवानन्दगिरिविरचिता गोविन्दप्रसादिनीटिप्पणीसमाप्तिङ्गता।।

श्री कैलास आश्रम ब्रह्मविद्यापीठ, ऋषिकेश

परमहंसपरिव्राजकाचार्य श्रोत्रियब्रह्मनिष्ठ पदवाक्यप्रमाणपारावारीण

श्रीकैलासपीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर

अनन्तश्री स्वामी दिव्यानन्द सरस्वती जी महाराज

मुख्य कार्यालय– **श्री कैलासाश्रम**, ऋषिकेश (उत्तराखण्ड)—पिन : २४९१३७